असतो मा सद्गमय।
तमसो मा ज्योतिर्गमय।

- बृहदारण्यक उपनिषद्

ICSSR

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्

अरुणा आसफ अली मार्ग, ज. ने. वि. संस्थान क्षेत्र, नई दिल्ली - 110067
दूरभाष : 26741849/50/51 | ई-मेल : info@icssr.org वेबसाइट : www.icssr.org

ICSSR

भा. सा. वि. अ. प. वार्षिक रिपोर्ट 2020 -21

ICSSR

वार्षिक रिपोर्ट
2020 -21

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्

शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार

वार्षिक रिपोर्ट
2020–21

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्

अरुणा आसफ अली मार्ग,

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय संस्थान क्षेत्र,

नई दिल्ली–110067

विषय सूची

कार्यक्रम **1—53**

1. सिंहावलोकन 3—7
2. अनुसंधान प्रोत्साहन 8—23
   - अनुसंधान परियोजनाएं 8
   - अनुसंधान अध्येतावृत्तियाँ 11
   - राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार/सम्मेलन 16
   - प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम 17
   - अनुसंधान सर्वेक्षण एवं प्रकाशन 18
   - राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र (नेसडॉक) (एनएएसएसडीओसी) 20
   - भा.सा.वि.अ.प. गतिविधियों के आउटरीच पर मात्रात्मक जानकारी 23
3. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग 24—32
4. इंपेक्टफुल पॉलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज (इम्प्रेस) योजना 33—39
5. भा.सा.वि.अ.प. के क्षेत्रीय केंद्र 40—45
6. भा.सा.वि.अ.प. अनुसन्धान संस्थान 46—53

परिशिष्ट **55—308**

1. परिषद् के सदस्यों की सूची 57—59
2. भा.सा.वि.अ.प. के वरिष्ठ अधिकारीगण 60—61
3. अनुसंधान कार्यक्रम/परियोजनाएं 62—98
   - अनुसंधान कार्यक्रम 62—64
   - कोविड—19 पर विशेष कॉल के तहत स्वीकृत परियोजनाएं 64—68
   - वृहद अनुसंधान परियोजनाएं 68—75

	लघु अनुसंधान परियोजना	75—83
	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त	83—94
	रिसर्च जर्नल्स में प्रकाशित पेपर्स (UGC Care List, Scopus)	94—98
4.	अनुसंधान अध्येतावृत्तियाँ	99—169
	प्राप्त अंतिम रिपोर्ट	113—122
	वरिष्ठ / पोस्ट डॉक्टोरल अध्येताओं द्वारा रिसर्च जर्नल्स में प्रकाशित पेपर्स	122—127
	डॉक्टोरल अध्येताओं द्वारा प्रकाशित पेपर्स	161—169
5.	भारत में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों / संगोष्ठियों के आयोजन के लिए प्रदत्त वित्तीय सहायता	170—172
6.	प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम	173—174
7.	प्रकाशन अनुदान	175—178
8.	राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र (नैसडॉक) द्वारा संकलित ग्रंथसूचियाँ (बिबलियोग्राफी)	179
9.	भा.सा.वि.अ.प. के क्षेत्रीय केंद्रों की प्रमुख गतिविधियाँ	180—187
10.	भा.सा.वि.अ.प. (आई.सी.एस.एस.आर.) अनुसंधान संस्थानों की प्रमुख गतिविधियां / कार्यकलाप	188—263
11.	इम्प्रेस योजना के अंतर्गत स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाएं	264—308
	रिसर्च जर्नल्स में प्रकाशित पेपर्स	269—273
लघुरूप		**309—313**
वार्षिक लेखे		**315—367**

"प्रस्तुत प्रतिवेदन मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित वार्षिक रिपोर्ट जिसमें पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन भी शामिल है का हिंदी अनुवाद है। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित प्रतिवेदन मान्य होगा।"

कार्यक्रम

1

सिंहावलोकन

ऐसा व्यापक रूप से माना जाता है कि समाज और उसकी कार्य–प्रणाली को अच्छे से समझने में सामाजिक विज्ञान में हुए अनुसंधान बहुत सहायक है, यह सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए नीतिगत सहायता प्रदान करता है जिसका उपयोग शिक्षण और अनुसंधान में किया जा सकता है। इस प्रकार, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान समाज और देश को महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करता है।

भारत में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान की एक लंबी और समृद्ध परंपरा रही है। भारत के विभिन्न हिस्सों में शिक्षा के वैश्विक केंद्रो के रूप में तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी, पुष्पगिरी और सोमपुरा जैसे विश्वविद्यालय विकसित हुए। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जाने वाले प्रमुख विषयों में वेद, वेदांत, आयुर्वेद, चिकित्सा और शल्य चिकित्सा, न्यायशास्त्र, गणित, खगोल विज्ञान, भौतिकी, धातुविज्ञान, सिविल इंजीनियरिंग, वास्तुकला, दर्शन, व्याकरण, कृषि, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, राजनीति, राज्य शिल्प, सैन्य शिक्षा, साहित्य, शिल्प आदि सम्मिलित थे और इन विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में दुनिया भर के विद्वानों के लिए बहुत उच्च मानक स्थापित किये गये थे। भारतीय शिक्षा की इसी शिक्षा–प्रणाली ने आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, जीवक कोमारभक्का, महावीराचार्य, चरक, सुश्रुत, बौधायन, चाणक्य, ब्रह्मगुप्त, पाणिनी, पतंजलि, नागार्जुन, पिंगला, गार्गी, कणाद, वराहमिहिर, तिरुवल्लुवर आदि जैसे महान एवं उच्च–कोटि के विद्वानों को पैदा किया है।

हालांकि, हमारे देश में सामाजिक विज्ञान में शिक्षण और अनुसंधान की औपचारिक शुरूआत 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आधुनिक विश्वविद्यालय प्रणाली के अंतर्गत हुई। इसके साथ हीं मुंबई विश्वविद्यालय (1857), मद्रास विश्वविद्यालय (1857), कलकत्ता (1857) और इलाहाबाद विश्वविद्यालय (1875) अस्तित्व में आए। आजादी के बाद सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा प्रणाली में तेजी से विस्तार हुआ और उसी के साथ सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की वास्तविक जरूरत महसूस होने लगी। चूंकि देश की विकास प्रक्रिया ने कई और विविध समस्याओं को जन्म दिया, जिनके लिए व्यापक शोध और विश्लेषण की आवश्यकता पड़ी। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के द्वारा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की परिस्थिति का अवलोकन करने के लिए प्रोफेसर वी.के.आर.वी. राव की अध्यक्षता में 1965 में एक समिति गठित की गयी। इसके साथ हीं देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिदृश्य की समीक्षा करने और इसकी प्रगति में तेजी लाने की बात कही गयी। इस प्रकार भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साईंस रिसर्च) (ICSSR) की स्थापना 1969 में भारत सरकार द्वारा देश में सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने, बढ़ावा देने एवं वित्तीय सहायता के लिए की गयी।

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत यह एक स्वायत्त संस्था है जो देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित प्रमुख 24 अनुसंधान संस्थानों (अनुदान सहायता), पाँच मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों और छः क्षेत्रीय केंद्रों के साथ एक प्रमुख संगठन के रूप में काम कर रहा हैं।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के मेमोरेंडम ऑफ एसोसीएशन (MoA) में निर्धारित लक्ष्य और उद्देश्य निम्नलिखित हैंः

- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा एवं सर्वेक्षण करने के साथ नीतिगत मुद्दों पर सरकार को सलाह देना,
- विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/अनुसंधान संस्थानों में सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देना और अनुदान की सहायता करना,
- सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शोधकर्ताओं और संकायों को डॉक्टोरल, पोस्ट–डॉक्टोरल, वरिष्ठ और राष्ट्रीय अध्येतावृतियाँ प्रदान करना,
- शोधकर्त्ताओं और संस्थाओं को लघु, वृहद और समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं को प्रदत्त करना,

- सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान के प्रचार–प्रसार के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना,
- युवा शोधार्थियों एवं संस्थाओं के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण जैसे कार्यक्रमों का प्रायोजित करना एवं सहयोग देना,
- अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और आँकड़ा संग्रह के लिए शोधार्थियों और संस्थाओं को अनुदान प्रदान करना,
- मान्यता प्राप्त विदेशी अनुसंधान वित्त पोषण संस्था के साथ सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना,
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान से सम्बंधित पत्रिकाओं और पुस्तकों के प्रकाशन के लिए अनुदान देना और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में कार्य कर रहे संघो/संगठनों को भी सशक्त करना,
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के लिए पुस्तकालय, प्रलेखन, आँकड़े और ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करना तथा
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में ऐसे विषयों की ओर ध्यान देना जो उपेक्षित और नए है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद पिछले 52 वर्षों से देश में सामाजिक विज्ञान में हो रहे अनुसंधान को सक्रिय रूप से बढ़ावा और वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। यह राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर अनुसंधान के विषयों का अध्ययन करने के लिए अपने संस्थानों (अनुदान सहायता) को नियमित रूप से रखरखाव और विकास के लिए अनुदान प्रदान करता है। यह अपने छह क्षेत्रीय केंद्रों का भी पूरी तरह से सहयोग करता है, जो इसके कार्यक्रमों और योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अपने क्षेत्रों में इसका प्रतिनिधित्व करते हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परियोजना के तहत यूनाइटेड किंगडम, जापान, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, स्विट्जरलैंड, श्रीलंका, वियतनाम, फिलीपींस, नीदरलैंड, स्वीडन, ताइवान, बोस्निया और हर्जेगोविना सहित 14 देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोगात्मक समझौतों पर काम कर रहा हैं और 'सांस्कृतिक आदान–प्रदान' जैसी गतिविधियों के लिए तीन देशों फ्रांस, चीन और थाईलैंड के साथ मिल कर कार्य कर रहा है जिससे विद्वानों का आदान–प्रदान, संयुक्त सेमिनार, शोध परियोजनाओं, प्रकाशनों, पुस्तकों और पत्रिकाओं का आदान–प्रदान किया जा सके। इतना ही नहीं, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान जैसे संगठनों के द्वारा प्रायोजित गतिविधियों में भी भाग लेता है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी), एशिया विज्ञान परिषद (एससीए) और यूनेस्को जैसे संगठन शामिल हैं। यूनेस्को द्वारा आयोजित कार्यक्रम मोस्ट (सामाजिक परिवर्तन का प्रबंधन) में भाग लेने के साथ गतिविधियों और उसके कार्यान्वयन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को देखते हुए परिषद् ने इसे नोडल एजेंसी के रूप में पहचाना है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा अभी तक 6793 लघु, वृहद् और सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं पर काम किया जा चुका है। इसने 8,658 डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ (6515 पूर्णकालिक और 2143 अल्पकालिक) 2574 पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति, 795 वरिष्ठ अध्येतावृत्ति और 174 राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति प्रदान की हैं। इसके द्वारा 4162 राष्ट्रीय और 1132 अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों/सम्मेलनों को प्रायोजित किया जा चुका है। इसके साथ हीं परिषद ने विदेशों में आयोजित संगोष्ठियों में भाग लेने के लिए 2144 विद्वानों और विदेशों में आँकड़े संग्रह के लिए 458 विद्वानों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के द्वारा युवा शोधकर्ताओं और संकायों के विकास के लिए 1044 प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को प्रायोजित किया जा चुका है। इतना हीं नहीं, इसने 1853 विद्वानों को उनके डॉक्टोरल थीसिस/परियोजनाओं/फैलोशिप रिपोर्ट/सम्मेलन आदि को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के द्वारा 1008 सामाजिक विज्ञान पत्रिकाओं और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान से सम्बंधित गतिविधियों में शामिल 374 पेशेवर संघों को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान की गयी है। इसने देश में सामाजिक विज्ञान के कुछ विषयों जैसे अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और सामाजिक नृविज्ञान, भूगोल और मनोविज्ञान में अनुसंधान की वर्तमान स्थिति को समझने के लिए छह बार सर्वेक्षण भी किए हैं। इसके द्वारा किए गये सर्वेक्षणों को सेज, पियर्सन और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) आदि जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशकों के सहयोग से प्रकाशित भी किया गया है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के द्वारा 'द इंडियन सोशल साइंस रिव्यू' नामक प्रतिष्ठित पत्रिका प्रकाशित किया जाता था। हालाँकि इसे 2011 में बंद कर दिया गया था। अब, इसे फिर से आरंभ करने की पूरी योजना बन चुकी है जिसके लिए शोध पत्र और लेख आमंत्रित किए गए हैं, और इसकी समीक्षा प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा की जा रही है। इसके अलावा, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद अपने राष्ट्रीय सोशल साइंस डाक्यूमेंट सेंटर (एनएएसएसडीओसी) के माध्यम से

देश भर में कई हजार सामाजिक विज्ञान के विद्वानों और संकायों को अनुसंधान के लिए पुस्तकालय, प्रलेखन, आँकड़े और ई–संसाधन जैसी सेवाएँ प्रदान करता है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, भारत सरकार की आवश्यकतानुसार नीतिगत प्रासंगिक मुद्दों पर अपनी शोध–आधारित सलाह देता रहा है और इसकी यू.के. के साथ न्यूटन और विवेकानंद पर आयोजित कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भागीदारी रही। इसने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों जैसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय सहित अनेक अन्य मंत्रालयों के लिए अध्ययन भी किया है और इसके द्वारा किए गए अध्ययनों का उल्लेख मंत्रालयों एवं योजना आयोग के विभिन्न नीति कार्यपत्रों में हुआ है। इसके अलावा, इसके सदस्य सचिव और परिषद् के अन्य सदस्यों ने नियमित रूप से अन्य सरकारी संगठनों जैसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारतीय सांख्यिकी संस्थान, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर), भारतीय वैश्विक परिषद्, भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान आदि के साथ मिलकर नीति निर्माण या कार्यान्वयन के विचार–विमर्श में उपस्थित हीं नहीं रहें बल्कि अपना योगदान भी दिया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के कई अधिकारियों ने भी परिषद् की विभिन्न योजनाओं पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने अपने 52 वर्ष पूरे कर लिए हैं, यह भारत में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को दिशा–निर्देश देने और वैश्विक स्तर पर सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सक्रिय रूप से काम करता है जिसके दौरान इसे अनेकों अवसरों के साथ–साथ महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 1014 विश्वविद्यालय हैं जिसमें केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या 54, राज्य स्तर के विश्वविद्यालयों की संख्या 439, निजी विश्वविद्यालयों की संख्या 395 और डीम्ड विश्वविद्यालयों की संख्या 126 हैं। इसी प्रकार, अंतर्राष्ट्रीय मानक शृंखला संख्या (आईएसएसएन) और उलरिच अंतर्राष्ट्रीय आवधिक निर्देशिका डेटा पुस्तकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 2000–2015 की अवधि के दौरान भारत में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रकाशित पत्रिकाओं की संख्या 2131 थी।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के समीक्षा रिपोर्ट (2007) में ऐसा उल्लेख किया गया है कि देश में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान के पैमाने और सीमा का विस्तार हुआ है, इसके साथ ही अधिकांश संस्थानों में हो रहे शोध की गुणवत्ता के साथ–साथ सामाजिक–आर्थिक प्रक्रियाओं को बेहतर तरीके से समझने और सार्वजनिक नीतिओं को आकार देने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है जो कि अपेक्षाओं से कम है। देश का कीमती संसाधन अनुसंधान करने में खर्च होता है ऐसे में शोध की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। आज हमारे सामने शोध में गुणवत्ता का प्रश्न सामाजिक विज्ञान सहित देश में अनुसंधान के सभी क्षेत्रों के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसको ध्यान में रखते हुए, 'नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF)' की शुरुआत 2015 में की गयी, जिससे अनुसंधान के क्षेत्र में हो रहें कार्य पर अधिक ध्यान दिया गया है। क्योंकि किसी भी संस्थान या विश्वविद्यालयों के द्वारा किए गये शोध एवं उससे हुए विकास के आधार पर ही रैंकिंग निर्भर करती है। भारतीय संस्थानों और विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार के लिए अनुसंधान में गुणवत्ता की संस्कृति को बढ़ाने की आवश्यकता हैं। जिसके लिए नीति निर्माताओं को नई रणनीतियों और सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं को अपनाना जरूरी हो गया है। इस प्रकार, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् अपने से संबद्ध सभी संस्थानों और विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय और वैश्विक रैंकिंग में सुधार करने में सहायता करने के साथ शोध में गुणवत्ता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उन्नत, और अत्याधुनिक शोध को बढ़ावा दे रहा है, जिससे उसे कई स्तरों पर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा गुणवत्तापूर्ण शोध की मजबूत संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाता रहा है। इसी कारण, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता हैं। यह हमारे देश के लिए एक लाभप्रद स्थिति कही जा सकती है।

व्यापक रूप से ऐसा कहा जाता है कि 21वीं सदी एशिया के नाम है, जहां भारत, जापान और चीन प्रमुखता से अग्रणी भूमिका में है। पिछले तीन दशकों से भारत और चीन तीव्र गति से उभर रहे हैं। शीत युद्ध की समाप्ति और वैश्वीकरण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत को क्षेत्रीय और वैश्विक स्तरों पर अपनी स्थिति और भूमिका को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है। 1990 के दशक के आर्थिक उदारीकरण के बाद से, भारत की वैश्विक स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। लगभग ढाई दशकों से अधिक समय से भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से अब एक माना जाने लगा है। और यह संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद (जीडीपी के संदर्भ में) दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इतना हीं नहीं

आज भारत के क्रय–शक्ति के संदर्भ में बात की जाए तो यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले कुछ वर्षों में यह विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से हो सकता है। विश्व आज सामान्य अनुसंधान के क्षेत्र में बहुत सारी चिंताओं को लेकर संगठित हैं। ऐसे में कुछ राष्ट्र इन मौजूदा समस्याओं को समझने और उनका संभावित समाधान खोजने की दृष्टि से जागरूक हैं और वे चाहते है कि उनकी समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान निकाला जाए, जैसे कि बढ़ती जनसंख्या, राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास पैटर्न, जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन, स्थिरता, प्रवास, शहरी आधारभूत संरचना, समावेशिता आदि। जैसे कि ये भारत की कुछ विशिष्ट चिंताएं हो सकती हैं। इसलिए कई बार राष्ट्र आपस में मिलकर अपनी एक जैसी समस्याओं के लिए संगठित हो जाते है। और इसी तरह अनुसंधान संबंधी चिंताओं के संदर्भ में अभिसरण करते हैं।

ज्ञान निर्माण (शिक्षा निर्माण) में वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाने की भारत की आकांक्षा अनुसंधान की क्षमताओं और बुनियादी ढांचे पर टिकी हुई है। अंततः किसी भी शोध का उद्देश्य समाज की सेवा के साथ नीति–निर्माण और उसके उद्देश्य के मूल्यांकन में योगदान देना होना चाहिए। साथ ही, इसका उद्देश्य अनुसंधान कार्य को आधुनिक शोध विषयों के सीमित क्षेत्र को पार कर अंतर और बहु–विषयकता की ओर अग्रसर होना चाहिए। ऐसे में कई विषय अपने संसाधनों के माध्यम से बड़े सामान्य कल्याण के उद्देश्य को प्राप्त करते हैं। इस संबंध में, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह इस तरह के अंतर या बहु–विषयक शोधों को बढ़ावा देते रहा है। यहां तक कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए नए विषयों की अधिक स्वीकार्यता हो और समाज को उन विकासों को स्वीकार करने और अनुकूलित करने के लिए तैयार करने के लिए एक सामाजिक विज्ञान परिप्रेक्ष्य की आवश्यकता होती है। सौभाग्य से, मजबूत अनुसंधान और नवाचार के आधार के इन सभी पहलुओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के मसौदे में अच्छी तरह से शामिल कर लिया गया है, जिसमें इन विषयों को रेखांकित किया गया है–''समाज के उत्थान के लिए केंद्रीय रूप से बड़ी और जीवंत अर्थव्यवस्था के निर्माण एवं इसे विकसित करने और बनाए रखने में ज्ञान और अनुसंधान की एक महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

ज्ञान और अनुसंधान लगातार राष्ट्र को और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते रहता है। ''आज दुनिया में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के साथ अनुसंधान एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के लिए शायद पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है...........।''

वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी वातावरण में भारत की दावेदारी को प्रमुखता से देखा जाता है, और इसलिए ऐसी उम्मीद की जाती है कि भारत का वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में एक बड़ा हिस्सा होगा। शोध के क्षेत्र में हो रहें नए शोध कार्य कई प्रतिमान बदलाव की ओर ले जा सकते हैं और औपनिवेशिक अवधारणाओं और सिद्धांतों को चुनौती भी दे रहें हैं। देश में हमारी समस्याओं को पश्चिमी देशों के मापदंडो के माध्यम से देखने के बजाय अपनी सामाजिक–राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर विश्लेषण करने पर अधिक जोर दिया जाने लगा है। इस तरह आज हम शोध के विभिन्न विषयों के माध्यम से स्थानीय, सामुदायिक और देश की विशिष्ट समस्याओं को हल करने और नवीन समाधान और विकल्प सुझाने के लिए बेहतर स्थिति में हैं।

सरकार और अन्य शोध संगठनों के समर्थन से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में बड़ा योगदान देने में समर्थ है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में हो रहें प्रकाशनों (स्कोपस सांख्यिकी) से ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है कि जिस प्रकार भारत की विकास दर बढ़ी है आने वाले वर्षों के लिए एक मजबूत संकेतक है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद अपनी नई भूमिकाओं के प्रति अत्यधिक जागरूक है, और उसके द्वारा इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं। अब यह अपने कार्यक्रमों और योजनाओं के मात्रात्मक विस्तार और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वर्ष 2020–21 के दौरान, परिषद ने देश में गुणवत्तापूर्ण सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए कई सौ अध्येताओं, संकायों और अनुसंधान संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की है जैसा कि तालिका संख्या 1.1 में दिया गया है।

तालिका 1.1
वार्षिक गतिविधियों पर एक नजर (2020–21)

क्र. सं.	कार्यक्रम/परियोजना/सेवा का नाम	लाभार्थियों की संख्या
1.	अनुसंधान परियोजनाएं (प्रदत्त) (लघु, वृहद एवं इम्प्रेस (IMPRESS) योजना)	74
2.	अनुसंधान परियोजनाओं की प्राप्त अंतिम रिपोर्ट (गत वर्षों की)	345
3.	राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ (प्रगति में)	04
4.	वरिष्ठ अध्येतावृत्तियाँ (प्रगति में)	44
5.	पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ (प्रगति में)	256
6.	डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ (प्रगति में)	465
7.	प्राप्त अध्येतावृत्ति रिपोर्ट (राष्ट्रीय, वरिष्ठ, पोस्ट–डॉक्टोरल एवं डॉक्टोरल) (पिछले वर्षों से संबंधित)	488
8.	रिसर्च पेपर प्रकाशित (रिसर्च प्रोग्राम/प्रोजेक्ट/इंप्रेस एवं फैलोशिप रिपोर्ट के आधार पर)	414
9.	अनुसंधान रिपोर्ट/डॉक्टोरल थीसिस आदि के लिए प्रकाशन अनुदान	15
10.	सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए तदर्थ अनुदान	33
11.	रख–रखाव और व्यावसायिक विकास के लिए सामाजिक वैज्ञानिकों के संघों/ संगठनों को तदर्थ अनुदान	07
12.	पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाओं के लाभार्थी	3975
13.	अनुसंधान पद्धति और क्षमता निर्माण कार्यक्रम में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	15
14.	अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय संगोष्ठियों के आयोजन के लिए स्वीकृत प्रस्ताव (इंप्रेस योजना सहित)	57
15.	भा.सा.वि.अ.प. अनुसंधान संस्थानों से प्राप्त अनुसंधान आउटपुट (प्रकाशन)	
	क) पुस्तकें/रिपोर्ट	157
	ख) वर्किंग पेपर्स/मोनोग्राफ	335
	ग) अनुसंधान लेख	673

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की **'संगठनात्मक संरचना'** इस प्रकार है– भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था, जिसे परिषद् के रूप में जाना जाता है, 27 सदस्य हैं, जिसमें 'परिषद्' के अध्यक्ष और सदस्य–सचिव भी शामिल है। यह 18 समाजिक वैज्ञानिकों, एक सह–चयनित सदस्य और सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले 6 पदेन सदस्यों के साथ अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ दे रहा हैं। परिषद के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–1 में दी गई है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् का 'सदस्य सचिव' सचिवालय के प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी होते हैं, जिसके अंतर्गत निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक और अन्य अधिकारी आते हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अधिकारी, अपने सामान्य आधिकारिक कर्तव्यों के अलावा, शोध पत्रों, संपादित पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि में लेखों के माध्यम से योगदान देते रहते हैं और रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान समय समय पर व्याख्यान भी देते रहे हैं।

अनुसंधान समिति (आर.सी.), अनुसंधान संस्थान समिति (आर.आई.सी.), और योजना और प्रशासन समिति (पी.ए.सी.) परिषद की तीन स्थायी समितियां हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने, अनुसंधान समिति (आर.सी.), अनुसंधान संस्थान समिति (आर.आई.सी.) तथा योजना और प्रशासन समिति (पी.ए.सी.) की कई बैठकें वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान आयोजित की हैं।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् की यह 52वीं वार्षिक रिपोर्ट है, जिसमें 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक परिषद् द्वारा की गयी गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है।

2
अनुसंधान प्रोत्साहन

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भा.सा.वि.अ.प.) का सबसे महत्वपूर्ण कार्य सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् लघु, वृहद् और सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ शोधकर्ताओं और संकायों को डॉक्टरेट, पोस्ट–डॉक्टरल, वरिष्ठ और राष्ट्रीय अध्येतावृति प्रदान करता है। यह सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में हो रहें अनुसंधान के प्रचार–प्रसार के लिए संगोष्ठी और सम्मेलन के आयोजन के लिए अनुदान प्रदान करता है। युवा शोधकर्ताओं और संकायों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को प्रायोजित करने के साथ विद्वानों और संकायों को अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और आँकड़े के संग्रह के लिए अनुदान प्रदान करता है। विदेशों में राष्ट्रीय स्तरीय वित्त पोषण एजेंसियों के साथ अनुसंधान में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करने के आलावा पत्रिकाओं और पुस्तकों के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और पेशेवर सामाजिक विज्ञान संघों/संगठनों को अनुदान देकर सशक्त करने का काम करता है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् शोधकर्ताओं को पुस्तकालय, प्रलेखन, आँकड़े और ऑनलाइन साहित्य सेवाएं प्रदान कर अपने विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देने का काम करता है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अंतर–अनुशासनात्मक और बहु–विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए व्यापक विषयों की पहचान की है जो निम्नलिखित है–

1) अर्थशास्त्र
2) समाजशास्त्र, और सामाजिक मानव विज्ञान
3) राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन
4) अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन
5) सामाजिक भूगोल, और जनसंख्या अध्ययन
6) वाणिज्य और प्रबंधन
7) सामाजिक मनोविज्ञान
8) शिक्षा
9) सामाजिक भाषाविज्ञान/सामाजिक–सांस्कृतिक अध्ययन
10) कानून/अंतर्राष्ट्रीय कानून
11) राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक अध्ययन
12) अंतर–विषयक और बहु–विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक विज्ञान से सम्बंधित अन्य विषय जैसे पुस्तकालय विज्ञान, सामाजिक कार्य, मीडिया अध्ययन, आधुनिक सामाजिक इतिहास, स्वास्थ्य अध्ययन, जेंडर का अध्ययन, पर्यावरण का अध्ययन, प्रवासी अध्ययन, क्षेत्र अध्ययन, संस्कृत–समाज और सांस्कृतिक अध्ययन आदि।

अनुसंधान परियोजनाएँ

व्यक्तिगत और संस्थागत दोनों तरह की शोध परियोजनाएँ देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। अनुसंधान परियोजनाएँ किसी भी सामाजिक विज्ञान के विषय से संबंधित हो सकती हैं या प्रकृति में अंतः विषयक या बहु–विषयक हो सकती हैं। इस तरह के कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्य निम्न हैः

1) उच्च गुणवत्ता वाले स्वतंत्र अनुसंधान से सम्बंधित कार्यक्रम का समर्थन करना;
2) नए शोधकर्ताओं को प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना;
3) अनुसंधान के लिए नए सैद्धांतिक या पद्धतिगत दृष्टिकोण के विकास में योगदान करना;
4) विभिन्न अनुशासनात्मक शोध–परक गतिविधियों को बनाए रखना;
5) सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शोधकर्ताओं के बीच

तालिका 2.1
वृहद् एवं लघु अनुसंधान परियोजनाओं की स्थिति (उत्तरदायी)

वर्ष	प्रदत्त परियोजनाएँ	रद्द/बंद/वापस लिया गया	परियोजनाएँ शामिल हुईं	प्राप्त अंतिम रिपोर्ट	लम्बित/जारी रिपोर्ट
अप्रैल 1969 से मार्च 1990	2023	225	1798	1798	–
1990–2010	1426	98	1328	1328	–
2010–2011	185	07	178	178	–
2011–2012	365	10	355	350	–
2012–2013	289	03	286	283	–
2013–2014	187	05	182	182	–
2014–2015	333	21	312	312	–
2015–2016	326	22	304	267	–
2016–2017	470	17	453	314	108
2017–2018	356	02	354	117	112
2018–2019*	253*	–	253*	217*	–
2019–2020	320	41	279	236	320 (जारी)
2020–2021	74	–	74	187	74 (जारी)
कुल	**6354**	**451**	**5903**	**5552**	**604**

* इंप्रैस परियोजना और उसकी अंतिम प्राप्त रिपोर्टों के आँकड़े सम्मिलित है एवं ये कुल योग में शामिल नहीं है।

सहयोगात्मक, अंतःविषय और बहुविषयक अनुसंधान की गतिविधियों को बढ़ावा देना; और

6) अनुसंधान के परिणामों को अकादमिक समुदाय के बीच संचार सुविधाजनक बनाना और साथ ही नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करना।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् भारतीय विद्वानों को दो प्रकार की अनुसंधान परियोजनाएं प्रदान करता हैः

क) वृहद और लघु अनुसंधान परियोजनाएं जिन्हें पहले अनुसंधान परियोजनाएं (उत्तरदायी) के रूप में जाना जाता था।

ख) अनुसंधान कार्यक्रम जिन्हें पहले अनुसंधान परियोजनाएं (प्रायोजित) के रूप में जाना जाता था।

वृहद् और लघु अनुसंधान परियोजनाएँ

वृहद् और लघु परियोजनाएं मूल रूप से मांग आधारित होती हैं। इस योजना के तहत, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् शोधार्थियों को उनकी पसंद के विषयों पर शोध करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। अपनी स्थापना के बाद से 31 मार्च, 2021 तक स्वीकृत एवं प्राप्त अनुसंधान परियोजनाओं की स्थिति का विवरण तालिका 2.1 में प्रस्तुत किया गया है।

अनुसंधान कार्यक्रम (रिसर्च प्रोग्राम)

'अनुसंधान कार्यक्रम' नीति और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में महत्व के विषयों पर क्रमिक रूप से किए गए शोध अध्ययनों की एक श्रृंखला है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के द्वारा समय–समय पर पहचाने गए इन महत्वपूर्ण और नए विषयों से ऐसी उम्मीद की जाती है कि अंतर–विषयक या बहु–विषयक या अंतर–संस्थागत सामाजिक विज्ञान अनुसंधान से सम्बंधित मुद्दों जैसे सिद्धांत, कार्यप्रणाली, नए निष्कर्षों और नीतियों को अच्छे से समझने में यह सहायक होंगे। हालांकि, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में अच्छे प्रभाव वाले अध्ययन जो संरचना में व्यापक हैं लेकिन एक ही विषय के दायरे में आते हैं, उन पर भी विचार किया जाता है।

विभिन्न राज्यों के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों और गैर–अधिसूचित जनजातियों (डी.एन.टी.)

तालिका 2.2

वृहद् एवं लघु अनुसंधान परियोजनाओं का विवरण (प्रायोजित)

वर्ष	प्रदत्त परियोजनाएँ	रद्द/बंद/वापस लिया गया	परियोजनाएँ शामिल हुईं	प्राप्त अंतिम रिपोर्ट	लम्बित/जारी रिपोर्ट
2011–2012	27	–	27	27	–
डीएनटी अध्ययन	04	–	04	04	–
2012–2013	43	01	42	41	–
2013–2014	75	10	65	65	–
2014–2015	61	03	58	29	–
2015–2016	73	–	73	29	–
2016–2017	32	–	32	33	–
2017–2018	73	03	70	30	02
2018–2019*	20*	–	20*	29	07
2019–2020	47	01	46	20	09 (जारी है)
2020–2021	46 (जारी)**	–	–	46	46 (जारी है)
कुल	**435**	**18**	**417**	**353**	**64**

* इम्प्रेस अनुसंधान कार्यक्रम शामिल हैं जोकि कुल योग में शामिल नहीं हैं।

** चूंकि कोरोना महामारी द्वारा उत्पन्न हुई बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं दिया जा सका, पिछले वर्ष (वर्षों) में प्रदान की गई परियोजनाओं की बेहतर निगरानी, निरंतरता और समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए।

की शैक्षिक स्थिति पर अखिल भारतीय रिपोर्ट के साथ 2011–12 में अनुसंधान परियोजनाओं (प्रायोजित) या अनुसंधान कार्यक्रमों की योजना शुरू की गई थी। वर्ष 2011–12 से स्वीकृत अनुसंधान कार्यक्रमों, रद्द/बंद/वापस लिए गए प्रोजेक्ट्स और 31st मार्च 2021 तक प्राप्त अंतिम रिपोर्ट का वर्ष–वार विवरण तालिका 2.2 में दिया गया है।

नयी योजना (न्यू अवॉर्ड्स)

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने (कोविड–19) कोरोना वायरस महामारी के दौरान सामाजिक विज्ञान के विभिन्न आयामों पर ध्यान केंद्रित करने हेतु अध्ययन के लिए विशेष प्रयास शुरू किए हैं। सामाजिक विज्ञान अध्ययनों के माध्यम से वैश्विक, राष्ट्रीय और उप–राष्ट्रीय स्तरों पर कोरोना वायरस के प्रकोप और प्रतिक्रिया की हमारी समझ में सुधार किया जा सकता है क्योंकि सामाजिक विज्ञान के माध्यम से इसके प्रसार और संचरण की गतिशीलता, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया, संचार और समस्या, आवश्यक स्वास्थ्य और स्वच्छता की संस्कृति, संगरोध के लिए सामाजिक और सामुदायिक प्रतिक्रिया, स्क्रीनिंग और परीक्षण, बीमारी से संबंधित जोखिमों की सामाजिक समझ, सामाजिक विश्वसनीयता, स्वास्थ्य व्यवहार, स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढाँचा, तैयारी और हस्तक्षेप, राजनीतिक तैयारी, इस तरह की महामारी के आर्थिक और आजीविका निहितार्थ, वैश्विक मंदी, विकास और विकास दर में गिरावट, औद्योगिक पुनरुद्धार, बाहरी और आंतरिक व्यापार मोर्चों पर सुधार, रोजगार के निहितार्थ, प्रवासी मजदूरों से संबंधित मुद्दे, वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव, व्यवहार और सोच में बदलाव, लोगों के अनुभव खास कर जैसे पीड़ितों, पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर हमारी समझ को बढ़ाता है।

इसके लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए अप्रैल 2020 में विशेष कॉल किया गया था। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् को कुल मिलाकर 1180 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 74 को नियत प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद प्रदत किया गया। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाओं का विवरण परिशिष्ट–3 में दिया गया है।

इस वर्ष के दौरान, 187 वृहद् और लघु अनुसंधान परियोजनाओं और पूर्व के वर्षों में स्वीकृत 41 अनुसंधान

कार्यक्रमों की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई। वृहद / लघु परियोजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त अंतिम प्रतिवेदनों का विवरण परिशिष्ट–3 में दिया गया है। अनुसंधान परियोजनाओं के लिए 2020–21 के लिए कुल व्यय राशि ₹ 891.92 लाख (सामान्य श्रेणी के तहत ₹ 756.89 लाख, अनुसूचित जाति के तहत ₹ 102.31 लाख और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के तहत ₹ 32.72 लाख) था। इसमें वृहद / लघु अनुसंधान परियोजनाओं और अनुसंधान कार्यक्रम के दौरान व्यय राशि शामिल है।

महामारी और सीमित संसाधन के कारण, किसी भी नई अनुसंधान परियोजना को प्रदान नहीं किया गया। तथापि, पिछले वर्ष, अर्थात 2019–20 के दौरान प्रदान किए गए अध्ययन प्रगति पर हैं और परिशिष्ट–3 में जारी परियोजनाओं का विवरण दिया गया हैं। हालांकि, सूची में वे शोधकर्ता शामिल नहीं हैं जिनकी अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हो गई है या विभिन्न कारणों से वह शामिल नहीं हुए या वापस हो गए।

अनुसंधान अध्येतावृतियां

सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में युवा, वरिष्ठ और स्थापित सामाजिक वैज्ञानिकों को अनुसंधान के अवसर प्रदान करने और उन्हें अपनी पसंद के महत्वपूर्ण विषयों पर पूर्णकालिक शोध करने के लिए परिषद् द्वारा अध्येतावृति प्रदान की जाती हैं जो चार श्रेणियों में विभक्त है– राष्ट्रीय अध्येतावृति, वरिष्ठ अध्येतावृति, पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृति और डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति। यह उन विद्वानों को प्रदान की जाती है जो अपने क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रहें हैं।

राष्ट्रीय अध्येतावृतियां

'राष्ट्रीय अध्येतावृति' का उद्देश्य प्रसिद्ध भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को पूर्णकालिक अनुसंधान में खुद को शामिल करने का अवसर देना है, जिसमें उनकी पसंद के महत्वपूर्ण विषयों पर सामाजिक विज्ञान में ज्ञान की उन्नति में योगदान

तालिका 2.3

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति का वर्ष–वार विवरण (31.03.2021 तक)

वर्ष	राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति सम्मान	शामिल नहीं हुआ / रद्द / बंद	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई	लम्बित / जारी रिपोर्ट
1969–1990	41	07	34	–
1991–2010	60	06	54	–
2010–2011	06	–	05	–
2011–2012	04	–	04	–
2012–2013	13	02	06	–
2013–2014	17	01	07	–
2014–2015	12	02	08	–
2015–2016	10	–	05	–
2016–2017	–	–	04	–
2017–2018	–	–	03	–
2018–2019	07	01	06	03
2019–2020	04	–	04	02
2020–2021	04*	–	05	04 (जारी है)
कुल	**174**	**19**	**146**	**09**

* चूंकि कोरोना महामारी द्वारा उत्पन्न हुई बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं दिया जा सका, पिछले वर्ष (वर्षों) में प्रदान की गई अध्येतावृत्तियों की बेहतर निगरानी, निरंतरता और समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए।

तालिका 2.4

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद वरिष्ठ अध्येतावृति का वर्ष–वार विवरण (31.03.2021 तक)

वर्ष	वरिष्ठ अध्येतावृत्ति सम्मान	शामिल नहीं हुआ/रद्द/बंद	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई	लम्बित/जारी रिपोर्ट
1969–1990	256	30	226	–
1991–2010	187	33	153	–
2010–2011	18	02	15	–
2011–2012	14	01	13	–
2012–2013	40	07	30	–
2013–2014	34	03	25	–
2014–2015	35	06	21	–
2015–2016	47	10	29	–
2016–2017	34	02	24	–
2017–2018	36	–	23	–
2018–2019	49	–	24	05
2019–2020	45	01	28	08
2020–2021	44*	–	32	44 (जारी है)
कुल	**795**	**95**	**643**	**57**

* चूंकि कोरोना महामारी द्वारा उत्पन्न हुई बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं दिया जा सका, पिछले वर्ष (वर्षों) में प्रदान की गई अध्येतावृत्तियों की बेहतर निगरानी, निरंतरता और समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए।

करने या अपने शोध के आधार पर किताबें लिखने की क्षमता विकसित करने से है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् अब तक 174 राष्ट्रीय अध्येतावृति प्रदान कर चुका है। इस वर्ष के दौरान, चार राष्ट्रीय अध्येतावृति प्रगति में थी, और पिछले वर्षों से संबंधित पांच अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई थीं। इसका प्रासंगिक विवरण तालिका 2.3 में दर्शाया गया हैं।

वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां

आवेदकों द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय और सामाजिक हित के विषयों और मुद्दों पर पूर्णकालिक शोध करने के लिए उत्कृष्ट भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को वरिष्ठ अध्येतावृत्ति प्रदान की जाती है। इन अध्ययनों से विभिन्न विषयों में सैद्धांतिक और वैचारिक उन्नति में योगदान करने, क्षेत्र कार्य आधारित डेटा उत्पन्न करने और नीति निर्माण में योगदान करने की अपेक्षा रहती है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने अब तक 795 वरिष्ठ शोधकर्ताओं को अध्येतावृत्ति से सम्मानित किया है। वर्ष 2020–21 के दौरान, 44 वरिष्ठ अध्येतावृति की घोषणा की गयी थी, जिन्हें पिछले वर्ष प्रदान किया गया था और पिछले वर्षों से संबंधित 32 अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई थीं। जिसका प्रासंगिक विवरण तालिका 2.4 में दिया गया है।

पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियां

पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति भारतीय सामाजिक युवा वैज्ञानिकों को उच्च क्षमता वाले और आवेदकों द्वारा प्रस्तावित विशिष्ट विषयों और मुद्दों पर पूर्णकालिक शोध करने के लिए प्रदान की जाती है। इन अध्ययनों से विभिन्न विषयों में सैद्धांतिक और वैचारिक उन्नति में योगदान करने, क्षेत्र कार्य आधारित डेटा उत्पन्न करने और नीति निर्माण में योगदान करने की अपेक्षा की जाती है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने अब तक 2574 पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति से शोधकर्ताओं को सम्मानित किया है। इस वर्ष की रिपोर्ट के अनुसार, 256 पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति प्रगति में थी, और पिछले वर्षों से संबंधित 169 अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। इसका प्रासंगिक विवरण तालिका 2.5 में दर्शाया गया है। महामारी और उससे उत्पन्न बाधाओं के कारण, 2020–21 के दौरान नए पुरस्कार नहीं दिए जा सके,

तालिका 2.5

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति का वर्ष–वार विवरण (31.03.2021 तक)

वर्ष	प्रदत्त पोस्ट डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति	शामिल नहीं हुआ/ रद्द/बंद	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई	लम्बित/जारी रिपोर्ट
1969–1990	117	38	79	–
1991–2010	212	69	137	–
2010–2011	38	06	30	–
2011–2012	55	05	44	–
2012–2013	200	31	164	–
2013–2014	404	51	298	–
2014–2015	252	62	157	–
2015–2016	321	83	155	–
2016–2017	256	39	80	–
2017–2018	226	27	76	41
2018–2019	224	11	93	80
2019–2020	269	13	148	132
2020–2021	256*	–	169	256 (जारी है)
कुल	**2574**	**435**	**1630**	**509**

* चूंकि कोरोना महामारी द्वारा उत्पन्न हुई बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं दिया जा सका, पिछले वर्ष (वर्षों) में प्रदान की गई अध्येतावृत्तियों की बेहतर निगरानी, निरंतरता और समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए।

हालांकि, पिछले वर्ष यानी 2019–20 के दौरान दिए गये अध्ययन प्रगति पर हैं जो परिशिष्ट–4 में उल्लिखित है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा अधिक शोध भागीदारी को प्रेरित करने के लिए, शोधकर्ताओं को अपने शोध के दौरान प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अपने शोध के विषय से संबंधित कम से कम दो प्रकाशित शोध पत्र/लेख प्रस्तुत करने होंगे। 2017–18 से, इस नियम को शुरू किया गया था, 2020–21 तक, विभिन्न शोध पत्रिकाओं में शोधकर्ताओं द्वारा 439 शोध पत्र प्रकाशित किए जा चुकें हैं। इनमें से स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिका में 50, यूजीसी लिस्टेड शोध पत्रिका में 66, अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 215 और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 94 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही प्रकाशित पुस्तकों में 14 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। प्रकाशनों से संबंधित सूची परिशिष्ट 4 में दी गई है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, राष्ट्रीय/वरिष्ठ/पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति योजनाओं के लिए कुल बजट आवंटन/व्यय राशि ₹ 1097.33 लाख (सामान्य– ₹ 902.49 लाख, अनुसूचित जाति– ₹ 143.04 लाख, अनुसूचित जनजाति– ₹ 51.80 लाख) रुपये था।

भविष्य का दृष्टिकोण

एक विशेषज्ञ समिति के समक्ष व्यक्तिगत बातचीत एवं प्रस्तुतिकरण को शामिल करके शोधकर्ताओं की चयन प्रक्रिया को मजबूत किया गया है। जिसका उद्देश्य अच्छे शोधकर्ताओं का चयन करना है जो उच्च स्तर वाले गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य का उत्पादन कर सकें। भा.सा.वि.अ.प द्वारा समय–समय पर अनुसंधान के विषयों को बढ़ावा देकर अपने अध्येतावृति कार्यक्रम को और मजबूत करने का प्रयास किया जाता है, जो विभिन्न विषयों में सैद्धांतिक और वैचारिक उन्नति में योगदान देता है, क्षेत्र कार्य आधारित अनुदान के आँकड़े देने में मदद करता है और नीति निर्माण में योगदान देता है और सामाजिक विज्ञान में ज्ञान की वृद्धि में योगदान करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा, विद्वानों को अपने शोध विषय से संबंधित अनुसंधान के दौरान प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में

कम से कम दो शोध पत्र/लेख प्रस्तुत करने होते हैं। अध्येताओं को भारत या भारत के बाहर सम्मेलनों और सेमिनार में शोध के संबंधित क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्रस्तुति करने के लिए प्रेरित करने के साथ वित्तीय सहायता प्रदान करता है और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों के योगदान को और अधिक सशक्त करने के लिए कार्य–पत्र प्रस्तुत करने के लिए भी कहा जाता है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, शोध अध्येताओं द्वारा शोध निष्कर्षों के व्यापक प्रसार के लिए फैलोशिप रिपोर्टों के प्रकाशन पर निगरानी रख रहा है, जिनको विषय विशेषज्ञों द्वारा जाँच के बाद उत्कृष्ट माना जाता है।

डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियां

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा डॉक्टोरल फैलोशिप चयनित पंजीकृत पीएच.डी. शोधार्थियों को प्रदान की जाती है। यह अध्येताओं को सामाजिक विज्ञान के विषयों में अपने डॉक्टोरल शोध प्रबंध (थीसिस) को आगे बढ़ाने और पूरा करने के मुख्य उद्देश्य से वित्तीय सहायता प्रदान करता है ताकि वे अपने शोध कार्य पर पूर्णकालिक ध्यान केंद्रित कर सकें और अपने पीएच.डी. के रूप में गुणवत्तापूर्ण शोध एवं प्रकाशन का उत्पादन कर सके। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् अपनी 'केंद्र प्रशासित डॉक्टोरल फैलोशिप योजनाओं' और 'संस्थागत डॉक्टोरल फैलोशिप योजना' के तहत निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार डॉक्टोरल फैलोशिप प्रदान कर रहा है। 'केंद्र प्रशासित योजना' के मामले में, फैलोशिप सीधे भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा दी जाती है और उसकी निगरानी भी की जाती है और संबंधित डॉक्टोरल अध्येता किसी विश्वविद्यालय या कॉलेज से संबद्ध होते हैं। 'संस्थागत फैलोशिप योजना' के तहत, डॉक्टोरल अध्येता भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा प्रायोजित/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान से संबद्ध होते है और उन्हीं के द्वारा मोनिटर किए जाते हैं। केंद्र–प्रशासित डॉक्टोरल फैलोशिप भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा आमंत्रित की जाती है और अध्येतावृत्ति विशेषज्ञ समितियों द्वारा स्क्रीनिंग और मूल्यांकन के बाद प्रदान की जाती है। संस्थागत डॉक्टोरल फैलोशिप के लिए आमंत्रण संबंधित शोध संस्थानों द्वारा दिए जाते हैं और प्रारंभिक जांच के बाद, चुने हुए आवेदन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् को इसके विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन और अंतिम चरण के लिए भेजे जाते हैं। 'संस्थागत डॉक्टोरल फैलोशिप' अनिवार्य रूप से दो साल के कार्यकाल के लिए या विश्वविद्यालय में थीसिस जमा करने तक, जो भी पहले हो, के लिए दिया जाता है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के 'केंद्र–प्रशासित डॉक्टोरल फैलोशिप कार्यक्रम' के अंतर्गत तीन प्रकार की योजनाएं निम्नलिखित हैं:

1. 'पूर्णकालिक डॉक्टोरल फैलोशिप' दो वर्ष की अवधि के लिए या विश्वविद्यालय में थीसिस जमा करने तक (जो भी पहले हो) प्रदान की जाती है।
2. 'अल्पकालिक डॉक्टोरल फैलोशिप' छह महीने की अवधि के लिए, उन अध्येताओं को अनुदान देने के लिए प्रदान की जाती है जो अपने डॉक्टोरल कार्य के अंतिम चरण में हैं।
3. 'आकस्मिक अनुदान' थीसिस कार्य पर खर्च को पूरा करने के लिए एक समेकित अनुदान है और उन अध्येताओं को प्रदान किया जाता है जिन्हें कोई अनुदान नहीं मिला है।

डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियां, 2020–21

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने वर्ष 2020–21 के लिए डॉक्टोरल फैलोशिप प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की थी। कोविड महामारी से पैदा हुई स्थिति के बावजूद आवेदनों का आमंत्रण वेबसाइट पर 29 मई 2020 को लगाया गया था। लॉकडाउन की स्थिति को देखते हुए, संभावित उम्मीदवारों को ऑनलाइन माध्यम से पूरी तरह से आवेदन करने में सक्षम बनाने के लिए दिशानिर्देशों और आवेदन प्रक्रिया को संशोधित भी किया गया। इसके बाद 'रिसर्च फैलोशिप डिवीजन' को सामाजिक विज्ञान के 25 व्यापक विषयों के तहत अपनी तीन केंद्र–प्रशासित योजनाओं के लिए कुल 1,902 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 1,816 आवेदकों ने 'पूर्णकालिक फैलोशिप' के लिए, 73 'लघुकालिक फैलोशिप' के लिए और 13 ने 'आकस्मिक अनुदान' के लिए आवेदन किया। इनके अलावा, अपने–अपने संस्थानों में संस्थागत डॉक्टोरल फैलोशिप के पुरस्कार पर विचार करने के लिए 13 शोध संस्थानों से 75 चुने गए आवेदन प्राप्त हुए थे। हालाँकि, महामारी जनित बाधाओं के कारण, वर्ष 2020–21 के लिए विधिवत चयनित आवेदकों को फैलोशिप देने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई। इसे बेहतर करने के लिए लगातार काम किया जाता रहा है। जिसके बाद 465 फैलोशिप को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए गए। वर्ष 2019–20 में गई 465 फैलोशिप की सूची परिशिष्ट–4 में देखी जा सकती है। वित्तीय संसाधनों की कमी के बावजूद, 776 अध्येताओं एवं संस्थानों को 10.2 करोड़ रुपये की डॉक्टोरल फैलोशिप राशि का वितरण किया गया था। इसके अंतर्गत, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्

के द्वारा नियमो को ध्यान में रखते हुए अपनी थीसिस जमा करने के दौरान किसी प्रकार की चूक करने वालो को अनुस्मारक सहित 3,600 से अधिक पत्र और लगभग 4,200 ईमेल भेजे गए थे। इसका परिणाम यह हुआ कि वर्ष 2012–13 से 2015–16 के पुराने बैचों के शोधकर्ताओं की थीसिस देर से जमा करने में 27% की कमी हो गई, यानी 2018 में 65% की और मार्च 2021 में 38% हो गई।

2020–21 के दौरान प्राप्त पीएच.डी. थीसिस एवं प्रकाशन

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के डॉक्टोरल अध्येताओं के द्वारा वर्ष 2020–21 के दौरान 282 पीएच.डी. थीसिस प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें से बारह संस्थागत अध्येतावृत्ति से सम्मानित थे। (इसकी सूची परिशिष्ट–4 में देखी जा सकती है) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने 2017–18, 2018–19 और 2019–20 बैचों के अध्येताओं के द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों के प्रकाशनों के बारे में सक्रिय रूप से जानकारी मांगी और इसके जवाब में लगभग 555 शोध पत्रों की प्रतियां प्राप्त हुई, जिसे पत्र–पत्रिकाओं और पुस्तकों में प्रकाशित कराया गया। 505 लेखों को पत्र–पत्रिकाओं में और 50 लेखों को पुस्तकों में प्रकाशित कराया गया है। पत्रिकाओं में प्रकाशित 505 पत्रों में से 70 पत्र स्कोपस–अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं, 96 पत्र यूजीसी केयर लिस्टेड पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं, 327 पत्र अंतर्राष्ट्रीय और 178 राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। 505 पत्रिकाओं में से 327 प्रकाशन या तो बहुत महत्वपूर्ण (135), महत्वपूर्ण (29) या अच्छे (163) स्तर के

तालिका 2.6

भा.सा.वि.अ.प. द्वारा प्रदान की जाने वाली डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति का विवरण

पुरस्कार का वर्ष	पूर्णकालिक डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति सम्मान	रद्द/बंद/ वापस ली गई	शामिल हुए अध्येता	प्राप्त डॉक्टोरल थीसिस
1971–2003	1357	434	923	405
2003–2004	89	08	81	नहीं
2004–2005	94	02	92	नहीं
2005–2006	28	03	25	नहीं
2006–2007	80	11	69	नहीं
2007–2008	102	08	94	नहीं
2008–2009	96	07	89	15
2009–2010	77	12	65	61
2010–2011	99	08	91	38
2011–2012	131	16	115	28
2012–2013	498	43	455	नहीं
2013–2014	545	40	505	56
2014–2015	765	92	673	85
2015–2016	574	63	511	86
2016–2017	496	51	445	171
2017–2018	484	27	457	246
2018–2019	505	19	486	319
2019–2020	495	11	484	333
2020–2021*	465 (जारी)*	–	–	282
कुल	**6515**	**855**	**5660**	**2125**

* चूंकि कोरोना महामारी द्वारा उत्पन्न हुई बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं दिया जा सका, पिछले वर्ष (वर्षों) में प्रदान की गई अध्येतावृत्तियों की बेहतर निगरानी, निरंतरता और समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए।

पाए गए हैं। इसके अलावा, पुस्तकों में प्रकाशित 50 पत्रों में से 9 अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा और 41 राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित किए गए थे। प्रकाशन से संबंधित सूचियाँ परिशिष्ट 4 में दी गई हैं।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा प्रदान की जाने वाली डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने 1969 में अपनी स्थापना के बाद से अब तक पूर्ण–कालिक और अल्पकालिक कार्यकाल की 8,658 डॉक्टोरल फैलोशिप से अध्येताओं को सम्मानित किया है। इसमें से, 6,515 पूर्णकालिक थीं जिन्हें भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और उसके अनुसंधान संस्थानों द्वारा दिया गया था और बाद में 5,660 अध्येताओं ने इसका लाभ उठाया। 2020–21 तक भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा दी गयी पूर्णकालिक डॉक्टोरल फैलोशिप की वर्ष–वार जानकारी, अध्येतावृति प्राप्त शोधकर्ताओं द्वारा वापस ली गई और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा अपने पुरस्कार विजेताओं से पिछले वर्षों से प्राप्त थीसिस आदि की सूची तालिका 2.6 में देखी जा सकती है।

भविष्य का दृष्टिकोण

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा मेधावी पीएच.डी. अध्येताओं को सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों में अपने अनुसंधान को आगे बढ़ाने और उन्हें अपने शोध और प्रकाशनों के रूप में गुणवत्तापूर्ण शोध उत्पादन लाने में सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् समकालीन महत्व के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान का समर्थन करने की खोज में, विशेष रूप से अध्येतावृत्तियों के चयन में प्रस्तावित अनुसंधान की वर्तमान प्रासंगिकता और नवीनता पर ध्यान केंद्रित करता है। यह अध्येताओं की अनुसंधानात्मक क्षमता और शोध प्रकाशन के क्षेत्र में महत्व, नीतिगत योजना और इस क्षेत्र में अनुसंधान की मौजूदा स्थिति के लिए पथ–प्रदर्शक अनुसंधान या ज्ञान के संदर्भ में प्रस्तावित योगदान के लिए तय किए मानक को ध्यान में रखता है। ऐसे में इसके द्वारा प्रदान की गई वित्तीय राशि अध्येता–केंद्रित होगी और युवा अध्येताओं की शोध क्षमताओं के बेहतर निर्माण, अनुसंधान गतिविधियों में भागीदारी, प्रकाशन और डॉक्टोरलथीसिस को समय पर प्रस्तुत करने के लिए सुविधा प्रदान करने पर केंद्रित होगी।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार/सम्मेलन

सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में उच्च महत्व के विषयों पर विचार–विमर्श को बढ़ावा देने के लिए भारत में सम्मेलनों का प्रायोजन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् की प्रमुख गतिविधियों में से एक है। यह शोधकर्ताओं के विचारों और शोध निष्कर्षों का आदान–प्रदान करने, नीति से संबंधित मुद्दों पर महत्वपूर्ण शोध प्रश्नों पर चर्चा करने और महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं पर अकादमिक शोध रिपोर्ट तैयार करने के अवसर प्रदान करता हैं। यद्यपि, परिषद् स्वयं कुछ सेमिनारों का आयोजन करती है, साथ हीं यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों के आयोजन के लिए शैक्षणिक संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

2020–21 के दौरान, भा.सा.वि.अ.पा. को पूरे देश से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित करने के लिए 35 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 20 प्रस्तावों को विशेषज्ञ समितियों द्वारा वित्त पोषण के लिए चुना गया था। इसमें दो अंतर्राष्ट्रीय और 18 राष्ट्रीय वेबिनार प्रस्ताव शामिल थे, जिसमें कुल 241.02 लाख का व्यय शामिल था। अनुमोदित संगोष्ठियों की सूची परिशिष्ट 5 में देखी जा सकती है। इसके अलावा, भा.सा.वि.अ.पा. द्वारा इसकी स्थापना के बाद से वित्त पोषित

तालिका 2.7

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार/सम्मेलन (वित्तपोषित/अनुदानित)

वर्ष	राष्ट्रीय सेमिनार/सम्मेलन	अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार/सम्मेलन
1971–1990	297	24
1990–2010	1400	161
2010–2011	81	15
2011–2012	82	59
2012–2013	249	108
2013–2014	270	130
2014–2015	347	133
2015–2016	462	149
2016–2017	277	79
2017–2018	217	87
2018–2019	235	91
2019–2020	227	94
2020–2021	18	02
कुल	**4162**	**1132**

संगोष्ठियां जिसका विस्तृत विवरण सूची तालिका संख्या 2.7 में प्रस्तुत किया गया है।

विदेश में लेख (पेपर) प्रस्तुति और आँकड़ा संग्रहण के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रा अनुदान

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में पर्याप्त योगदान करने के लिए सामाजिक विज्ञान के अध्येताओं की सहायता करना है। इस प्रकार यह कार्यक्रम भारत और विदेशों में सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच अकादमिक संबंधों को बढ़ावा देता है, नई अंतर्दृष्टि विकसित करने का अवसर प्रदान करता है, उनके शोध दृष्टिकोण को बढ़ाता है और सामाजिक विज्ञान के विषयों के प्रसार में योगदान करता है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने भारत और विदेशी सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी नीति के अंतर्गत दो कार्यक्रम विकसित किए हैं। पहले कार्यक्रम के तहत, उन भारतीय अध्येताओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिन्हें विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में योगदान देने और पेपर प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। अपने दूसरे कार्यक्रम के अंतर्गत, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् उन अध्येताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो अपने शोध कार्य के संबंध में आँकड़ा का संग्रहण करते है या अभिलेखीय सामग्री के संदर्भ में कोई सलाह देते हैं। और जो इन प्रयोजनों के लिए विदेश जाने का इरादा रखते हैं।

तालिका 2.8

यात्रा अनुदान वितरण का वर्ष–वार विवरण

वर्ष	सेमिनार/सम्मेलन सम्मेलन के लिए दिया गया अनुदान	विदेश में आँकड़ा संग्रहण
1971–1990 (19)	342	116
1990–2010 (20)	547	64
2010–2011	35	06
2011–2012	50	03
2012–2013	101	06
2013–2014	120	32
2014–2015	146	48
2015–2016	202	57
2016–2017	197	59
2017–2018	54	23
2018–2019	178	22
2019–2020	172	22
2020–2021*	–	–
कुल	**2144**	**458**

*कोविड–19 महामारी से जुड़ी बाधाओं के कारण 2020–2021 के दौरान यात्रा और विदेश में आँकड़े (डाटा) संग्रहण अनुदान प्रदान नहीं किया जा सका।

महामारी के कारण, इस कार्यक्रम के तहत वर्ष 2020–21 के दौरान कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था, क्योंकि विदेश यात्रा के लिए सरकार द्वारा निर्धारित यात्रा प्रतिबंध और विशिष्ट दिशानिर्देश थे। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम के तहत परिषद् ने वर्ष 2020–21 के दौरान अपनी सभी गतिविधियों के लिए कुल ₹ 148.53 लाख खर्च किए हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा इसकी स्थापना के बाद से अब तक के वित्त अनुदान के बारे में वर्ष–वार विवरण तालिका संख्या 2.8 में देखा जा सकता है।

प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम

शोध करने की कला एवं विज्ञान में प्रशिक्षित होना सामाजिक विज्ञान में उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए बुनियादी आवश्यकता है क्योंकि शोध कार्य कला भी है और विज्ञान भी। ऐसे में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान का दार्शनिक आधार सामाजिक विज्ञान के सभी विषयों के लिए एक समान है, विभिन्न विषयों ने शोध के लिए अपने स्वयं के सैद्धांतिक ढांचे और अनुसंधान की विशिष्ट तकनीकों का विकास किया है। हालांकि, अंतःविषय या बहु–अनुशासनात्मक अनुसंधान में खुद को जोड़ने के लिए अध्येताओं को स्वयं को प्रशिक्षित करने के अलावा अन्य विषयों में लागू अनुसंधान पद्धतियों से खुद को परिचित करने की आवश्यकता है। इतना हीं नहीं, अनुसंधान समस्या की पहचान से लेकर कार्यप्रणाली तक और अंत में, शोध के निष्कर्षों की रिपोर्टिंग और विश्लेषण और इन निष्कर्षों का प्रकाशन भी, ऐसे कई पहलू हैं जिनमें एक अच्छे शोधकर्ता को अपने कौशल को बेहतर करना होता है। इसलिए, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में 'अनुसंधान पद्धति और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों' का समर्थन और प्रायोजन करता है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, विभिन्न सामाजिक विज्ञान के विषयों में युवा शोधकर्ताओं और संकायों के लिए अनुसंधान पद्धति और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सामाजिक विज्ञान संकायों को अनुदान प्रदान करता है, जिसमें बहु–विषयक क्षेत्रों और अनुसंधान उपकरणों

में प्रशिक्षण शामिल हो सकता है। कार्यक्रम को निम्नलिखित दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है:

(क) अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम (आर.एम.सी.)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य पीडीएफ/पीएच.डी./एम. फिल शोधार्थियों की कार्यप्रणाली और लेखन कौशल को बढ़ाना है। अध्येताओं और आने वाले समय में संकाय या सामाजिक विज्ञान शोधकर्ताओं के रूप में उनकी क्षमता विकसित करना है।

(ख) क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सी.बी.पी.)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान के विषयों में युवा, संकाय, मुख्य रूप से सहायक प्रोफेसरों को उनके विषयों में नवीनतम प्रगति के साथ–साथ कार्यप्रणाली और लेखन कौशल को समझने की उनकी क्षमता में सुधार करना है।

1971 में, जब इस कार्यक्रम की पहली अवधारणा बनाई गई थी तब से लेकर अब तक (2020–21), 1044 अनुसंधान पद्धति और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। इन वर्षों के दौरान, अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम और क्षमता निर्माण कार्यक्रम (आर.एम.सी.–19 और सी.बी.पी.–15) दोनों के लिए कुल 34 प्रस्ताव प्राप्त हुए और मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ समितियों के समक्ष रखे गए। समितियों ने कुल ₹ 106.09 लाख की व्यय राशि के साथ 15 प्रस्तावों, 'अनुसंधान पद्धति कार्यक्रम' के तहत नौ और 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' के तहत छह प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। वर्ष 2020–21 के लिए स्वीकृत अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम और क्षमता निर्माण पाठ्यक्रमों की सूची परिशिष्ट–6 में देखी जा सकती है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम और क्षमता निर्माण कार्यक्रम (आरएमसी और सीबीपी) पाठ्यक्रम के लिए बनाई योजनाओं और दी गयी वित्तीय सहायता का विस्तृत विवरण तालिका 2.9 में दिया गया है।

तालिका 2.9

अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम और क्षमता निर्माण कार्यक्रम की स्थिति का विवरण (31.03.2021 तक)

वर्ष	अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम	क्षमता निर्माण कार्यक्रम	कुल
1971–1990	119	–	119
1990–2010	235	–	235
2010–2011	10	–	10
2011–2012	17	–	17
2012–2013	108	38	146
2013–2014	53	18	71
2014–2015	55	24	79
2015–2016	79	23	102
2016–2017	36	23	59
2017–2018	29	23	52
2018–2019	47	25	72
2019–2020	47	20	67
2020–2021	09	06	15
कुल	**844**	**200**	**1044**

भविष्य का दृष्टिकोण

दस–दिवसीय 'अनुसंधान पद्धति कार्यक्रम' और दो सप्ताह के 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' के अलावा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा कम वित्तीय सहायता वाले कार्यक्रम जैसे शोध लेखन, डेटा प्रोसेसिंग और कंप्यूटर आवेदन में युवा शोधार्थिओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

अनुसंधान सर्वेक्षण और प्रकाशन

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा गुणवत्तापूर्ण शोध के विस्तार के लिए शुरू किया गया अनुसंधान सर्वेक्षण और प्रकाशन कार्यक्रम एक अन्य प्रमुख गतिविधि है जिसके माध्यम से यह परिषद् के भीतर और बाहर दोनों जगह महत्वपूर्ण अनुसंधान उत्पादन (आउटपुट) का प्रसार करता है। अपने प्रकाशन कार्यक्रम के तहत, परिषद् (1) भारतीय नागरिकों को सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों में उनके डॉक्टोरल थीसिस, परियोजना/फैलोशिप रिपोर्ट, मोनोग्राफ और सेमिनार पत्रों के प्रकाशन के लिए अनुदान देता है और (2) सामाजिक वैज्ञानिकों के पेशेवर संगठनों विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और अनुसंधान संस्थानों सहित उनके शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन या जारी रखने के लिए और उनके रखरखाव तथा विकासात्मक गतिविधियों के लिए सामाजिक वैज्ञानिकों के पेशेवर संगठनों को तदर्थ अनुदान भी प्रदान करता है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने अब तक 1868 पुस्तकें प्रकाशित की हैं, 1040 संगठनों को उनकी शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान

किया है और रखरखाव और विकासात्मक गतिविधियों के लिए 381 संघों/संगठनों को तदर्थ अनुदान दिया है। वर्ष 2020—21 के दौरान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के द्वारा अनुदान देने के साथ 15 डॉक्टोरल शोध रिपोर्ट प्रकाशित की गई है। इसी प्रकार, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के द्वारा सामाजिक वैज्ञानिकों के 33 पेशेवर संगठनों/संघों ने अपनी शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए ₹ 30.25 लाख का अनुदान प्राप्त किया और सात संगठनों को उनके रखरखाव और ढांचागत विकास के लिए ₹ 13 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ।

अनुसंधान के विकास के लिए शोध पत्रिकाओं के हुए प्रकाशन और प्रकाशित पुस्तकों के विवरण के साथ व्यावसायिक संगठनों को दिए गए अनुदान का विवरण भी तालिका 2.10 में दिया गया है।

इसके अलावा, स्थापना के बाद से परिषद् ने 'अनुसंधान सर्वेक्षण' के अपने कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक विज्ञान के चुने हुए विषयों में अनुसंधान के विकास के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया है। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य दिय हुए अवधि के दौरान किए गए अनुसंधान का व्यापक अवलोकन करना है, जिसमें अनुसंधान के सिद्धांत, कार्यप्रणाली, अनुभवजन्य साक्ष्य और अंतराल के संदर्भ में एक विशेष सामाजिक विज्ञान के विषय या क्षेत्र में क्या हासिल किया गया है, उसका जायजा लेना शामिल है। जो आने वाले समय में शोध के लिए प्राथमिक रूप से जरूरी होगी। अब तक, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा अनुसंधान सर्वेक्षणों के लगभग 70 खंड और अन्य 60 प्रकाशन प्रकाशित किए गये है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने 2003—2009 की अवधि को शामिल करते हुए, मनोविज्ञान, राजनीति, विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, सामाजिक नृविज्ञान और अर्थशास्त्र के विषयों में शोध सर्वेक्षण का छठा दौर पूर्ण किया है और इन शोध सर्वेक्षणों की रिपोर्ट को मैसर्स आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) नई दिल्ली, के माध्यम से प्रकाशित किया।

तालिका 2.10

वर्ष—वार प्रकाशन एवं रखरखाव अनुदान लाभार्थी

वर्ष	डॉक्टोरल थीसिस/अनुसंधान परियोजनाओं/अध्येतावृत्ति रिपोर्ट/सम्मेलन पत्रों आदि के प्रकाशन हेतू दिया गया वित्तीय अनुदान	शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए दिया गया तदर्थ अनुदान	सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यावसायिक संगठनों का विकास हेतू दिया गया तदर्थ अनुदान
1969 से 31 मार्च 1990 तक	1025	92	229
1990—2010	591	430	70
2010—2011	22	45	5
2011—2012	33	47	7
2012—2013	20	61	13
2013—2014	23	66	11
2014—2015	30	64	8
2015—2016	23	51	8
2016—2017	21	47	8
2017—2018	28	40	3
2018—2019	12	32	5
2019—2020	25	32	7
2020—2021	15	33	7
कुल	**1868**	**1040**	**381**

राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र (नैसडॉक) (एन.ए.एस.एस.डी.ओ.सी.)

1970 में स्थापित, राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र (एन.ए.एस.एस.डी.ओ.सी.) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह शैक्षणिक संस्थानों, स्वायत्त अनुसंधान संगठनों, नीति निर्माण विभागों, सरकारी विभागों की योजना और अनुसंधान इकाइयों आदि सहित सामाजिक विज्ञान अनुसंधान समुदाय को पुस्तकालय और सूचना सेवाएं देता है। प्रौद्योगिकी संचालित विश्व चुनौतियों का सामना एवं निवारण वेब आधारित डिजिटल वातावरण में अपने स्वचालित पुस्तकालय संग्रह, वेब–ओपीएसी, ऑनलाइन डेटाबेस/ई–संसाधन इत्यादि के साथ सूचना को लागू और उपयोग करता है। राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र की प्रमुख गतिविधियों और सेवाओं में पुस्तकालय, संदर्भ और सूचना सेवाएं शामिल हैं; भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् से सम्बंधित अनुसंधान संस्थानों और क्षेत्रीय केंद्रों के लिए ई–संसाधनय लघु ग्रंथ सूची/साहित्य खोज सेवाओं का संकलनय माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश सेवाएं; सतत शिक्षा कार्यक्र मूल्य वर्धित सेवाएं जैसे वर्तमान जागरूकता सेवा (सी.ए.एस.); अत्याधुनिक 'डिजिटल रिसोर्सेज लर्निंग सेंटर' (डीआरएलसी) के साथ सामाजिक विज्ञान में ई–संसाधनों तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क इंटरनेट की सुविधा देता है। इसके अलावा, (एन.ए.एस.एस.डी.ओ.सी.) के पास भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के प्रकाशनों की आपूर्ति करने के लिए एक 'बिक्री और वितरण इकाई' का समायोजन भी है।

पुस्तकालय, संदर्भ और सूचना सेवाएंः राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र में दस्तावेज संग्रह की एक विस्तृत श्रृंखला है जिसकी संख्या (27474) में हैंः संदर्भ स्रोत संग्रह जैसे ग्रंथ सूची, विश्वकोष, निर्देशिका आदि। इसके पास डॉक्टोरलथीसिस, अनुसंधान परियोजना रिपोर्ट से युक्त एक ग्रे संग्रह है। इसके अलावा, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, और कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सहित सभी सामाजिक विज्ञान विषयों के विभिन्न संकायों की अनुसंधान पद्धति, अनुसंधान सर्वेक्षण और एक रणनीतिक संग्रह और पत्रिकाओं के 13,342 संस्करणों का एक अनूठा संग्रह है। पुस्तकालय सोमवार से शनिवार तक सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुला रहता है और रविवार और सभी राजपत्रित अवकाशों पर बंद रहता है।

वर्ष 2020–21 के दौरान कुल 3975 शोधार्थियों ने राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र का दौरा किया। बड़ी संख्या में संदर्भ, प्रश्नों को पत्राचार/ई–मेल आदि के माध्यम से संबोधित किया गया था। राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के संग्रह, इसके इन–हाउस डेटाबेस और इलेक्ट्रॉनिक स्रोतों, और कई अन्य इंटरनेट–आधारित संसाधनों की खोज द्वारा अध्येताओं को शोध सम्बंधित जानकारी प्रदान की गई थी।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्–राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र पुस्तकालय की सदस्यता पाठकों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए खुली हैः

आधिकारिक सदस्यः इनमें भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सदस्य/भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी और इसके नियमित व्यावसायी कर्मचारी (अर्थात अनुसंधान सहायक/प्रलेखन सहायक और अन्य) शामिल हैं। वे पुस्तकालय से पुस्तकें उधार लेने के हकदार हैं।

परामर्श सदस्यः शिक्षाविदों, शोधार्थियों, छात्रों और सेवानिवृत्त व्यक्तियों और पाठकों की अन्य श्रेणियों सहित आम जनता के सदस्यों के लिए भी परामर्श सुविधा प्रदान की जाती है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् लाभार्थी सदस्यः भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के कार्यक्रमों और योजनाओं से लाभान्वित सभी विद्वानों और शोधकर्ताओं को यह सदस्यता दी जाती है।

उधार लेने वाले सदस्यः पुस्तकालय के सदस्यों के रूप में पंजीकृत सामाजिक वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, छात्रों और सामान्य पाठकों के लिए पुस्तक उधार लेने की सुविधा प्रदान की जाती है। 1000/– प्रति पुस्तक की जमा राशि पर पुस्तकें जारी की जाती हैं। एक सदस्य को एक बार में दो पुस्तकें जारी की जा सकती हैं।

संस्थागत सदस्यः संस्थागत सदस्यता उपलब्ध है। एक संस्थागत सदस्य द्वारा एक माह की अवधि के लिए पांच पुस्तकें जारी की जा सकती हैं।

अतिथि पाठकः जो अतिथि पाठक एक या दो दिन के लिए पुस्तकालय से परामर्श करना चाहते हैं, उनके लिए कोई शुल्क नहीं है। उन्हें एक दिन के लिए एक अतिथि कार्ड जारी किया जाता है। पुस्तकालय सदस्यता फॉर्म पुस्तकालय काउंटर पर उपलब्ध है और हमारी वेबसाइट **www.icssr.org** पर ऑनलाइन उपलब्ध है। वर्ष के दौरान अतिथि सदस्यों सहित कुल 170 अध्येताओं ने सदस्यता ली है और एक संस्था ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया है।

दस्तावेजों का वितरण (निर्गम/वापसी): राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र की सेवाओं का उपयोग करने वाला पाठक आमतौर पर एक शोधकर्ता होता है जो

अपने डॉक्टोरल/पोस्ट डॉक्टोरल के लिए काम कर रहा होता है या कोई सम्मेलन पत्र लिख रहा होता है या किसी शोध परियोजना पर काम कर रहा होता है। इस प्रयोजन के लिए, उसे पत्र–पत्रिका के लेख, संस्थागत पत्रों सहित ग्रे साहित्य की आवश्यकता होती है, जैसे, वर्किंग पेपर्स/डिस्कशन पेपर्स/सामयिक पेपर्स आदि। यह एक परामर्श संग्रह है जिसका उपयोग शोधकर्ताओं द्वारा केवल रिडिंग कक्ष में किया जाना होता है। हालाँकि, ग्रे लिटरेचर के अलावा, कुल 172 दस्तावेज, उधार लेने वाले सदस्यों के बीच परिचालित किए गए थे।

लाइब्रेरी से उधारः शोधकर्ता/पुस्तकालयों को किताबें/पत्रिकाएं उपलब्ध कराने के लिए, जो राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र में उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें अन्य पुस्तकालयों से उधार पर प्राप्त करता है। इसी तरह, इसके द्वारा बाहरी पुस्तकालयों को किताबें और पत्रिकाएं जारी की जाती हैं। वर्ष के दौरान बाहरी पुस्तकालयों को 50 पुस्तकें जारी की गईं। राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र डेलनेट (डेवलपिंग लाइब्रेरी नेटवर्क) का सदस्य है और इसकी सेवाओं का उपयोग लाइब्रेरी से उधार लेने के लिए भी किया जाता है।

ई–संसाधनः रीडिंग हॉल में तीन कंप्यूटर टर्मिनल विशेष रूप से ई–संसाधनों के उपयोग के लिए हैं। इसके सदस्य पुस्तकालय में ऑनलाइन पत्रिकाओं को भी देख सकते हैं। ग्यारह ऑनलाइन ई–संसाधन (सभी सब्सक्राइब्ड) और अन्य डिजिटल संसाधन पुस्तकालय में उपलब्ध हैं, जिसका लाभ शोधकर्ता उठाते है। इन ई–संसाधनों का उपयोग राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र परिसर में 165 शोधार्थिओं द्वारा किया गया था। इनके अलावा, शोधार्थिओं द्वारा संदर्भ प्रश्नों के उत्तर देने के लिए, ग्रंथ सूची के संकलन के लिए और राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र की अन्य सेवाएं लेने के लिए ई–संसाधनों का भारी उपयोग किया गया था।

अनुसंधान सामग्री का अधिग्रहण – पुस्तकें/थीसिस/पत्रिकाएं/ई–संसाधनः 2020–21 के दौरान, राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के संग्रह में 725 दस्तावेज जोड़े गए हैं। इसमें 579 किताबें खरीद कर, 107 शोध रिपोर्ट और 39 किताबें प्रिंट प्रारूप में उपहार के रूप में प्राप्त हुईं। कुल 44 भारतीय पत्रिकाओं को उपलब्ध कराया गया, 137 पत्रिकाओं को मुफ्त में प्राप्त किया गया, 14 दैनिक समाचार पत्रों और 11 लोकप्रिय पत्रिकाओं को भी पाठकों के लिए उपलब्ध कराया गया। भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों की वार्षिक रिपोर्ट के साथ अन्य विभिन्न संस्थानों को भी राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के संग्रह में जोड़ा गया। राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के लिए निम्नलिखित ई–संसाधनों की सदस्यता ली गईः 1. इकानलिट के पूर्ण पाठ (ई.बी.एस.सी.ओ.), 2. एजुकेशन सोर्स (ई.बी.एस.सी.ओ.), 3. इंडियास्टेट (डेटानेट इंडिया), 4. जे–गेट सामाजिक और प्रबंधन विज्ञान, कला और मानविकी (सूचना विज्ञान), 5. जे.एस.टी.ओ.आर. (यू.एस.ए., इथाका), 6. पूर्ण पाठ के साथ लिस्टा (पुस्तकालय, सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार) (ई.बी.एस.सी.ओ.), 7. राजनीति विज्ञान पूर्ण (ई.बी.एस.सी.ओ.), 8. प्रूस आईक्यू (भारतीय अर्थव्यवस्था की निगरानी के लिए केंद्र), 9. साईक आर्टीकल्स (ई.बी.एस.सी.ओ.), 10. सेकइंडेक्स का पूर्ण पाठ (ई.बी.एस.सी.ओ.) (समाजशास्त्र) और 11. डेलनेट (विकासशील पुस्तकालय नेटवर्क), इस तरह यह 11 डेटाबेस तक पहुँच प्रदान करता है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अनुसंधान संस्थानों (आर.आई.) और क्षेत्रीय केंद्रों (आर.सी.) के लिए ई–संसाधनः सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान को आगे बढ़ाने के साथ भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अनुसंधान संस्थानों और क्षेत्रीय केंद्रों की अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र ने 2020 में 4 ई–संसाधनों की सदस्यता ली। इन संस्थानों की संख्या के बारे में विवरण तालिका 2.11 में दिया गया है।

लघु ग्रंथ सूची / साहित्य खोज सेवा का संकलनः 2020–21 के दौरान, राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान

तालिका 2.11

क्रम संख्या	ई–संसाधनों के नाम	साइटों की संख्या (अनुसंधान संस्थान और क्षेत्रीय केंद्र)
1	इकोनलिट पूर्ण पथ के साथ (यूएसए, ईबीएससीओ)	10
2	इंडियास्टेट और इसकी अन्य सभी सहयोगी साईटे (डेटानेट इंडिया)	6
3	जेएसटीओआर (यूएसए, इथाका)	10
4	प्रोवेश आईक्यू (इंडिया, सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडीयन इकोनोमी)	5

प्रलेखन केंद्र के परिशिष्ट में 11 लघु और सारगर्भित ग्रंथ सूची संकलित किया गया और शोधार्थियों के मांग के आधार पर इसकी पूर्ति की गई।

ग्रंथ सूची सम्बंधी विषय : 2020–21 के दौरान, विभिन्न विषयों के 19 ग्रंथ सूची तैयार की गई हैं जो राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के परिशिष्ट में सूचीबद्ध हैं। अब तक 581 अध्येताओं ने इन ग्रंथ सूचियों का अध्ययन किया है।

डेटा सेवाएँ: 2020–21 के दौरान, विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एम्स, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, डीम्ड विश्वविद्यालयों और राज्य विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थाओं, आई.आई.टी., आई.सी.ए.आई., एन.आई.टी. और अन्य शोध संस्थानों को 2587 डेटासेट प्रदान किए गए हैं। प्रत्येक डेटासेट की संख्या (1) ऋण और निवेश (117), (2) घरेलू पर्यटन (49), (3) आर्थिक जनगणना (58), (4) शिक्षा (122), (5) रोजगार और बेरोजगारी (556), (6) उद्यम (563), (7) स्वास्थ्य देखभाल (69), (8) घरेलू उपभोक्ता व्यय (840) और (9) आवास की स्थिति (213) है।

माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश सेवाएं: राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के परिशिष्ट में माइक्रोफिल्म रीडर सुविधा के साथ–साथ माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश का अच्छा संग्रह (लगभग 3500) है।

सतत शिक्षा कार्यक्रमः नवीनतम घटनाओं से रूबरू रहने और सामाजिक विज्ञान की जानकारी प्राप्त करने में विशेष कौशल विकसित करने के लिए, राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के द्वारा नियमित आधार पर सतत शिक्षा कार्यक्रम के तहत अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यशालाओं/सेमिनार/संवादात्मक सत्रों और व्याख्यानों का आयोजन किया जाता है। इस अवधि के दौरान, ऑनलाइन संसाधनों के उपयोग और पहुँच के आधार पर शैक्षणिक समुदाय के लिए आठ (8) प्रशिक्षण/अभिविन्यास सत्र आयोजित किए गए जैसेः (1) जे–गेट; (2) कौशलबुद्धि; (3) इंडियास्टेट; (4) जे.एस.टी.ओ.आर.; (5) ई.बी.एस.सी.ओ. होस्ट इकानलिट के साथ, पूर्ण राजनीति विज्ञान, सामाजिक–सूचकांक, शिक्षा स्रोत और मानसिक लेख आदि शामिल हैं। (6) राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के रिमोटएक्सः एक ऑनलाइन डिजिटल संसाधन एक्सेस पोर्टल है। ऐसे में इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से पुस्तकालय द्वारा 300 से अधिक शोधार्थीओं को लाभान्वित किया गया।

मूल्य संवर्धित सेवाएंः "राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के अनुसंधान सूचना शृंखला" के तहत नियमित आवधिक अंतराल पर विभिन्न प्रकाशनों को प्रकाशित करके वर्तमान जागरूकता की सेवाएँ (सी.ए.एस.) प्रदान की जाती है। 2020–21 के दौरान, नए नौ (9) अंक सारांश के साथ 'नए परिवर्धन' की सूची में और 'वर्तमान सामग्री' के नौ (9) विषयों को सामने लाया गया। (4) समाचार–पत्र क्लिपिंग सेवाओं के चार अंक विषयवार सूचकांक के साथ प्रकाशित किए गए।

2020–21 के लिए व्यावसायिक निकायों की सदस्यताः व्यावसायिक कौशल के विकास और नेटवर्किंग के तहत, राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र पेशेवर निकायों और नेटवर्क के लिए नियमित रूप से वार्षिक सदस्यता प्राप्त कर रहा है और 2020–21 में, डेलनेट की सदस्यता का नवीनीकरण किया गया था। इस प्रकार की सदस्यता राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र को उनकी विभिन्न सेवाओं जैसे इंटर लाइब्रेरी ऋण सुविधा और ऑनलाइन डेटाबेस तक पहुंच आदि के लिए आवश्यक है। वर्ष 2020–21 के दौरान राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र के द्वारा किया गया कुल व्यय ₹ 90.93 लाख था। राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र की गतिविधियों (सदस्यों, सेवाओं आदि) के बारे में विस्तृत जानकारी तालिका 2.12 में दी गई हैः

तालिका 2.12

राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र की गतिविधियों, सदस्यों, सेवाओं आदि की सूचना (शुरूआती दौर से)

विवरण	कुल
सदस्यों की संख्या	3245
ई–संसाधनों की सदस्यता	232
शोध सामग्री का अधिग्रहणः पुस्तकें/थीसिस/पत्रिकाएँ	1,23,718
लघु ग्रंथ सूची/साहित्य खोज सेवाओं का संकलन आदि	7,538
आगंतुकों की संख्या	2,19,444
कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम (राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र द्वारा संचालित/वित्त पोषित)	129
कोई अन्य सूचना (शिक्षा यात्रा आगंतुक)	572

तालिका 2.13

भा.सा.वि.अ.प गतिविधियों के आउटरीच पर मात्रात्मक जानकारी (2020–21)

क्र. सं.	कार्यक्रम/योजना का नाम	लाभार्थियों की संख्या	
		प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
1.	अनुसंधान कार्यक्रम/परियोजनाएं	376	1880
2.	इंपैक्टफुल पोलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज (इम्प्रेस) (जारी)	740	3675
3.	अनुसंधान अध्येतावृत्तियां (राष्ट्रीय) (जारी)	04	–
4.	अनुसंधान अध्येतावृत्तियां (वरिष्ठ) (जारी)	44	–
5.	अनुसंधान अध्येतावृत्तियां (पोस्ट–डॉक्टोरल) (जारी)	256	512
6.	अनुसंधान अध्येतावृत्तियां (डॉक्टोरल) (जारी)	776	1552
7.	प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम	15	745
8.	राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन	1803	–
9.	अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन	177	–
10.	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम	28	95
11.	क) प्रकाशन अनुदान	150	4500
	ख) रिसर्च जर्नल अनुदान (ग्रांट)	660	1,32,000
	ग) अनुरक्षण एवं विकास अनुदान	07	2100
12.	अनुसंधान संस्थान (24)	55,187	44,923
13.	क्षेत्रीय केंद्र (छह)	10,380	15,000
14.	राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र (नेस्डॉक)	9807	–
	कुल	**80,410**	**2,06,982**

3

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

'अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम' के माध्यम से सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा देना भा.सा.वि.अ.प. द्वारा किए जाने वाले प्रमुख कार्यों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत, परिषद् भारतीय और विदेशी शोधार्थिओं को भारत और विदेशों में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में संवाद करने, सीखने, शोध करने और उसमें योगदान करने का अवसर प्रदान करती है। परिषद् इस कार्यक्रम के तहत कई महत्वपूर्ण गतिविधियां करती है, जिसमें, विदेशी वित्त पोषण परिषदों और सामाजिक विज्ञान के संगठनों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोगात्मक सम्बंध स्थापित करने, भारतीय अध्येताओं को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध पेपर प्रस्तुत करने और विदेशों में आँकडा संग्रह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना आदि शामिल हैं।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में अपने समकक्ष संस्थाओं के साथ मजबूत द्विपक्षीय सामाजिक विज्ञान सहयोगात्मक सम्बंध स्थापित किए हैं। इसके साथ–साथ, परिषद् अन्य देशों के साथ भारत सरकार के 'सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम' और 'शैक्षिक आदान–प्रदान कार्यक्रम' की प्रमुख कार्यान्वयन संस्थाओं में से एक है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् का अति महत्वपूर्ण कार्य देश में अंतर– विषयक/बहुविषयक और नीति सम्यक सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा देना और वित्तीय सहायता देना है और इस तरह, भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को आकार देने और मजबूत करने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करना है जिसमें समकक्ष विदेशी परिषदों व अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान भी शामिल है। इसका उदेश्य अनुसंधान के क्षेत्र में व्यापक, चुनौतीपूर्ण और नवोन्मुख प्रशिक्षण के माध्यम से सामाजिक वैज्ञानिकों की क्षमता का निर्माण करना है।

सामाजिक विज्ञान से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद और चर्चा को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों को आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा शुरू की गयी 'सेमिनार अनुदान योजना' का मुख्य उद्देश्य सामाजिक विज्ञान के विशिष्ठ क्षेत्रों के साथ–साथ अंतर–अनुशासनात्मक क्षेत्रों में अनुसंधान को प्रायोजित करना है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् 'अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम' के द्वारा सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय और विदेशी सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच अकादमिक विमर्श और शोध करने का अवसर प्रदान करती है। साथ ही, भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिन्हें विदेशों में सेमिनारों/सम्मेलनों में पेपर प्रस्तुत करने लिए आमंत्रित किया गया है और जो सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। इसके साथ, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् उन सामाजिक वैज्ञानिकों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है, जो अपने शोध कार्य के संबंध में डेटा संग्रहण या अभिलेखीय सामग्री एकत्रित करने के उद्देश्य से विदेश जाते है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् पिछले कुछ वर्षों में भारत में एक प्रमुख सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संगठन के रूप में उभरा है, जिसकी उपस्थिति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साफ देखी जा सकती है। भारत और दुनिया के अन्य देशों के सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच अकादमिक संबंधों को बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियां अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विभाग का एक प्रमुख कार्य रहा है। ऐसे में परिषद् की ओर से यह विभाग अनेक देशों और संगठनों के साथ आपसी सहयोग और संयुक्त अनुसंधान के कार्यक्रमों का नेतृत्व करता है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। ऐसे में परिषद् विभिन्न देशों के मौजूदा कार्यक्रमों के साथ अपना सहयोग जारी रखे हुए है जैसे–वियतनाम सामाजिक विज्ञान अकादमी (वी.ए.एस.एस.), नेशनल साइंस फाउंडेशन (एन.एस.एफ.), श्रीलंका, आर्थिक

और सामाजिक अनुसंधान परिषद् (ई.एस.आर.सी.), यूके, नीदरलैंड वैज्ञानिक संगठन (एन.ओ.डब्ल्यू.), नीदरलैंड, जर्मन रिसर्च फाउंडेशन (डी.एफ.जी.), जर्मनी, कोरियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (के.ओ.एस.एस.आर.ई.सी.), कोरिया गणराज्य, ज्यूरिख यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज (जेड. एच.ए.डब्ल्यू.), स्विट्जरलैंड, स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन (एस.एन.एस.एफ.), स्विट्जरलैंड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मोस्ट), ताइपे, ताइवान, जापान सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस (जे.एस.पी.एस.), जापान, मानविकी और सामाजिक विज्ञान के लिए राष्ट्रीय संस्थान (एन.आई. एच.एस.एस.), दक्षिण अफ्रीका, फिलीपीन सामाजिक विज्ञान परिषद् (पी.एस.एस.सी.), फिलीपींस, ब्रिटिश काउंसिल (बी.सी.), यू.के., यूरोपीय आयोग (ई.सी.), स्वीडिश रिसर्च काउंसिल फॉर हेल्थ, वर्किंग लाइफ एंड वेलफेयर (एफ.ओ.आर.टी.ई.), स्वीडन, एकेडमी ऑफ साइंसेज एंड आर्ट्स ऑफ बोस्निया और हर्जेगोविना (ए.एन.यू.बी.आई.एच.), साराजेवो, बोस्निया और हर्जेगोविना। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के थाईलैंड, फ्रांस और चीन के साथ सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम भी चल रहे हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् का सामाजिक विज्ञान और मानविकी (ई.क्यू.यूआई.पी.) विषय पर ईयू–इंडिया प्लेटफॉर्म के साथ बहुपक्षीय सहयोगात्मक सम्बंध है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् यूनेस्को के 'मोस्ट' कार्यक्रम और लैटिन अमेरिकन सामाजिक विज्ञान परिषद् (सी.एल.ए.सी.एस.ओ.) इत्यादि के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संगठनों जैसे इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ सोशल साइंस ऑर्गेनाइजेशन (आई.एफ.एस.एस.ओ.), इंटरनेशनल साइंस काउंसिल (आई. एस.सी.), साइंस काउंसिल ऑफ एशिया (एस.सी.ए.), संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की गतिविधियों में भाग लेता रहा है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यूनेस्को (आई.एन.सी.सी.यू) के साथ सामाजिक विज्ञान पर गठित उप–समिति की प्रमुख संस्था भी है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् को अंतर–विषयक और बहु–विषयक सहयोग के माध्यम से विस्तृत आधार देना

भारत में वैज्ञानिक, चिकित्सा और कृषि परिषदों के भी अपने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ,जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् जैसे अनुसंधान संगठनों के साथ ऐसे कार्यक्रम विकसित किये जा रहे है, जिनका समाज और विज्ञान के बीच द्विपक्षीय या बहुपक्षीय समझौतों के माध्यम से एक मजबूत और गहरा संबंध बनेगा। इसके साथ साथ भा.सा.वि.अ.प. संयुक्त कार्यशालाओं और सेमिनारों के लिए देश के आई.आई.एम., आई.आई.टी. और एन.आई.टी. के साथ सहयोग करने की योजना बना रहा है। इसी तरह, भा.सा.वि.अ.प. की भारत के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एन.एल.यू.) के साथ सहयोगात्मक व्यवस्था करने की योजना है। भा.सा.वि.अ.प. नए कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से एक मजबूत अग्रणी भूमिका निभाने के लिए लगातार कदम बढ़ाए जा रहा है।

द्विपक्षीय सहयोगात्मक कार्यक्रम

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच आदान–प्रदान, संयुक्त कार्यक्रम, संयुक्त परियोजनाओं, संयुक्त प्रकाशनों, पुस्तकों और पत्रिकाओं के आदान–प्रदान आदि जैसी गतिविधियों को लागू करने के लिए कई देशों के समानांतर संगठनों के साथ 'द्विपक्षीय सहयोगात्मक कार्यक्रमों' पर हस्ताक्षर किए हैं। परिषद् ने अपनी "विजिट ऑफ डिस्टिंगविश्ड स्कॉलर" योजना के अंतर्गत प्रतिष्ठित विदेशी अध्येताओं को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित करने की भी योजना बनाई है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् का निम्नलिखित संगठनों या देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग हैः

आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान परिषद् (ई.एस.आर.सी.), यू.के.

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान परिषद्, यू.के. का 1 अप्रैल, 2008 से द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम चल रहा है। 14 सितंबर, 2018 को तीन साल की अवधि के लिए नवीनीकृत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

मानविकी और सामाजिक विज्ञान राष्ट्रीय संस्थान (एन.आई.एच.एस.एस.), दक्षिण अफ्रीका

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और मानविकी और सामाजिक विज्ञान राष्ट्रीय संस्थान (एन.आई. एच.एस.एस.), दक्षिण अफ्रीका ने 4 अगस्त, 2020 को तीन साल की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है, जो अगले तीन वर्षों के लिए नवीकरणीय है, जब तक कोई भी पक्ष इस समझौते की समाप्ति की सूचना नहीं देता।

जापान सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ साइंस (जे.एस.पी.एस.), टोक्यो, जापान

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और जेएसपीएस ने तीन साल की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है जिसकी शुरूवात 26 फरवरी, 2015 से हुई थी और उसके बाद यह अपने आप आगे के तीन साल की अवधि के लिए बढ़ जाएगा, जब तक कि कोई भी पक्ष इसे समाप्त करने की इच्छा व्यक्त नहीं करता।

ज्यूरिख यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज (जेड.एच.ए.डब्ल्यू.), स्विट्जरलैंड

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और ज्यूरिख यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज (जेड.एच.ए.डब्ल्यू.), को स्विट्जरलैंड स्विस स्टेट सेक्रेटेरिएट फॉर एजुकेशन, अनुसंधान एवं नवाचार (एस.ई.आर.आई.) के द्वारा अपनी क्षमता में 'प्रधान सदन' के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक और शोधार्थिओं के सहयोग और विनिमय के महत्व को समझते हुए इनके द्वारा 10 अप्रैल 2019 को एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किया गया और यह 31 दिसंबर 2020 तक लागू रहा। इसके बाद, अग्रणी सदन से आगे के विस्तार का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

फिलीपींस सोशल साइंस काउंसिल (पी.एस.एस.सी.), फिलीपींस

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और फिलीपींस सोशल साइंस काउंसिल, फिलीपींस के द्वारा 27 मई 2020 को तीन साल की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया, जो कि अगले तीन वर्षों के लिए नवीकरणीय होगा, जब तक कोई भी पक्ष समाप्त करने की सूचना नहीं देता।

ब्रिटिश काउंसिल (बी.सी.), यू.के.

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और ब्रिटिश काउंसिल, यू.के. के द्वारा 22 सितंबर 2020 को एक ऑपरेशनल एलायंस एग्रीमेंट (ओ.ए.ए.) पर हस्ताक्षर किया गया। ब्रिटिश काउंसिल के साथ इस सहयोग से यू.के. और भारतीय दोनों के उच्च शिक्षा संस्थानों के सामाजिक विज्ञान के अध्येताओं को अपनी शोध क्षमताओं को विकसित करने का अवसर मिलेगा । 'न्यूटन भाभा फंड पीएच.डी. प्लेसमेंट प्रोग्राम' की शुरूआत करना इस समझौते के अंतर्गत यह महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक है।

यूरोपियन आयोग (ई.सी.), यूरोप

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और यूरोपियन आयोग के द्वारा वैज्ञानिक सहयोग बढ़ाने के लिए 28 अक्टूबर 2020 को एक नई कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किया गया है। यह उत्कृष्ट भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को यूरोप में छोटी अवधि के लिए अनुसंधान टीमों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता है और इसके लिए यूरोपीय अनुसंधान परिषद् (ई.आर.सी.) द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। भारत में, यूरोपीय संघ के राजदूत और आई.सी.एस.एस.आर. के सदस्य सचिव, ने 28 अक्टूबर 2020 को आभासी माध्यम से कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय संघ और भारत ने पहले भी अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग किया है, लेकिन यह सामाजिक विज्ञान और मानविकी में अनुसंधान की सीमा को बढ़ावा देने वाली पहली योजना है। इस तरह, इस व्यवस्था पर हस्ताक्षर के साथ ही बहुपक्षीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

भा.सा.वि.अ.प. का 'इंडिया–ईयू स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिपः ए रोडमैप टू 2025' की अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है, जो 15 जुलाई 2020 को आयोजित भारत और यूरोपीय संघ (ई.यू.) के बीच 15वें शिखर सम्मेलन का परिणाम है। इसमें सामाजिक विज्ञान और मानविकी के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने का उल्लेख है।

स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन (एस.एन.एस.एफ.), स्विट्जरलैंड

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं (जे.आर.पी.एस.) के लिए संयुक्त रूप से एक द्विपक्षीय आमंत्रण शुरू किया है जिसके लिए 27 नवंबर 2020 को स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन (एस.एन.एस.एफ.), स्विट्जरलैंड के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किया हैं। संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का उद्देश्य संयुक्त आमंत्रण के द्वारा वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, आपसी हित को सुनिश्चित करने और दोनों पक्षों की निधियों को समायोजित करने के सिद्धांतों पर आधारित होगा और आठ परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए सहमती हुई, बशर्ते कि पर्याप्त संख्या में उत्कृष्ट प्रस्ताव प्राप्त हों। रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, 'आई.सी.एस.एस.आर. के द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम' के तहत निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गयाः

भा.सा.वि.अ.प.–जे.एस.पी.एस. (जापान) द्विपक्षीय कार्यक्रम

भा.सा.वि.अ.प और जे.एस.पी.एस., ने जापानी और भारतीय शोधकर्ताओं के बीच मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अकादमिक सहयोग के आधार को विकसित करने के महत्व को स्वीकार किया हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत की जाने वाली प्रमुख गतिविधियां हैं– (1) संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, (2) संयुक्त सेमिनार और (3) अन्य सहयोगी गतिविधियाँ। भा.सा.वि.अ.प. और जे.एस.पी.एस. ने संयुक्त रूप से सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में भारत–जापान सहयोग के तहत अनुसंधान करने के लिए भारतीय और जापानी शोधार्थिओं को संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं और संयुक्त संगोष्ठी के लिए आमंत्रित किया है और संयुक्त आमंत्रण के परिणाम स्वरूप दोनों पक्षों को अच्छी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया से गुजरने के बाद, निम्नलिखित तीन संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं और दो संयुक्त सेमिनारों को मंजूरी दी गई (तालिका 3.1 और तालिका 3.2)

भा.सा.वि.अ.प.–जेड.एच.ए.डब्ल्यू (ZHAW), संयुक्त वेबिनार

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भा.सा.वि.अ.प.), सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में ज्यूरिख यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज (जेड.एच.ए. डब्ल्यू.), स्विट्जरलैंड के साथ द्विपक्षीय सहयोग कर रही है। इस दिशा में, भा.सा.वि.अ.प.–जेड.एच.ए.डब्ल्यू. के द्वारा 24 नवंबर, 2020 को भा.सा.वि.अ.प., नई दिल्ली में आयोजित 'स्वास्थ्य और पर्यावरण' पर एक संयुक्त ऑनलाइन वेब अनुभव आदान–प्रदान सत्र का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन अनुभव आदान–प्रदान सत्र का मुख्य उद्देश्य यह था कि भारत और स्विटजरलैंड के बीच सामाजिक विज्ञान सहित वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिले। हालाँकि, महामारी के कारण भारत और स्विट्जरलैंड में सामाजिक विज्ञान के शोधकर्ताओं के बीच चल रहे या नियोजित सहयोग को स्थगित करना पड़ा। यह संक्षिप्त ऑनलाइन अनुभव का आदान–प्रदान दोनों देशों के सहकर्मियों

तालिका 3.1

भारत – जापान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएँ

क्र.सं.	भारतीय मुख्य सहयोगकर्ता	जापानी मुख्य सहयोगकर्ता	परियोजना का नाम
1.	गौरव द्विवेदी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली।	केण्टरों तमुरा प्रोग्राम डायरेक्टर ऑफ क्लामेट एंड एनर्जी एरिया, इन्स्टिट्यूट फॉर ग्लोबल इनवायरमेंटल स्ट्रैटेजीज (आईजीईएस), 2108–11, कमियानमगूची, हायमा, कानागवाँ, जापान	को– इनोवेशन इन इलेक्ट्रिक वेहिकल (इवी) सेक्टोरल एंड कोलैबोरेटिव रिसर्च बिटवीन इंडिया एंड जापान फॉर लो–कार्बन ट्रैंजिशन
2.	सुबीर सेन असिस्टेंट प्रोफेसर मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग, सेंटर ऑफ एक्सलेन्स इन डिजास्टर मिटिगेशन एंड मैनजमेंट (सीओइडीएमएम) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की, उत्तराखंड।	बिजयोन कुमार मित्रा सीनियर वॉटर रिसोर्स स्पेशलिस्ट इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल इनवायरमेंटल स्ट्रैटेजीज, 2108–11, कमियानमगूची, हायमा, कानागवाँ, जापान	इकोसिस्टम सेंट्रिक रुरल रिवाइटलाईजेशन : ब्रिजिंग द अर्बन–रुरल डाइकाटमी टूवॉर्ड्स पोस्ट–कोविड रेजिल्यंट रिकवरी
3.	एस. इरुदया रजनी प्रोफेसर सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज, प्रशांत नगर, मेडिकल कॉलेज, पी ओ उल्लूर, तिरूवनंतपुरम।	यूको टीसूजिता सीनियर रीसर्च फैलो इंस्टिट्यूट ऑफ डवेलोपिंग इकॉनमीज, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनायजेशन (आईडीइ–जेईटीआरओ),3–2–2,वकबा मिहमा–कू चिबा, जापान	द इम्पैक्ट ऑफ द कोविड–19 पैंडेमिक ऑन इंटरनैशनल नर्स माइग्रेशन फ्रोम इंडिया

तालिका 3.2
भारत–जापान संयुक्त संगोष्ठी

क्र.सं.	भारतीय प्रमुख सहयोगकर्ता	जापानी प्रमुख सहयोगकर्ता	संगोष्ठी का शीर्षक
1	मनीष कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल विभाग, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेस, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जंत–पाली, महेंद्रगढ़ हरियाणा।	कोइची किमोतो क्वानसी गाकुइन विश्वविद्यालय 1–155, यूगाहारा इचिबन–चो, निशिनोमिया, ह्योगो, 662–8501, जापान	ट्रडिशन एंड सक्सेशन ऑफ रीजिनल जियोग्राफी इन इंडिया
2.	चंद्रशेखर बहिनीपति असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुपति, आंध्र प्रदेश।	कृष्ण प्रभाकर शिवपुरम वेंकट अनुसंधान प्रबंधक और वरिष्ठ नीति शोधकर्ता इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल एनवायरमेंटल स्ट्रेटेजीज 2108–11, कामियामागुची, हयामा, कनागावा।	अंडरस्टैंडिंग एंड अड्रेसिंग सिस्टेमिक रिस्क्स बिहाइंड द सोसियो–इकनामिक इम्पैक्ट ऑफ कोविड–19 इन इंडिया एंड जापानः डेवेलोपिंग ए रोडमैप फोर रेजिलेंट एंड सस्टेनेबल फ्यूचर।

को 'स्वास्थ्य और पर्यावरण' के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए अनुभवों और विचारों का आदान–प्रदान करने का एक सुगम मार्ग है। इस ऑनलाइन सत्र में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालयों, प्रयुक्त विज्ञान के विश्वविद्यालयों या विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षा और संबंधित शोधकर्ता संगठनों के लगभग 350 संकायों और शोधकर्ताओं ने पंजीकरण कराया। भाग लेने वाले देशों में से प्रत्येक के तीन वक्ताओं ने व्यापक विषयों पर संबोधन किया और दोनों पक्षों ने दिए गए विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी।

भा.सा.वि.अ.प.–पी.एस.एस.सी. संयुक्त वेबिनार

आई.सी.एस.एस.आर.–फिलीपींस सोशल साइंस काउंसिल (पी.एस.एस.सी.) ने कोविड–19 महामारी के दौरान सामाजिक वैज्ञानिकों के काम और अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हुए वेबिनार की एक श्रृंखला का आयोजन किया। इस वेबिनार श्रृंखला का नाम 'स्टोरीज फ्रॉम सोशल साइंस कम्युनिटीज इन इंडिया एंड द फिलीपींस एंड द कोविड –19' रखा गया, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से अकादमिक आदान–प्रदान को प्रोत्साहित करना है और भारत और फिलीपींस में सरकारों और सामाजिक वैज्ञानिकों के दृष्टिकोण और कोविड –19 प्रतिक्रियाओं की जांच करना है।

'भारत और फिलीपींस में कोविड –19 प्रतिक्रिया की जांच' विषय पर पहला वेबिनार 15 अक्टूबर 2020 को आयोजित किया गया था।

दूसरा वेबिनार 'कोविड–19 महामारी के दौरान भारत और फिलीपींस में सामाजिक सुरक्षा नीतियां और तंत्र' विषय पर 18 नवंबर 2020 को आयोजित किया गया था।

तीसरा वेबिनार 28 जनवरी 2021 को 'कोविड–19 के दौरान आर्थिक प्रोत्साहन' विषय पर आयोजित किया गया था।

भा.सा.वि.अ.प.–आर.ए.एस. संयुक्त वेबिनार

31 मार्च और 1 अप्रैल 2021 को भा.सा.वि.अ.प., अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विभाग, रूसी विज्ञान अकादमी (आर.ए.एस.) और मॉस्को, रूस में भारतीय दूतावास के सहयोग से संयुक्त रूप से 'सांस्कृतिक विरासत संरक्षण' विषय पर एक वैज्ञानिक वेबिनार आयोजित किया गया था। वेबिनार का विषय इतिहास और दर्शन शास्त्र के क्षेत्र में रूसी–भारतीय सहयोग पर केंद्रित था। पारस्परिक विमर्श न केवल नेटवर्क बनाती है बल्कि दोनों पक्षों के सहयोगी अनुसंधान हितों को भी ध्यान में रखती है। विरासत विज्ञान के अंतर–विषयक कार्य क्षेत्र के पहलुओं से संबंधित विषयगत क्षेत्र विरासत विज्ञान की समझ और सतत उपयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वेबिनार में प्रस्तुतीकारण के द्वारा संग्रहालयों, दीर्घाओं, पुस्तकालयों, अभिलेखागार के संरक्षण का विश्लेषण किया गया और उपकरणों और ज्ञान के विकास से संबंधित कार्यों को समझा गया, ताकि पुरातत्व और अन्य अनुप्रयोगों के माध्यम से वर्तमान और दीर्घकालिक लाभों के लिए विरासत का निरंतर विश्लेषण एवं व्याख्या की जा सके।

कोविड–19 सुधार के लिए संयुक्त राष्ट्र का अनुसंधान रोडमैप

भा.सा.वि.अ.प. ने संयुक्त राष्ट्र के उप महासचिव द्वारा अधिकृत किए गए 'कोविड–19 रिकवरी के लिए संयुक्त राष्ट्र अनुसंधान रोडमैप' के विकास पर सलाह देने के लिए बनाए गए 'सोशल प्रोटेक्शन स्टीयरिंग ग्रुप' की सह–अध्यक्षता की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद **कोविड –19 रिकवरी के लिए संयुक्त राष्ट्र अनुसंधान रोडमैप** पर अंतिम सिफारिशें जारी की गई हैं। इस रोडमैप में कोविड–19 से सामाजिक–आर्थिक सुधार के लिए 25 अनुसंधान प्राथमिकताओं की रूपरेखा तैयार की गयी है जो एक महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देने में मददगार सिद्ध होगाः कोविड–19 सामाजिक–आर्थिक सुधार के प्रयासों को उद्देश्यपूर्ण रूप से एसडीजी की दिशा में हिस्सेदारी, लचीलापन, स्थिरता और प्रगति को प्रोत्साहित करने के लिए कैसी संरचना बनायी जा सकती है? यह रोडमैप बेहतर सुधार के लिए विज्ञान की रणनीतियों का एक सारांश भी प्रदान करता है और साथ ही उन कार्यों को भी करता है जो शोधकर्ता, वित्त पोषित अनुसंधान एजेंसियां, सरकारें, नागरिक समाज संगठन और संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं कर सकती हैं।

अभिविन्यास कार्यक्रम

भारत सरकार द्वारा श्री विशाल वी. शर्मा को यूनेस्को में भारत के राजदूत/स्थायी प्रतिनिधि के रूप में चुने जाने पर, विदेश मंत्रालय के द्वारा राजदूत शर्मा के लिए एक अल्पकालिक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आई.सी.एस.एस.आर. को सूचित किया गया। अभिविन्यास कार्यक्रम 7 अक्टूबर 2020 को आई.सी.एस.एस.आर. में आयोजित किया गया था। सदस्य सचिव ने विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान पर उप–आयोग के संबंध में यूनेस्को में आई.सी.एस.एस.आर. की भूमिका के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने आई.सी.एस.एस.आर. की गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में एक पावर–पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया, जिसमें बीते वर्षों में आई.सी.एस.एस.आर. द्वारा लाए गए कुछ बेहतरीन प्रकाशनों पर प्रकाश डाला गया। सम्मान के प्रतीक के रूप में उन्हें कुछ बेहतरीन पुस्तकें दी गयी।

भा.सा.वि.अ.प.–आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान परिषद् (ई.एस.आर.सी.) – यू.के. अनुसंधान एवं नवाचार (यू.के.आर.ई.) संयुक्त अनुसंधान परियोजना

भा.सा.वि.अ.प और आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान परिषद् – यू.के. अनुसंधान एवं नवाचार के द्वारा एक सहयोगी द्विपक्षीय अनुसंधान कार्यक्रम 'द फ्यूचर ऑफ यूके–इंडियन ट्रेड एंड क्रॉस बॉर्डर इनवेस्टमेंट इन चेंजिंग ग्लोबल एनवायरनमेंट' के तहत चार संयुक्त परियोजनाओं की घोषणा की गयी है। यह संयुक्त शोध द्विपक्षीय व्यापार और निवेश सम्बन्धों की चुनौतियों और अवसरों का पता लगाएगा और दोनों देशों में नीति और कार्यान्वयन विकास को सीधे सूचित करने के लिए एक मूल्यवान साक्ष्य आधार प्रदान करेगा। प्रत्येक परियोजना टीम में यूके और भारतीय दोनों देशों के शोधकर्ताओं को शामिल किया गया है और सामूहिक रूप से ये परियोजनाएं इस बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिवेश के अनुसार यूके–भारत के द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों की पहचान करेंगी, साथ ही दोनों देशों के सामने नीति संबंधित विकल्प भी प्रस्तुत करेगी। 36 महीने की परियोजनाएं जो 2021 की शुरुआत में यू.के.आर.आई. से 1.3 मिलियन यूरो के निवेश के साथ शुरू हुई और वे भा.सा.वि.अ.प. के प्रयासों से मेल खाती थीं। समीक्षा प्रक्रिया खत्म होने के बाद चार संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिसका विवरण तालिका 3.3 में दिया गया है।

भा.सा.वि.अ.प.–ब्रिटिश परिषद् (यू.के.)

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आई.सी.एस.एस.आर.) और ब्रिटिश परिषद्, लंदन, यू.के. के सहयोग से 'न्यूटन भाभा फंड पीएच.डी. प्लेसमेंट कार्यक्रम' के माध्यम से भारत और यू.के. में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में एक ऑपरेशनल एलायंस एग्रीमेंट (ओ.ए.ए.) शुरू किया गया है। समझौते की संरचना के भीतर, ब्रिटिश काउंसिल और आई.सी.एस.एस.आर. के द्वारा संयुक्त रूप से 'पीएच.डी. प्लेसमेंट प्रोग्राम 2020–21' के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। भारतीय आवेदकों के लिए भा.सा.वि.आ.प. द्वारा और यू.के. के आवेदकों के लिए ब्रिटिश काउंसिल द्वारा अलग–अलग आवेदनों की समीक्षा के बाद 'न्यूटन भाभा पीएच.डी. प्लेसमेंट प्रोग्राम' के शोधार्थियों का अंतिम चयन ब्रिटिश काउंसिल के साथ वर्चुअल ज्वाइंट पैनल मीटिंग के जरिए किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत पैनल ने अंततः

तालिका 3.3

क्र.सं.	प्रधान–अन्वेषक (पी.आई.) भारतीय पक्ष	प्रधान–अन्वेषक (पी.आई.) यूके पक्ष	परियोजनाओं का शीर्षक
1.	प्रतीक राजी सहायक प्रोफेसर–रणनीति भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु, कर्नाटक	सुनील मित्र अर्थशास्त्र व्याख्यता किंग्स इंडिया इंस्टीट्यूट, किंग्स कॉलेज लंदन स्ट्रैंड, लंदन डब्लूसी2आर2एलएस	एनेबलर्स एंड ऑब्सटेकलस फॉर यूके–इंडिया ट्रेडः बैंक्स एंड डाइऐस्पोराज
2.	वसीम अहमद सहायक प्रोफेसर आर्थिक विज्ञान विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (यूपी)	रूथ कट्टुमुरीक सह–निदेशक, भारत वेधशाला लंदन स्कूल ऑफ एकनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस, ह्यूटन स्ट्रीट, लंदन	फ्यूचरिस्टिक इकोसिस्टम फॉर डिजिटल इंटरप्रेन्योरशिपः यूके–इंडिया क्रॉस बॉर्डर कोलैबोरेशन फॉर इन्हैन्सिंग नॉलेज इकॉनमी
3.	मनोज पंत निदेशक और प्रोफेसर अर्थशास्त्र भारतीय विदेश व्यापार संस्थान, नई दिल्ली	इंगो बॉर्चर्ट वरिष्ठ व्याख्याता, ससेक्स विश्वविद्यालय, यू.के.	अन्लॉकिंग द पटेंशियल फॉर फ्यूचर इंडिया–यूके ट्रेड एंड डेवेलपमेंट
4.	सचिन चतुर्वेदी महानिदेशक विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली (आरआईएस) नई दिल्ली	थैंकोम अरुण प्रोफेसर, वैश्विक विकास और जवाबदेही, एसेक्स बिजनेस स्कूल, एसेक्स यूनिवर्सिटी	यूके–इंडिया बाइलैटरल ट्रेड इन फिंटेक एंड फिंटेक–इनैबलड सर्विसेसः ईमर्जिग ट्रेड्स एंड पोटेंशियल फॉर ग्रोथ

तालिका 3.4
भारतीय पीएच.डी. चयनित शोधार्थियों की सूची

क्र.सं.	शोधार्थियों के नाम	गृह संस्था	आतिथेय (Host) संस्था
1.	आर्य प्रियदर्शिनी	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मंडी, हिमाचल प्रदेश	नॉर्थम्प्टन विश्वविद्यालय, यू.के.
2.	आशुतोष समाध्या	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की, उत्तराखंड	डर्बी विश्वविद्यालय, यू.के.
3.	अश्विन त्रिपाठी	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर, गुजरात	वारविक विश्वविद्यालय, यू.के.
4.	भव्य जैनी	टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई	स्वानसी विश्वविद्यालय, स्वानसी, यू.के.
5.	मनीष मनोहरे	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की, उत्तराखंड	यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन
6.	पिनोश कुमार हजारी	भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर	डर्बी विश्वविद्यालय
7.	संगीता भट्ट	महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा, वडोदरा	ओपन यूनिवर्सिटी, यूके
8.	शिवानी घरगे	जनसंख्या विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय संस्थान	एक्सेटर विश्वविद्यालय

तालिका 3.5
यूके पीएच.डी. चयनित शोधार्थियों की सूची

क्र.सं.	शोधार्थियों के नाम	गृह संस्था	आतिथेय (Host) संस्था
1.	एमिली वारिलो	लिवरपूल विश्वविद्यालय	दिल्ली विश्वविद्यालय
2.	नयनतारा प्रकाश	यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड	सेंटर फॉर द स्टडीज ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज, दिल्ली

आठ भारतीय पीएच.डी. शोधार्थियों और दो यूके के शोधार्थियों का चयन किया गया जिनकी सूची तालिका 3.4 में दी गई है।

सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम (सी.ई.पी.)

आई.सी.एस.एस.आर. न केवल भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को अन्य देशों का दौरा करने के लिए अनुदान प्रदान करता है बल्कि सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के तहत विदेशी अध्येताओं का ध्यान भी आकर्षित करता है। इस तरह की यात्राओं का उद्देश्य भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को शोध सामग्री एकत्र करने, व्याख्यान देने, संगोष्ठियों में भाग लेने, पुस्तकालयों का उपयोग करने और सामाजिक वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाना है। भा.सा.वि.आ.प. का वर्तमान में 'सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम' निम्नलिखित संगठनों के साथ चल रहा है:

राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद् थाईलैंड (एन.आर.सी.टी.)

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के 'भा.सा.वि.आ.प.–एन.आर.सी.टी. द्विपक्षीय कार्यक्रम' की संरचना के अंतर्गत सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद् थाईलैंड (एन.आर.सी.टी.), बैंकॉक के साथ सहयोगात्मक संबंध हैं, जिसमें अध्येताओं का आदान–प्रदान और संयुक्त सेमिनार/प्रकाशन शामिल हैं। 11 सितंबर, 2006 को भारत और थाईलैंड के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन 'सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम' की नियमित संरचना पर आधारित है। एन.आर.सी.टी. के साथ वर्तमान समझौता ज्ञापन अगस्त, 2013 में तीन साल की अवधि के लिए हस्ताक्षरित किया गया था और अन्य तीन सालों के लिए स्वतः नवीकरणीय है, जब तक कि कोई भी पक्ष इसे समाप्त करने की सूचना नहीं देता। 'स्कॉलर एक्सचेंज प्रोग्राम' की संरचना के भीतर, भा.सा.वि.अ.प. ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए इस कार्यक्रम के तहत भारतीय अध्येताओं से उनके शोध कार्य के लिए थाईलैंड जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे और इसी तरह एन.आर.सी.टी. ने आवेदनों को आमंत्रित कर उसी प्रक्रिया का पालन किया है। आई.सी.एस.एस.आर. को 20 आवेदन प्राप्त हुए हैं, लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण, दोनों पक्षों ने चयन प्रक्रिया को तब तक रोके रखने का फैसला किया है जब तक कि स्थिति सामान्य नहीं हो जाती और यात्रा प्रतिबंध हटा नहीं दिए जाते।

तालिका 3.6

अध्येताओं के बीच विनिमय का वर्ष–वार वितरण

वर्ष	अध्येताओं का विनिमय
1971–1990	197
1990–2010	553
2010–2011	33
2011–2012	45
2012–2013	33
2013–2014	27
2014–2015	27
2015–2016	11
2016–2017	20
2017–2018	12
2018–2019	12
2019–2020	12
कुल	**982**

अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की सदस्यता

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद् (आई.एस.सी.), एशिया विज्ञान परिषद् (एस.सी.ए.), संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को), एशियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषदों के संघ (ए.एस.एस.आर.ई.सी.) , लैटिन अमेरिकन काउंसिल ऑफ सोशल साइंसेज (सी.एल.सी.एस.ओ.) जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित शोध संस्थाओं का एक संगठनात्मक सदस्य है। परिषद् को यूनेस्को द्वारा आयोजित 'MOST' नामक (सामाजिक परिवर्तन प्रबंधन) नामक कार्यक्रम और इसके कार्यान्वयन की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रमुख संगठन के रूप में पहचाना गया है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, यूनेस्को (आई.एन.सी.सी.यू.) के सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग के तहत शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित सामाजिक विज्ञान की उप–समिति का एक बुनियादी संगठन भी है। आयोग का मुख्य कार्य यूनेस्को से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देना है।

अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद् (आई.एस.सी.) एक सदस्यता–आधारित संगठन है जो एक महासभा और एक निर्वाचित कार्यकारी समिति द्वारा चलाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान

परिषद् के मुख्य सदस्यों में अंतर्राष्ट्रीय व्यवसायिक संगठन और संघ, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और अकादमी, विश्वविद्यालय और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रमुख रुचि रखने वाले संस्थान शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद् का सचिवालय पेरिस में है और इसके द्वारा वैश्विक स्तर पर प्राथमिकता वाली समस्याओं को हल करने के साथ सभी के लिए एक सतत भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक विज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यक्रमों और गतिविधियों के एक गतिशील संविभाग का प्रबंधन किया जाता है।

एशिया विज्ञान परिषद् (एस.सी.ए.) मई 2000 में स्थापित एशिया का एक क्षेत्रीय संगठन है। एस.सी.ए. अध्येताओं के बीच सहयोग को मजबूत करने और नीति निर्माताओं के साथ संवाद को सुविधाजनक बनाने के लिए एशिया के देशों के बीच प्रभावी भागीदारी हो इसके लिए एक बहु–कार्यात्मक नेटवर्किंग मंच प्रदान करने की अपनी भूमिका को ध्यान में रखते हुए काम कर रहा है। एशिया विज्ञान परिषद् ने अपने वैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव को अधिकतम करने के लिए अपने प्रबंधन और गतिविधियों की लगातार समीक्षा की है। आई.सी.एस.एस.आर. सक्रिय रूप से और नियमित रूप से विभिन्न एससीए की वार्षिक बैठकों और वार्षिक सम्मेलनों में भाग लेता है जो परिषद् को अन्य सदस्य देशों के साथ अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित करने में मदद करता है। भा.सा.वि.आ.प. 21वें एससीए सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है जो अगले साल अप्रैल 2022 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है।

एसोसिएशन ऑफ एशियन सोशल साइंस रिसर्च काउंसिल्स (ए.ए.एस.एस.आर.ई.सी.) राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषदों, अकादमियों और संस्थानों का एक संगठन है जो एशिया–प्रशांत देशों के बीच सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह 1973 में इस क्षेत्र में सामाजिक विज्ञान को बढ़ावा देने और सामाजिक विज्ञान के लिए एक एशियाई पहचान बनाने में मदद करने के लिए स्थापित किया गया था। यह क्षेत्र में अध्येताओं के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना चाहता है। एसोसिएशन ऑफ एशियन सोशल साइंस रिसर्च काउंसिल्स अध्येताओं के प्रकाशनों और एशियाई सामाजिक विज्ञान संस्थानों और शोधार्थियों के बीच सूचनाओं का आदान–प्रदान करना चाहता है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् ,लैटिन अमेरिकन सामाजिक विज्ञान परिषद् (सी.एल.ए.सी.एस.ओ.) का एक संस्थागत सदस्य है। सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में लैटिन अमेरिकन सामाजिक विज्ञान परिषद् सबसे बड़ा सामाजिक विज्ञान का शैक्षणिक नेटवर्क है, साथ ही साउथ एंड साउथ लिंकिजेज से वित्तपोषित है। लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में 51 देशों के साथ–साथ संयुक्त राज्य अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप में इसकी सदस्यता है। लैटिन अमेरिकी सामाजिक विज्ञान परिषद् के कार्यकारी सचिव ने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् की प्रतिष्ठा को महत्व देते हुए विशेष उल्लेख किया है कि वह एक संस्थागत सदस्य के रूप में इसके नेटवर्क का हिस्सा बनकर सम्मानित और प्रसन्न महसूस कर रहे है।

4

इंपेक्टफुल पॉलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज (इम्प्रेस) योजना

प्रत्येक राष्ट्र, हर काल में अपने देश के सभी क्षेत्रों में गुणात्मक विकास के लिए प्रयासरत होता है जिसमें आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक आदि सभी आयाम समावेशित है। ये आकांक्षाएँ मानव जाति को हमेशा से समाज की जरूरतों का आकलन करने और उसके अनुसार कुछ नवीन विचारों को विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। क्रमिक विकास की प्रक्रिया बताती है कि कैसे मानव जाति ने विकास के हर स्तर पर समस्याओं और चुनौतियों का सामना किया है और रचनात्मकता, नवाचार और नई तकनीकों और उपकरणों की उन्नति के माध्यम से इन कठिनाइयों और प्रतिकूलताओं को दूर करने का प्रयास किया है। अतः राष्ट्र निर्माण और समाज का विकास एक अनवरत प्रक्रिया है। कई वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं का मानना हैं कि राष्ट्र निर्माण विज्ञान एवं तकनीक या पूंजी निर्माण के विकास का परिणाम है। दुनिया के लगभग सभी प्रमुख देशों में इस विचार को प्रमुखता मिली है, जिसके कारण उनके समाज का बड़ा तबका विज्ञान एवं तकनीकी के विकास की गति में समानता लाने में असफल रहा हैं। इसलिए उन देशों में असंतुलन, गरीबी, कुपोषण, विभिन्न प्रकार के शोषण, असमानता, तनाव, हिंसा, भेदभाव, सुरक्षा आदि से संबंधित कई समस्याएँ पैदा हो गई हैं। इन समस्याओं ने संभावित विकास और कल्याण की प्रक्रिया में बाधाएं उत्पन्न की हैं। इसलिए, प्रत्येक समाज को ऐसी समस्याओं के पूर्ण रूपेण अध्ययन, इनके कारकों, परस्पर संबंधित समस्याओं, अनुकूल व्याख्याओं और कठिन परिस्थितियों में सम्भावित मार्ग खोजने की आवश्यकता है।

सामाजिक विज्ञान अनुसंधान (एस.एस.आर) का परिदृश्य

सरकार के कई आयोगों और समितियों के साथ–साथ कई विद्वानों ने माना है कि विज्ञान एवं तकनीक की उन्नति पर जोर एवं सामाजिक विकास के बीच एक स्पष्ट असमानता है। कई समितियों ने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान (एस.एस. आर.) को प्रोत्साहित करने एवं सार्वजनिक नीति में इसकी महत्वपूर्ण भागीदारी बढ़ाने का पुरजोर समर्थन किया है। भारत के 'प्रथम उच्च शिक्षा आयोग', 1950 (राधाकृष्णन आयोग) के द्वारा प्राकृतिक और सामाजिक विज्ञान के बीच असमानता पर प्रकाश डालने एवं सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को अधिक महत्व और स्थान देने के पक्ष में तर्क दिया गया। 'भारतीय शिक्षा आयोग' (1964–66), जिसे 'कोठारी आयोग' के नाम से जाना जाता है, इस आयोग ने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान के सृजन के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। आयोग के द्वारा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के लिए अधिक संसाधनों के आवंटन का सुझाव दिया गया है। हालांकि, भारत की प्रथम शिक्षा नीति यानी 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.पी.ई.), 1968', द्वारा निसंदेह सामाजिक विज्ञान को नीति विज्ञान के रूप में रखा गया, फिर भी इसमें राष्ट्र के विकास के लिए विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान पर जोर दिया गया। इस नीति ने सामाजिक वैज्ञानिक अनुसंधान के उत्थान के लिए 'उच्च अध्ययन केंद्र' स्थापित या मजबूत किए जाने का भी प्रस्ताव दिया। 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986' और 'प्रोग्राम ऑफ एक्शन, 1992' द्वारा शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं के बीच अंतर को कम करने और नीतिपरक अनुसंधान पर, विशेष रूप से एसएसआर पर ध्यान रखने पर जोर दिया। आयोग ने इस विचार का भी समर्थन किया कि अंतर–विषयक और बहु–विषयक शोध की एक विषयी शोधों की तुलना में अधिक उपयोगिता होती हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के साथ–साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधानों का विस्तार हुआ है। दोनों हीं क्षेत्रों में शोध के परस्पर पूरक होने की सराहना बढ़ रही है क्योंकि इस तरह के अन्वेषणों से मिलने वाले अधिकतम लाभों के लिए आवश्यक है कि दोनों परस्पर सम्बंधित होने चाहिए।

विज्ञान और तकनीकी अनुसंधान, जो जीवन की गुणवत्ता में सुधार की पुष्टि करते है, उन्हें समाज के साथ पूरी तरह से जोड़ने की आवश्यकता है क्योंकि समाज के साथ इसके

जुड़ाव में किसी भी प्रकार की कमी के परिणामस्वरूप मिलने वाले लाभ बहुत कम लोगों के बीच सीमित होकर रह जाएँगे। इसके अतिरिक्त, इस बात को भी काफी हद तक समझा जा रहा है कि सामाजिक विज्ञान अनुसंधान एवं सामाजिक वैज्ञानिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित सभी स्तरों पर नीति निर्माण से जुड़े रहने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसा विचार है कि अनुसंधानों को प्रभावी नीति लेखों और उसके परिणामों से जीवन की गुणवत्ता सुधारने में और भी अधिक उपयोगी बनाया जाए। यह तभी हो सकता है जब अनुसंधान समस्याएँ, समाज और उसकी समस्याओं के बीच से हों और शोधकर्ता उन समस्याओं के व्यावहारिक समाधान हेतु प्रयासरत हों। सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को विज्ञान और तकनीकी अनुसंधानों के साथ जोड़ने से वैज्ञानिकों को भी एक बहुत गहन अंतर्दृष्टि मिलेगी, जो उन्हें अपने अनुसंधानों और नवाचारों को अधिक आसानी से समाज द्वारा स्वीकारे जाने में सहायता प्रदान करेगी। साथ ही ये संभावित नए सामाजिक वैज्ञानिकों को प्रबलता एवं उत्साह से नीति निर्माण में अपना योगदान करने के लिए भी प्रेरित करेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि नीति निर्धारण, कार्यान्वयन और अंतिम परिणाम के लिए सामाजिक विज्ञान अनुसंधान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अंततः हर उस नीति को समाज द्वारा सराहना और स्वीकार किया जाना चाहिए जो उसकी बेहतरी के लिए काम करेगी। अति महत्वपूर्ण समस्याओं की पहचान भी नीति निर्माताओं को बेहतर और अधिक स्वीकार्य नीतियां, योजनाएं और कार्यक्रम बनाने में सहायक होती है। इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि किसी भी सार्वजनिक नीति को समाज के साथ चर्चा किए बिना, समाज की आकांक्षाओं को जाने बिना और नए और प्रमुख बदलावों के साथ समाज को अवगत कराए बिना बहुत सफलतापूर्वक लागू नहीं किया जा सकता है।

'स्कोपस डेटाबेस' में, सामाजिक विज्ञान प्रकाशन में भारत का सातवाँ स्थान है और विश्व प्रकाशनों में इसकी भागीदारी लगभग 4.25% है जबकि विज्ञान और तकनीकी प्रकाशनों में, भारत तीसरे स्थान पर है और इसकी भागीदारी लगभग 7% है। केंद्र सरकार के कुल बजट का 0.025 प्रतिशत हिस्सा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पर खर्च किया जाता है जबकि विज्ञान में अनुसंधान के लिए यह 0.7 प्रतिशत है। अतः सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पर होने वाला खर्च विज्ञान अनुसंधान पर होने वाले खर्च के तुलना में 3 प्रतिशत से भी कम है। अपनी सम्भावनाओं को बेहतर तरीके से इस्तेमाल करने के लिए, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है, जिसके लिए 'इम्प्रेस' सही दिशा में कदम उठाने के लिए प्रयासरत है।

इंपेक्टफुल पॉलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज (इम्प्रेस) योजना

'इंपैक्टफुल पॉलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज (इम्प्रेस)' एक अलग ही तरह का विचार है जिसका उद्देश्य समाज से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने के लिए बनाई जाने वाली नीतियों के लिए एक शोध–आधारित रोडमैप तैयार करना है, जिसके माध्यम से सामाजिक विज्ञान का विस्तार हो सके। नीति निर्माण की प्रक्रिया में अनुसंधान–आधारित सुझावों का बहुत महत्व होता हैं क्योंकि नीतियां समाज और उसकी समस्याओं के निवारण के लिए होती है और उनसे समाज की आकांक्षाओं पर खरा उतरने की उम्मीद रखी जाती है। हमेशा से नीति निर्माताओं और समाज के बीच की खाई को कम करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। ऐसे में सामाजिक विज्ञान के अनुसंधानकर्ता समाज और नीति निर्धारकों के बीच के इस अंतराल की पहचान करने में बहुत सहायक हो सकते हैं। साथ ही वह जन साधारण के दृष्टिकोण, मूल्याँकन व नीतियों की उन तक पहुँच के विषय में महत्वपूर्ण साक्ष्य या सुझाव भी देने का प्रयास कर सकते हैं। इसके अलावा, ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र भी हो सकते हैं जहां नीति निर्माताओं को नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए समय पर सुझाव, साक्ष्य, प्रतिक्रिया एवं सहभागिता की आवश्यकता होती है। इसलिए, 'इम्प्रेस' सामाजिक विज्ञान के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किए जाने वालें अनुसंधानों से महत्वपूर्ण सुझाव लेकर या उन्हें प्रोत्साहित करके नीति निर्माण और क्रियान्वयन तथा समाज के बीच इस अंतर को कम करने लिए अनवरत प्रयासरत है, जिससे समाज एवं शासन को उनका पूर्ण लाभ मिल सके।

'ज्ञान क्षेत्र' (डॉमेन) और 'उप– ज्ञान क्षेत्र' (सब –डॉमेन) की पहचान इस प्रकार की जाने की आवश्यकता है कि वह उन विषयों को समाहित कर ले जो नए परिवर्तन, गंभीर चिंताओं, उभरती समस्याओं और महत्वपूर्ण कठिनाइयों व कमियों के कारण सार्वजनिक नीति विचार विमर्श का हिस्सा रही हो। विचार–विमर्श के पश्चात, इन पहलुओं के आधार पर, निम्नलिखित ग्यारह (11) महत्वपूर्ण व्यापक ज्ञान क्षेत्रों (डॉमेन) की पहचान की गई हैः

1. राज्य एवं लोकतंत्र
2. शहरी रूपांतरण
3. मीडिया संस्कृति एवं समाज
4. रोजगार कौशल एवं ग्रामीण रूपांतरण
5. शासन, नवाचार एवं जन– नीति
6. वृद्धि, लघु–व्यापार एवं आर्थिक नीति

7. कृषि एवं ग्रामीण विकास
8. स्वास्थ्य एवं पर्यावरण
9. विज्ञान एवं शिक्षा
10. सोशल मीडिया एवं तकनीकी
11. राजनीति, विधि एवं अर्थशास्त्र

चूंकि 'इम्प्रेस' का उद्देश्य अनुसंधान और नीति के विशेष प्रभाव के लिए सामाजिक विज्ञान के शोधार्थियों, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं का सहयोग करना है और इसलिए इस योजना के तहत सामाजिक विज्ञान अनुसंधानकर्ताओं को जारी नीतियों के मूल्यांकन व विश्लेषण और नीति निर्माताओं के साथ सुझावों को जोड़ने का प्रयास किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत उपरोक्त उल्लेखित 11 विस्तृत ज्ञान क्षेत्रों के अंतर्गत 100 से भी अधिक उप–ज्ञान क्षेत्र हैं। इनमें से कुछ ज्ञान क्षेत्र इस प्रकार हैः भारत एक कल्याणकारी राज्य के रूप में, भारत में संघवाद का स्वभाव, सुरक्षा और रक्षा नीति, भारत की सुलभ नीति, प्रवासी, भारतीय चित्रण, क्षेत्रीय सहभागिता, शहरीकरण, शहर और धारणीयता, शहरी/शहर प्रशासन, शहरी परिवहन, महिला सशक्तिकरण एवं उसकी स्थिति, अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों का समावेश और विकास, कौशल और रोजगार, ग्रामीण परिवर्तन, आधारभूत संरचना एवं परिवहन, ग्रामीण विकास के लिए तकनीक, ई–शासन और स्मार्ट शासन, नवोत्पाद, ज्ञान एवं शासन, तकनीक और शासन, विकास, समावेशिता, गरीबी और असमानता, व्यापार करने में आसानी, मेक इन इंडिया उपक्रम, वित्तीय समावेशिता, निर्माण का पुनरुत्थान, अनौपचारिक क्षेत्र की समस्याएँ, कृषि संकट और संबंधित समस्याएँ, खाद्य और पोषण सुरक्षा, प्रदेश स्तरीय विकास, पर्यावरण समस्याएं एवं जलवायु परिवर्तन, जल संकट, स्वच्छ भारत अभियान, सार्वभौमिक स्वास्थ्य, आपदा एवं उसका प्रबंधन, विज्ञान और समाज, अधिगम, उच्च शिक्षा में निष्पक्षता एवं गुणवत्ता, डिजिटल अधिगम, तकनीक एवं सोशल मीडिया, सोशल मीडिया–नेटवर्क, नैतिकता, उतरदायित्व एवं बड़ी डेटा (Big Data) समस्याएँ, नौकरशाही एवं प्रशासनिक सुधार, विधीय सक्रियता, बलात्कार पीड़ित एवं न्याय प्रणाली आदि।

'इम्प्रेस' के नाम से 'इम्पेक्टफुल पॉलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज' नामक योजना का प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा अगस्त 2018 को स्वीकृत किया गया था, जिसका कुल बजट ₹ 414 करोड़ रुपए था और इसे अक्टूबर 2018 से शुरू करके तीन वित्तीय वर्षों के लिए स्वीकृति दी गयी है। भा.सा.वि.अ.प., मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के अंतर्गत आने वाली एक विशिष्ठ सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद है। अतः इसे इस योजना को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। भा.सा.वि.अ.प. द्वारा भी अपनी परियोजनाओं के लिए प्राप्त वित्तीय सहायता का एक छोटा सा भाग इस योजना के लिए दिया जाएगा।

इस योजना का लक्ष्य न्यूनतम 1500 अनुसंधान परियोजनाओं तथा 200 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं को पुरस्कृत करना है। 'इम्प्रेस' योजना के अंतर्गत, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों, यू.जी.सी. 12 (बी) मान्यता प्राप्त निजी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के नियमित प्राध्यापकों द्वारा अनुसंधान कार्यक्रम या परियोजनाओं और संगोष्ठियों के लिए आवेदन किया जा सकता हैं। इसके अंतर्गत पांच से छः महीने के अंतराल से प्रतिस्पर्धा रूप में चार मुक्त निमंत्रणों के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाना है और पहला चरण अक्टूबर 2018 में शुरू किया गया। मूल्यांकन प्रक्रिया काफी पारदर्शी है क्योंकि प्रत्येक प्रस्ताव कंप्यूटर संचालित प्रणाली के माध्यम से 'ब्लाइंड पीयर समीक्षा' के लिए तीन विशेषज्ञों के पास भेजा जाता है। विशेषज्ञों के अनुमोदन और योग्यता के आधार पर, प्रस्तावों को एक अन्य विशेषज्ञ समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण और विमर्श के लिए रखा जाता है जो 'निर्वाचन समिति' के समक्ष अपना निरीक्षण/अनुशंसा रखती है। इसके बाद 'निर्वाचन समिति' योग्यता तथा विशेषज्ञों के अवलोकन व अनुशंसा के आधार पर एवं बजट के मुताबिक अंतिम निर्णय लेती है।

इम्प्रेस का पहला निमंत्रण (कॉल)

इस वित्तीय वर्ष में 'इम्प्रेस' के प्रथम निमंत्रण के तहत स्वीकृत 175 परियोजनाओं को पूरा किया गया, जिनमें से 115 की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई थीं। प्रथम निमंत्रण को मुख्य रूप से चरण–1 और चरण–2 में विभाजित किया गया था, जहां, प्रथम निमंत्रण के पहले चरण के तहत क्रमशः 67 अंतिम रिपोर्ट और दूसरे चरण के तहत 48 अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं। प्राप्त अंतिम रिपोर्ट का विवरण परिशिष्ट 11 में देखा जा सकता है। प्राप्त अंतिम रिपोर्टों की जाँच की जाती है और उचित संशोधन के बाद संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ द्वारा रिपोर्ट की वस्तुनिष्ठ समीक्षा की जाती है। ऐसी चार रिपोर्टों को 'उत्कृष्ट' श्रेणी में रखा गया जबकि 28 रिपोर्टों को उसी के तहत 'अच्छे' की श्रेणी में क्रमबद्ध किया गया। परियोजना निदेशकों ने शिक्षा मंत्रालय और भा.सा.वि.अ.प. को उनके शोध के लिए विधिवत रूप से स्वीकार करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय दोनों, समकक्ष–समीक्षित (पियर रिव्यूड) पत्रिकाओं में अपने शोध परिणामों को प्रकाशित किया है। अब तक 69 ऐसे शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें 11 अंतर्राष्ट्रीय और

58 राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पत्रिकाएं शामिल हैं। प्रकाशनों का विवरण परिशिष्ट–11 में देखा जा सकता है।

इम्प्रेस का दूसरा निमंत्रण (कॉल)

'इम्प्रेस' योजना के द्वितीय निमंत्रण की घोषणा 28 सितंबर, 2019 को की गई थी, जिसे बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली और देश भर से बड़े पैमाने पर 3565 आवेदन प्राप्त हुए। पैनल के विशेषज्ञों द्वारा सभी शॉर्टलिस्ट किए गए अनुशंसित प्रस्तावों के परियोजना निदेशकों के साथ बातचीत पूरी हो गई है और अंतिम लिस्ट को मंत्रालय की स्टीयरिंग कमेटी के पास अनुमोदन के लिए भेज दिया गया है। परंतु चयन प्रक्रिया कोविड–19 महामारी के प्रकोप के कारण प्रभावित हुई है।

तालिका 4.1

स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाओं और सेमिनारों की डोमेन–वार स्थिति
प्रथम कॉल के द्वितीय चरण के तहत

क्र. सं.	डोमेन	अनुसंधान परियोजना स्वीकृत	संगोष्ठी स्वीकृत
1.	कृषि और ग्रामीण विकास	77	03
2.	रोजगार कौशल और ग्रामीण परिवर्तन	41	03
3.	शासन, नवाचार और सार्वजनिक नीति	48	01
4.	विकास, समष्टि व्यापार और आर्थिक नीति	18	02
5.	स्वास्थ्य और पर्यावरण	94	06
6.	मीडिया, संस्कृति और समाज	66	07
7.	राजनीति, कानून और अर्थशास्त्र	25	01
8.	विज्ञान और शिक्षा	28	04
9.	सोशल मीडिया और प्रौद्योगिकी	30	05
10.	राज्य और लोकतंत्र	11	03
11.	शहरी परिवर्तन	32	02
कुल		**470**	**37**

तालिका 4.2
प्रथम कॉल के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाओं का राज्यवार विवरण

क्र. सं.	राज्य	स्वीकृत संख्या	क्र. सं.	राज्य	स्वीकृत संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	10	17	महाराष्ट्र	56
2.	अरुणाचल प्रदेश	07	18	मणिपुर	01
3.	असम	13	19	मेघालय	01
4.	बिहार	07	20	मिजोरम	04
5.	चंडीगढ़	12	21	नागालैंड	01
6.	छत्तीसगढ़	04	22	ओडिशा	26
7.	दिल्ली (एनसीटी)	51	23	पुडुचेरी (यूटी)	07
8.	गोवा	03	24	पंजाब	12
9.	गुजरात	13	25	राजस्थान	10
10.	हरियाणा	11	26	तमिलनाडु	59
11.	हिमाचल प्रदेश	05	27	तेलंगाना	16
12.	जम्मू और कश्मीर	14	28	त्रिपुरा	03
13.	झारखंड	03	29	उत्तर प्रदेश	34
14.	कर्नाटक	22	30	उत्तराखंड	09
15.	केरल	25	31	पश्चिम बंगाल	24
16.	मध्य प्रदेश	07			
कुल			**470**		

तालिका 4.3

इम्प्रेस की पहली कॉल के तहत चयनित अनुसंधान परियोजनाओं की राज्यवार सूची

क्र. सं.	राज्य	स्वीकृत संख्या	क्र. सं.	राज्य	स्वीकृत संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	15	17.	महाराष्ट्र	72
2.	अरुणाचल प्रदेश	07	18.	मणिपुर	01
3.	असम	18	19.	मेघालय	03
4.	बिहार	09	20.	मिजोरम	06
5.	चंडीगढ़	16	21.	नागालैंड	02
6.	छत्तीसगढ़	07	22.	ओडिशा	37
7.	दिल्ली (एनसीटी)	78	23.	पुडुचेरी (यूटी)	08
8.	गोवा	04	24.	पंजाब	18
9.	गुजरात	24	25.	राजस्थान	21
10.	हरियाणा	14	26.	सिक्किम	01
11.	हिमाचल प्रदेश	07	27.	तमिलनाडु	99
12.	जम्मू और कश्मीर	27	28.	तेलंगाना	32
13.	झारखंड	05	29.	त्रिपुरा	04
14.	कर्नाटक	42	30.	उत्तर प्रदेश	53
15.	केरल	37	31.	उत्तराखंड	11
16.	मध्य प्रदेश	17	32.	पश्चिम बंगाल	44
कुल		**739 (269 + 470)**			

तालिका 4.4

इम्प्रेस की दूसरी कॉल के तहत प्राप्त प्रस्तावों का डोमेन–वार विवरण

क्र. सं.	डोमेन	प्रस्ताव प्राप्त हुए
1.	कृषि और ग्रामीण विकास	424
2.	रोजगार कौशल और ग्रामीण परिवर्तन	485
3.	शासन, नवाचार और सार्वजनिक नीति	292
4.	ग्रोथ, मैक्रो ट्रेड एंड इकोनॉमिक पॉलिसी	180
5.	स्वास्थ्य और पर्यावरण	746
6.	मीडिया, संस्कृति और समाज	471
7.	राजनीति, कानून और अर्थशास्त्र	109
8.	विज्ञान और शिक्षा	448
9.	सोशल मीडिया और प्रौद्योगिकी	197
10.	राज्य और लोकतंत्र	92
11.	शहरी परिवर्तन	182
कुल		**3626**

तालिका 4.5

इम्प्रेस की दूसरी कॉल के तहत प्राप्त आवेदनों का विवरण

क्र. सं.	राज्य	प्रस्ताव प्राप्त	क्र. सं.	राज्य	प्रस्ताव प्राप्त
1.	आंध्र प्रदेश	88	17.	महाराष्ट्र	444
2.	अरुणाचल प्रदेश	15	18.	मणिपुर	24
3.	असम	58	19.	मेघालय	08
4.	बिहार	79	20.	मिजोरम	86
5.	चंडीगढ़	38	21.	नागालैंड	08
6.	छत्तीसगढ़	30	22.	ओडिशा	84
7.	दिल्ली (एनसीटी)	221	23.	पुडुचेरी (यूटी)	59
8.	गोवा	13	24.	पंजाब	138
9.	गुजरात	115	25.	राजस्थान	118
10.	हरियाणा	64	26.	सिक्किम	01
11.	हिमाचल प्रदेश	27	27.	तमिलनाडु	677
12.	जम्मू और कश्मीर	37	28.	तेलंगाना	112
13.	झारखंड	34	29.	त्रिपुरा	06
14.	कर्नाटक	254	30.	उत्तर प्रदेश	241
15.	केरल	252	31.	उत्तराखंड	48
16.	मध्य प्रदेश	110	32.	पश्चिम बंगाल	137
	कुल		**3626**		

5

भा.सा.वि.अ.प. के क्षेत्रीय केंद्र

भा.सा.वि.अ.प के क्षेत्रीय केंद्रों की स्थापना प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण, सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में व्यापक अनुसंधान और क्षेत्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञान संस्थानों की सहभागिता के साथ सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए की गयी थी। इनकी मुख्य भूमिका इस प्रकार हैं–

- क्षेत्रीय स्तर पर भा.सा.वि.अ.प का प्रतिनिधित्व करते हुए इसकी सूचनाओं और योजनाओं से क्षेत्र के समाज–वैज्ञानिकों को अवगत कराना।
- क्षेत्रीय स्तर पर समाज–वैज्ञानिकों के विचारों और समस्याओं को संभावित समाधान हेतु भा.सा.वि.अ.प. के ध्यान में लाना।
- क्षेत्र के समाज–वैज्ञानिकों को क्षेत्र में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान प्रोत्साहन के लिए परस्पर नजदीक लाना।
- इन क्षेत्रीय केंद्रों के द्वारा क्षेत्र के समाज–वैज्ञानिकों को क्षेत्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की दिशा में जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सामाजिक वैज्ञानिकों के साथ जोड़ने में एक कड़ी के रूप में कार्य करना।

गतिविधियां

- क्षेत्रीय भाषाओं में प्रलेखन और ग्रंथ सूची संबंधी कार्यों को प्रोत्साहन देना;
- क्षेत्र में संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों का आयोजन करना;
- प्रतिष्ठित अध्येताओं द्वारा व्याख्यान आयोजित करना;
- क्षेत्रीय भाषाओं में सामाजिक वैज्ञानिकों और सामाजिक विज्ञान पत्रिकाओं से जुड़े प्रांतीय संगठनों को सहयोग देना;
- शोधार्थियों/छात्रों को पुस्तकालय या शोध सम्बंधी क्षेत्र के काम के लिए कम लागत वाले आवास (जहां संभव हो) प्रदान करना;
- अकादमिक कार्यों के लिए पुस्तकालयों और संस्थानों में अध्ययन हेतु अध्येताओं को अनुदान प्रदान करना;
- शोधार्थियों को विशेष रूप से पत्रिकाओं आदि से चयनित लेखों की फोटोकॉपी की सुविधा प्रदान करना; तथा
- भा.सा.वि.अ.प द्वारा कोई अन्य गतिविधि जो सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दे सकती है और/या ऐसी कोई गतिविधि जिसे प्रत्यायोजित किया जा सकता है।

क्षेत्रीय केंद्रों ने भा.सा.वि.अ.प और मेजबान संस्थान के तत्वाधान में सहायता पाकर वर्षों से आधारभूत संरचना और अनुसंधान के लिए सुविधाओं का विकास किया है। इनमें छात्रावास/अतिथि गृह सुविधाएं, पुस्तकालय स्थान, सम्मेलन कक्ष, संगोष्ठी कक्ष, रिप्रोग्राफिक सुविधाएं आदि शामिल हैं।

भा.सा.वि.अ.प के क्षेत्रीय केंद्र

भा.सा.वि.अ.प के छह क्षेत्रीय केंद्र हैं। उनका स्थान एवं व्याप्ति इस प्रकार हैः–

- **पूर्वी क्षेत्रीय केंद्र (ईआरसी), कोलकाता**–बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तक व्याप्त हैं। पूर्वी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना 1972 में हुई थी।

  ईआरसी, कोलकाता 1/आर–1, वैष्णबघट्टा पटुली टाउनशिप, पटुली, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में स्थित राष्ट्रीय केंद्र है। जो बंगाली और उड़िया भाषा में शोधार्थियों को सामाजिक विज्ञान से सम्बंधित सामग्री प्रदान करती है। इस केंद्र द्वारा 15 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है। इसके द्वारा तीन अनुसंधान परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और चार अनुसंधान परियोजनाएं अभी जारी हैं। वर्ष के दौरान, केंद्र ने दो प्रकाशन अनुदान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। केंद्र की वेबसाइट http://www.ercicssr.org है।

- **उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र (एनआरसी), नई दिल्ली** के अंतर्गत मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और दिल्ली के क्षेत्र शामिल हैं। उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना 1975 में हुई थी।

  एनआरसी, नई दिल्ली, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, सीआरएस बिल्डिंग, अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली में स्थित है, जो हिंदी और अंग्रेजी में शोधार्थियों को सामाजिक विज्ञान से सम्बंधित सामग्री प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र के रूप में कार्य करता है। केंद्र ने 20 सेमिनारों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है। केंद्र ने इस वर्ष के दौरान दो अनुसंधान परियोजनाएं पूरी की जबकि पांच अनुसंधान परियोजनाएं अभी जारी हैं।

- **उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय केंद्र (एनईआरसी), शिलांग** के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के क्षेत्र शामिल हैं। उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना 1977 में हुई थी।

  एनईआरसी, शिलांग नॉर्थ–ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी (एनईएचयू) कैंपस, उमशिंग, शिलांग, मेघालय में स्थित है। केंद्र द्वारा 16 संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों को वित्तीय सहायता प्रदान की गयी। केंद्र द्वारा छः शोधार्थियों का डॉक्टरेट अनुदान भी स्वीकृत किया गया है। केंद्र में सात शोध परियोजनाएं जारी हैं। केंद्र द्वारा रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान दो वेबिनार भी आयोजित किए गए। केंद्र की वेबसाइट http://www.icssrnerc.org है।

- **उत्तर–पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र (एनडब्लूआरसी), चंडीगढ़** क्षेत्र के अंतर्गत हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ शामिल हैं। उत्तर–पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना 1977 में हुई थी।

  पंजाब यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी बिल्डिंग, चंडीगढ़ में स्थित है। एन.डब्ल्यू.आर.सी, चंडीगढ़ केंद्र द्वारा दो शोध पद्धति प्रशिक्षण कार्यक्रम और दो व्याख्यान आयोजित किए गये। इसके द्वारा एक शोध परियोजना भी जारी है। केंद्र की वेबसाइट http://www.icssrnwrc.org.in/ है।

- **दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र (एसआरसी), हैदराबाद** के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं। दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना 1972 में की गयी थी।

  एसआरसी हैदराबाद उस्मानिया विश्वविद्यालय पुस्तकालय, हैदराबाद में स्थित है। इसके द्वारा 12 संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों और चार शोध पद्धति कार्यशालाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है। इस वर्ष के दौरान केंद्र ने पांच कार्यशालाओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों को स्वीकृति दी है। केंद्र ने अंग्रेजी से तमिल भाषा में संपादित पुस्तक के अनुवाद कार्य के लिए अनुदान भी स्वीकृत किया है। केंद्र की वेबसाइट http://icssr-src.org/ है।

  पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र (डब्ल्यूआरसी), मुंबई क्षेत्र के अंतर्गत गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली शामिल हैं। पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना 1972 में हुई थी।

  डब्ल्यूआरसी, मुंबई, जे.पी. नायक भवन, मुंबई विश्वविद्यालय परिसर, विद्यानगरी, विद्यानगरी मार्ग, मुंबई में स्थित है। इसने पांच सेमिनारों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। केंद्र ने दो शोध परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की। इसने तीन पुस्तकों और दो पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए अनुदान भी प्रदान किया है। इसके द्वारा एक शोधार्थी को अध्ययन हेतु अनुदान प्रदान किया गया है।

2020–21 के दौरान उपर्युक्त छः क्षेत्रीय केंद्रों की प्रमुख गतिविधियों का विवरण परिशिष्ट 9 में दिया जा रहा हैं।

तालिका 5.1

वर्ष 2020–21 के दौरान भा.सा.वि.अ.प क्षेत्रीय केंद्रों की प्रमुख गतिविधियां

क्र. सं.	क्षेत्रीय केंद्रों के नाम	कार्यक्रमों / सेमिनारों / कार्यशालाओं / सम्मेलनों / व्याख्यानों / प्रशिक्षण कार्यक्रमो / प्रकाशनों / अनुसंधान परियोजनाओं तथा अध्ययन के लिए अनुदान	विद्वानों / शोधकर्ताओं द्वारा प्राप्त छात्रावास और अतिथि गृह सुविधा	कर्मचारियों की संख्या
1.	प.क्षे. केंद्र, मुंबई	13	60	1*+6
2.	पू.क्षे.केंद्र, कोलकाता	24	गेस्ट हाउस निर्माणाधीन	1*+8
3.	द.क्षे. केंद, हैदराबाद	11	16	1*+8
4.	उ.प.क्षे. केंद्र, चंडीगढ़	04	–	1*+19
5.	उ.क्षे. केंद्र, नई दिल्ली	05	–	1*+2
6.	उ.पू.क्षे. केंद्र, शिलांग	22	476	1*+10
	कुल	**79**	**552**	**6*+53**

* मानद निदेशक

तालिका 5.2

निधि विवरण (अपरीक्षित लेखा परीक्षण) 2020–21

1. पूर्वी क्षेत्रीय केंद्र (ईआरसी), कोलकाता

आय	राशि (₹ लाख में)	व्यय	राशि (₹ लाख में)
अथ शेष		स्थापना व्यय	35.70
क) नगद	0.23	अन्य प्रशासनिक व्यय	3.14
ख) बैंक	27.46	मरम्मत एवं अनुरक्षण	4.27
ग) रिलीज इन ट्रांजिट	9.85	कार्यक्रम व्यय	12.87
भा.सा.वि.अ.प से प्राप्त अनुदान		निर्धारित / अक्षय निधि	7.85
क) ओएच–31	10.00	अचल परिसंपत्ति	0.40
ख) ओएच–35	–	भा.सा.वि.अ.प को वापस मिला ब्याज	3.91
ग) ओएच–36	30.65	अंत शेष	
निर्धारित / अक्षय निधि		क) नगद	0.04
क) बचत बैंक खाता	20.13	ख) बैंक बैलेंस	–
ख) प्राप्तियाँ	2.56	ग) सरकारी अनुदान	20.09
प्राप्त ब्याज	0.88	घ) निर्धारित / अक्षय निधि	14.85
अन्य स्रोत	1.36		
कुल	**103.12**	**कुल**	**103.12**

तालिका 5.3

2. उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र (एन.आर.सी) नई दिल्ली

आय	राशि (₹ लाख में)	व्यय	राशि (₹ लाख में)
अथ शेष नगद		स्थापना व्यय	9.72
कैनरा बैंक खाता	15.95	अन्य प्रशासनिक व्यय	1.76
एफ.डी.आर इन बैंक	–	मरम्मत एवं अनुरक्षण	0.10
भा.सा.वि.अ.प से प्राप्त अनुदान योजना (ओएच–31)	10.00	कार्यक्रम व्यय	2.84
भा.सा.वि.अ.प से प्राप्त अनुदान योजना (ओएच–35)	–	व्यय	13.77
		निर्धारित / अक्षय निधि	–
भा.सा.वि.अ.प से प्राप्त अनुदान योजना (ओएच–36)	10.00	भा.सा.वि.अ.प को वापस मिला ब्याज	4.46
अन्य योजना		अंत शेष नगद	–
क) अथ शेष	1.95		
ख) प्राप्त अनुदान	15.12		
प्राप्त ब्याज	0.87	कैनरा बैंक में अंत शेष	
अन्य स्त्रोत	0.15	सरकारी अनुदान	18.10
		निर्धारित/अक्षय निधि	3.29
कुल	**54.04**	**कुल**	**54.04**

तालिका 5.4

3. उतर–पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र (एन.डब्लू.आर.सी) चंडीगढ़

आय	राशि (₹ लाख में)	व्यय	राशि (₹ लाख में)
अथ शेष	105.65		–
भा.सा.वि.अ.प अनुदान (ओ.एच–31)	10.00	वेतन	59.91
भा.सा.वि.अ.प अनुदान (ओ.एच–36)	49.17	प्रशासनिक व्यय	18.16
भा.सा.वि.अ.प अनुदान (ओ.एच–35)	–	अन्य स्थापना व्यय	10.14
प्राप्त ब्याज	1.95	मेस व्यय राशि	0.53
अतिथि गृह आय	1.60	बैंक बैलेंस	80.99
अन्य आय के स्त्रोत (ओ एच –36)	1.36		
कुल	**169.73**	**कुल**	**169.73**

तालिका 5.5
4. उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय केंद्र (एन.ई.आर.सी), शिलांग

आय	राशि (₹ लाख में)	व्यय	राशि (₹ लाख में)
अथ शेष	28.39		
भा.सा.वि.अ.प अनुदान		वेतन	40.77
योजना (ओ.एच–31)	30.00	प्रशासनिक व्यय	23.84
गैर–योजना (ओ.एच–36)	49.12	योजना व्यय	11.76
पूँजीगत परिसंपत्तियाँ (ओ.एच–35)	11.25	अन्य स्थापना व्यय	11.98
प्राप्त ब्याज	0.76		
अतिथि गृह आय	–	अंत शेष	32.10
अन्य आय के स्त्रोत	0.93		
कुल	**120.45**	**कुल**	**120.45**

तालिका 5.6
5. दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र (एसआरसी), हैदराबाद

आय	राशि (₹ लाख में)	व्यय	राशि (₹ लाख में)
अथ शेष		स्थापना व्यय	53.01
क) नगद	0.01	अन्य प्रशासनिक व्यय	20.39
ख) बैंक	67.17	मरम्मत एवं अनुरक्षण	0.76
ग) रिलीज इन ट्रैंजिट	–	कार्यक्रम व्यय	13.09
भा.सा.वि.अ.प से प्राप्त अनुदान		निर्धारित / अक्षय निधि	7.16
क) ओ.एच–31	20.00	अचल परिसंपत्तियाँ	0.22
ख) ओ.एच–35	–	भा.सा.वि.अ.प को वापस मिला ब्याज	–
ग) ओ.एच–36	20.00	अंत शेष	
निर्धारित / अक्षय निधि		क) नगद	–
क) औपनिंग बैंक बैलेंस	44.18	ख) बैंक बैलेंस	21.96
ख) प्राप्ति	7.14	i) सरकारी अनुदान	44.15
प्राप्त ब्याज	0.48	ii) निर्धारित / अक्षय निधि	–
अन्य प्राप्ति	1.76		
कुल	**160.74**	**कुल**	**160.74**

तालिका 5.7

6. पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र (डब्लू.आर.सी) मुंबई

आय	राशि (₹ लाख में)	व्यय	राशि (₹ लाख में)
अथ शेष		स्थापना व्यय	46.29
नगद	–	प्रशासनिक व्यय	3.55
बैंक	22.73	यातायात व्यय	1.08
निर्धारित / अक्षय निधि	344.47	मरम्मत एवं अनुरक्षण	0.69
भा.सा.वि.अ.प से प्राप्त अनुदान		निर्धारित / अक्षय निधि व्यय	20.02
ओ.एच–31	10.00	अनुदान/ब्याज वापस	2.02
ओ.एच–35	9.77	कार्यक्रम व्यय	10.27
ओ.एच–36	35.48	अचल परिसंपत्तियाँ	7.85
निर्धारित / अक्षय निधि की प्राप्तियाँ	17.43	अंत शेष	
प्राप्त ब्याज	0.72	सरकारी अनुदान	12.00
अन्य ब्याज	5.05	निर्धारित / अक्षय निधि	341.88
कुल	**445.65**	**कुल**	**445.65**

तालिका 5.8

क्षेत्रीय केंद्रो को अनुदान का आवंटन और अंतिम भुगतान रिलीज वित्तीय वर्ष 2020–2021 (31.03.2021 तक)

क्र. सं.	क्षेत्रीय केंद्रों का नाम	आवंटन (ओ.एच–31)	जारी अनुदान (ओ.एच–31)	आवंटन (ओ.एच–36)	जारी अनुदान (ओ.एच–36)	आवंटन (ओ.एच–35)	जारी अनुदान (ओ.एच–35)	कुल जारी अनुदान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	प.क्षे. केंद्र, मुंबई	19.20	10.00	45.00	35.48	10.00	9.77	55.25
2.	पू.क्षे. केंद्र, कोलकाता	21.90	10.00	44.05	30.65	10.00	–	40.65
3.	द.क्षे. केंद्र, हैदराबाद	36.00	20.00	63.45	20.00	10.00	–	40.00
4.	उ.प.क्षे. केंद्र, चंडीगढ़	21.00	10.00	72.00	49.17	10.00	–	59.17
5.	उ.क्षे. केंद्र, नई दिल्ली	17.00	10.00	14.25	10.00	5.00	–	20.00
6.	उ.पू.क्षे. केंद्र, शिलांग	54.00	30.00	54.50	49.12	12.00	11.25	90.37
	कुल	**169.10**	**90.00**	**293.25**	**194.42**	**57.00**	**21.02**	**305.44**

*वित्तीय वर्ष 2020–21 में 519.35 लाख रुपए अनुदान आवंटन के आलोक में 305.44 लाख रुपये का अनुदान जारी किया गया। क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा 2019–20 के दौरान अव्ययित शेष राशि का उपयोग किया गया।

6

भा.सा.वि.अ.प. अनुसंधान संस्थान

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भा.सा.वि.अ.प.), चौबीस (24) अनुसंधान संस्थानों को रखरखाव और विकास हेतु अनुदान प्रदान करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दायरे से बाहर परिषद् के प्रमुख कार्यक्रमों में शोध–संस्थानों में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान के आधार को बढ़ाने, अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार करने और एक अंतर–विषयक दृष्टि को बढ़ावा देना है। ये संस्थान देश के विभिन्न क्षेत्रों में, विशेष रूप से, उन क्षेत्रों में जहां सामाजिक विज्ञान अनुसंधान अभी तक अच्छी तरह से विकसित नहीं हुआ है, वहाँ अनुसंधान प्रतिभाओं के विस्तार और अनुसंधान क्षमताओं के निर्माण के लिए परिषद् की नीति को लागू करने के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र का गठन करते हैं।

अनुसंधान संस्थानों ने संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण और परामर्श कार्यक्रमों जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सम्बंधित क्षेत्र के साथ–साथ अन्य जगहों के शोधार्थियों के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित किए हैं। कुछ संस्थान राष्ट्रीय और राज्य स्तर की योजना और विकास एजेंसियों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं और इस तरह अनुसंधान और नीति निर्माण के बीच संबंधों को मजबूत किया है।

प्रत्येक संस्थान अनुसंधान हेतु अपनी दिशा स्वयं निर्धारित करता है, जिसमें कृषि और ग्रामीण विकास, औद्योगिक संरचना और विकास, आय वितरण और गरीबी, रोजगार और मजदूरी, अंतर–क्षेत्रीय विकास के विभिन्न स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिलाओं सहित समाज के कमजोर वर्गों की समस्याएं, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिकी और पर्यावरण, और विकास के सामाजिक, सांस्कृतिक और संस्थागत पहलू अन्तर्निहित हैं। इस प्रकार, अनुसंधान से सम्बंधित अध्ययनों ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर भारतीय अर्थव्यवस्था, राजनीति और समाज की संरचना और उनकी गतिशीलता का पर्याप्त अनुभवजन्य ज्ञान उत्पन्न किया है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान, सम्बंधित संस्थानों ने 1343 अनुसंधान परियोजनाएं पूर्ण की हैं, जबकि वर्तमान में 1639 परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें उन क्षेत्रों से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है जिनका पहले ही ऊपर उल्लेख किया जा चुका है। इन प्रयासों में जो अधिक महत्वपूर्ण है, वह यह है कि वे न केवल कार्य–चरित्र में अंतःविषय हैं, बल्कि क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं पर भी केंद्रित हैं। इस प्रक्रिया में, वे क्षेत्र के विशिष्ट मुद्दों के लिए अनुसंधान के केंद्र बन गए हैं और विकास की समस्याओं की प्रकृति और समग्र रूप से देश की क्षमता के बारे में जन–जागरूकता फैलाने में उत्कृष्ट योगदान कर रहे हैं। प्रकाशनों के संदर्भ में संस्थानों ने पिछले पांच वर्षों के दौरान 729 किताबें और प्रतिवेदन तथा 928 वर्किंग–पेपर प्रकाशित किये हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि, जिसके तहत परिषद् के अनुसंधान संस्थानों के द्वारा युवा सामाजिक वैज्ञानिकों एम. फिल और पीएच.डी. कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सेमिनार के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान, 217 पीएच.डी. शोध–छात्रों को सम्मानित किया गया है और वर्तमान में 2330 शोध–छात्र अपने पीएच.डी. पर काम कर रहे हैं। अनुसंधान परिषद् वैध रूप से अनुसंधान संस्थानों द्वारा किए गए अनुसंधान और प्रशिक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका का सर्वांग निर्वहन कर रहा है। इन संस्थानों में 2020–21 (रिपोर्ट के तहत वर्ष) के दौरान कुल 244 परियोजनाएं पूर्ण की गईं। वर्ष के अंत में चल रहे शोध अध्ययनों की कुल संख्या 294 थी।

शोध संस्थान अपने शोध अध्ययनों के परिणामों को प्रकाशित पुस्तकों, मिमियोग्राफ, कार्य/सामयिक पत्रों आदि के रूप में प्रसारित करते हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, प्रकाशित पुस्तकों/रिपोर्टों की संख्या 157 थी, मोनोग्राफ/माइमोग्राफ 67 थे और वर्किंग/ओकेजनल पेपर 268 थे। प्रकाशित शोध पत्रों की संख्या 673 थी।

संस्थान युवा सामाजिक वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण भी देते हैं और नए शोधकर्ताओं को उनके शोध के प्रारूप को तैयार करने और संचालित करने में सहायता प्रदान करते हैं।

इसके लिए इन संस्थानों को डॉक्टरेट अध्येतावृति प्रदान की गई है। कुछ संस्थान एम.फिल और पीएच.डी. शोधार्थियों के लिए शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहायता कर रहे हैं। इसके अलावा, अनुसंधान परिषद् की नीति के अनुसार, वे विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर शिक्षण, अनुसंधान मार्गदर्शन में भाग लेते हैं और अपने शोध कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के शिक्षकों को भी शामिल करते हैं। वर्ष के दौरान शोध संस्थानों के संकायों के मार्गदर्शन में 451 शोधार्थी कार्य कर रहे थे, 53 शोध–अध्येताओं ने पीएच.डी. डिग्री और 52 शोधार्थियों ने अपने डॉक्टरेट से सम्बंधित शोध प्रबंध प्रस्तुत किए। 2020–21 के दौरान कुल 466 सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

शोध संस्थानों का कार्य–विवरण :

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान अनुसंधान संस्थानों के उद्देश्य, ध्येय और गतिविधियों को नीचे प्रस्तुत किया गया हैः

ए.एन. सिन्हा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज (एएनएसआईएसएस), पटना, का मुख्य ध्येय बिहार के चुनिंदा जिलों में सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का सामाजिक–आर्थिक प्रभाव का अवलोकन तथा उसका अध्ययन, शराबबंदी और टोडी टैपर्स पर इसका प्रभाव, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एलएसबीए) की समवर्ती निगरानीकरना रहा है। साथ ही इस संस्थान का ध्येय बिहार, संथाल, मुंडा और उरांव के विशेष संदर्भ में पारंपरिक औषधीय प्रथाओं का संग्रह, 'एनएफएसए खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013' की समवर्ती निगरानी और बिहार में नवजातों की देखभाल में आने वाली चुनौतियों आदि पर केन्द्रित रहा है। 2020–21 के दौरान, 23 परियोजनाएं/अध्ययन पूर्ण किए गए और 11 संचालित थे। संकाय द्वारा 15 शोध–आलेख प्रकाशित करने के अलावा संस्थान ने चार संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों का भी आयोजन किया।

वर्ष के दौरान **सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज (सीडीएस), तिरुवनंतपुरम** की प्रमुख अनुसंधानात्मक गतिविधियों में, आयुर्वेद, कृषि जैव विविधता एवं कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर वर्तमान प्रथाओं के प्रभाव, केरल प्रवास सर्वेक्षण, कानून प्रवर्तन के अध्ययन में स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बंधित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रमुखता से रहा है। महिलाओं के खिलाफ ऑनलाइन हिंसा, केरल में प्रवास और बाढ़, अस्थायी श्रम प्रवास के स्वास्थ्य और सामाजिक–आर्थिक प्रभाव, और आगामी भविष्य में प्रवास का पता लगाना आदि अन्य गतिविधियाँ अनुसंधानात्मक क्षेत्र के केंद्र में रही हैं। इस दौरान नौ(9) शोध–अध्ययन पूर्ण किए गए जबकि सात शोध–विषयों पर काम प्रगति पर था। एक छात्र को पीएच.डी. डिग्री से सम्मानित किया गया, तीन शोध–प्रबंध प्रस्तुत किए गए और 39 शोध–अध्येता अपने पीएच.डी. शोध–कार्य में शोधरत हैं। 21 किताबें/प्रतिवेदन और 97 शोध–लेख प्रकाशित किए गए, जबकि 44 मोनोग्राफ और 17 वर्किंग पेपर फैकल्टी द्वारा प्रकाशित किये गए। साथ ही, केंद्र द्वारा 53 सेमिनार/सम्मेलन/व्याख्यान/कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

सेंटर फॉर इकोनॉमिक एंड सोशल स्टडीज (सीईएसएस), हैदराबाद की अनुसंधानात्मक गतिविधियां कोविड–19 के प्रभाव को सर्वोत्तम रूप से सूचित करने के लिए विशिष्ट अल्पकालिक उपायों के वितरण पर केंद्रित रहीं। कोविड–19 के प्रभाव, जनजातीय क्षेत्रों में कृषि कि स्थिति, आंध्र प्रदेश में वनवासियों के लिए बनाये गए नियमों के कार्यान्वयन जैसे विषय भी संस्थान की निगरानी में पूर्ण किये गए हैं। अनुसूचित जनजातियों के विकास में अंतर, अनुसूचित जनजातियों की साक्षरता और शिक्षा का स्तर, जनजातीय उप–योजना निधियों का बजटीय विश्लेषण, जनजातियों का नृवंशविज्ञान, शिक्षा पर व्यय, विशेष उपचारात्मक शिक्षण या विकासात्मक शिक्षण, स्कूली शिक्षा पर कोविड–19 का प्रभाव, अनुसूचित जाति के छात्रों पर ध्यान केंद्रित करना, तेलंगाना राज्य में अनौपचारिक श्रमिकों पर कोविड–19 के कारण लगाये गए लॉकडाउन का प्रभाव, जलवायु परिवर्तन और किरायेदारी की संविदात्मक शर्तें, सामाजिक और राजनीतिक बहिष्कार और राजनीतिक संस्थानों में हाशिए के समुदायों को शामिल करना, और तेलंगाना आदि में किसान उत्पादक कंपनियों के प्रभाव का मूल्यांकन भी संस्थान की देखरेख में किया गया है।

वर्ष के दौरान केंद्र ने 20 शोध परियोजनाएं पूर्ण कीं और 23 शोध–अध्ययन/परियोजनाएं प्रगति पर थीं। संकाय ने संपादित पुस्तकों की श्रेणी में आठ पुस्तकें, 16 शोध लेख/अध्याय प्रकाशित किए। इसके अलावा, केंद्र के शोधार्थियों के द्वारा चार वर्किंग पेपर भी प्रकाशित किये गए। तीन शोध–छात्रों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया और 25 शोध–अध्येता शोधरत थे। संस्थान द्वारा वर्ष के दौरान कुल 27 सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

सेंटर फॉर मल्टी–डिसिप्लिनरी डेवलपमेंट रिसर्च (सीएमडीआर), धारवाड़ की मुख्य गतिविधियों में, कर्नाटक में भूख और कुपोषण का अध्ययन, कर्नाटक में निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों, दलितों और जनजातियों के एचडीआई, कर्नाटक

में 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम' क्षेत्र में क्षेत्रीय असंतुलन, और कर्नाटक आदि में *सांसद आदर्श ग्राम योजना (एसएजीवाई)* का स्थिति विश्लेषण आदि शामिल हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, संस्थान ने पांच शोध परियोजनाएं पूर्ण कीं और 10 परियोजनाएं पूर्णता के विभिन्न चरणों में थीं। तैंतीस शोध–अध्येताओं ने अपनी पीएच.डी. का काम पूर्ण किया। केंद्र ने चार(4) सेमिनार/सम्मेलन/व्याख्यान आयोजित किए। फैकल्टी ने 10 पुस्तकें/प्रतिवेदन, तीन मोनोग्राफ और 10 शोध पत्र/लेख प्रकाशित किए।

सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर), नई दिल्ली की अनुसंधानात्मक गतिविधि का मुख्य केंद्र भारत में अनुसंधान नेटवर्क के अध्ययन पर था ताकि अनौपचारिक रूप से शहर से जुड़े ज्ञान को सामने लाया जा सके, साथ ही भारत की वायु गुणवत्ता के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण, ओडिशा में कोविड–19 के मद्देनजर शहर में बसी अनौपचारिक बस्तियों की स्थिति,भारत के लिए स्केलिंग सिटी संस्थान का भविष्य, महामारी और शहरी नियोजन आदि पर भी संस्थान में अनुसंधानात्मक गतिविधियाँ चल रही हैं।

सेंटर फॉर रिसर्च इन रूरल एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (सीआरआरआईडी), चंडीगढ़ ने पंजाब में मध्यम आयु वर्ग के लोगों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की व्यापकता का अध्ययन किया, साथ ही पंजाब में हिस्टेरेक्टॉमी का प्रचलन, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में नागरिकों के ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार (केएपी) का अंतरिम सर्वेक्षण, पंजाब में किसानों की आत्महत्या, बुजुर्ग विधवाओं के मुद्दे और समस्याएँ, वाघा सीमा के माध्यम से भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार प्रतिबंधों के आर्थिक प्रभाव, लाभकारी फसल संयोजन, पंजाब में घर आधारित नवजात देखभाल और युवा देखभाल योजनाओं का समवर्ती मूल्यांकन, हरियाणा में स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, पंजाब में कृषि गतिविधियों के लिए अक्षय ऊर्जा का उपयोग, भारत के प्रजनन स्वास्थ्य कार्यक्रम में महिला बांझपन की स्थिति, भारत के लाखों शहरों के लिए जनसंख्या अनुमान, औद्योगिक विकास की बाधाएं और संभावनाएं, पंजाब में प्रमुख औद्योगिक समूहों का अध्ययन, हरियाणा में सक्षम योजना में अच्छी प्रथाओं का दस्तावेजीकरण, खराब होने वाली कृषि उपज से उत्पादकों को होने वाली हानि, ग्रामीण विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की एनएलएम निगरानी, लिंग और समानता की स्थिति पर पशुधन के हस्तक्षेप का प्रभाव, पंजाब राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समस्याएं, और हरियाणा में ग्रामीण ऋण और वित्तीय पोषण की स्थिति आदि पर भी संस्थानों द्वारा शोध कार्य किया गया है। वर्ष के दौरान, केंद्र ने 22 परियोजनाएं पूर्ण कीं और नौ परियोजनाएं पूर्णता के विभिन्न चरणों में थीं। इसके अलावा, केंद्र ने तीन संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं का आयोजन किया। संकाय द्वारा विभिन्न पत्रिकाओं और संपादित पुस्तकों की श्रेणी में में तीन पुस्तकें और 19 शोध पत्र/लेख प्रकाशित किए गए। 30 शोधार्थी पीएच.डी शोध कार्य कर रहे थे।

सेंटर फॉर सोशल स्टडीज (सीएसएस), सूरत की प्रमुख अनुसंधानात्मक गतिविधियों में, भारत में बीड़ी बनाने वाली महिलाओं और उनकी वैकल्पिक आजीविका, तथा उनके सामाजिक परिवर्तन और विकास आदि पर शोध अध्ययन शामिल रहे हैं। इस अवधि के दौरान, दो परियोजनाएं पूर्ण की गईं और दो परियोजनाएं प्रगति पर थीं। संकाय सदस्यों ने विभिन्न पत्रिकाओं में आठ(8) शोध पत्र प्रकाशित किए और छह सेमिनार/सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसेज (सीएसएसएस), कोलकाता ने उपनिवेशीकरण के विषयों और विश्वविद्यालय स्तर पर इसकी उपयोगिता, हितरंजन सान्याल की तस्वीरों, बंगाल में मंदिर की वास्तुकला, जदुनाथ भवन संग्रहालय और संसाधन केंद्र, दक्षिणी पश्चिम बंगाल में पांडुलिपियों, पुस्तकों और समाचार पत्रों का डिजिटलीकरण, बर्धमान और नादिया जिलों में पांडुलिपियों और पुस्तकों का डिजिटलीकरण और संरक्षण आदि पर अपना अध्ययन केंद्रित किया। वर्ष के दौरान, तीन परियोजनाएं प्रगति पर थीं। केंद्र ने 16 शोध लेख प्रकाशित किए और 18 कार्यशालाएं/व्याख्यान/सेमिनार आयोजित किए। छह शोध अध्येताओं को पीएच.डी. उपाधि से सम्मानित किया गया, चार शोध–छात्रों ने अपनी थीसिस जमा की और 60 शोध–अध्येता पीएच.डी. कार्य को पूर्ण कर रहे थे।

सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस), दिल्ली में अनुसंधान का मुख्य केंद्र बिंदु भारतीय लोकतंत्र पर साहचर्य रहा हैः विश्वास, नाजुकता और दुविधा, भारत में अंग्रेजीः शक्ति, संस्कृति और ज्ञान का अध्ययन, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर स्थलों और अनुष्ठानों की राजनीति, आजीविका के अवसर, भविष्य की आकांक्षा और दृष्टि, दक्षिण एशिया में लोकतंत्र की स्थिति, ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड की स्थिति, बिहार विधानसभा चुनाव 2020– चुनाव पूर्व और बाद का अध्ययन, और अल्पसंख्यक और लोक–लुभावन वादे आदि पर संस्थान द्वारा अनुसंधान किये गए। वर्ष के दौरान, 12 परियोजनाएं पूर्ण की गईं और 16 अध्ययन अभी प्रगति पर थे। केंद्र ने विभिन्न पत्रिकाओं में 10 पुस्तकें/अनुसंधान रिपोर्ट और 34 शोध पत्र/लेख प्रकाशित किए। केंद्र ने 20 सेमिनार/सम्मेलन/व्याख्यान भी आयोजित किए।

सेंटर फॉर वुमन्स डेवलपमेंट स्टडीज (सीडब्ल्यूडीएस), दिल्ली ने भारत में मातृत्व देखभाल प्रावधान, भारत में चिकित्सा प्रभुत्व और स्वास्थ्य सेवा बाजार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और कोविड–19 संकट, प्रारंभिक और बाल विवाह पर ऐतिहासिक अवलोकन, सामाजिक प्रजनन के नियम, लोकतंत्र का स्वरूपः दक्षिण एशिया का तुलनात्मक अध्ययन, अनुसूचित जाति की लड़कियाँ और उच्च शिक्षा तक उनकी पहुंच, कामकाजी माताओं के बच्चों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय शिशु गृह योजना के कार्यान्वयन पर अध्ययन और भारत में श्रम बाजार का महिलाओं पर प्रभाव, स्कूल प्रबंधन समितियाँ और दिल्ली में शिक्षा नीति बनाना,एवं महिलाओं के अधिकार, सुविधा व कार्य आदि का अध्ययन केंद्र द्वारा किया गया है। इस अवधि के दौरान, नौ परियोजनाएं पूर्ण की गईं और 13 प्रगति पर थीं। संस्थान के संकाय द्वारा सात पुस्तकें/रिपोर्ट और 22 शोध पत्र/अध्याय प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और संपादित पुस्तकों में प्रकाशित किए गए। वर्ष के दौरान 11 शोध– अध्येताओं को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया और 38 शोधार्थी अपनी पीएच.डी. कार्य में शोधरत थे। केंद्र ने विभिन्न विषयों पर 14 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/ कार्यशालाओं का भी आयोजन किया।

कॉउसिल ऑफ सोशल डेवलपमेंट (सीएसडी), हैदराबाद की अनुसंधानात्मक गतिविधियों का ध्येय तेलंगाना में आकांक्षी जिलों के लिए कार्य योजना बनाना, आदिवासी कल्याण के लिए गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम, ग्रामीण रोजगार और प्रवास पर मनरेगा का प्रभाव, और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति आदि के लिए भारत में बहुआयामी गरीबी का आकलन करना रहा है। वर्ष के दौरान परिषद् ने पांच पुस्तकें/रिपोर्ट प्रकाशित की। परिषद् ने चार परियोजनाओं को पूरा किया और छह प्रगति पर थीं। वर्ष के दौरान कुल 15 सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशाला/व्याख्यान आयोजित किए गए।

गिरि इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज (जीआईडीएस), लखनऊ द्वारा किए गए शोध कार्य, राजमार्ग परियोजनाओं के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन, सार्वजनिक/औद्योगिक विकास/आवासीय परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन, उत्तर प्रदेश में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के मूल्यांकन अध्ययन पर केंद्रित थे। विभिन्न श्रेणियों के घरों में खपत, शैक्षिक और आर्थिक उपलब्धियों में अंतर, घरेलू बदलाव, यूपी के लिए इनपुट–आउटपुट ट्रांजेक्शन टेबल तैयार करना, ग्रामीण और शहरी उत्तर प्रदेश में आवासों का किराया अनुमान, उत्तर प्रदेश के सामाजिक–आर्थिक संकेतक, क्षेत्र के लिए बेंचमार्क सर्वेक्षण और बागवानी फसलों के उत्पादन अनुमान, अंतरराज्यीय व्यापार की पहचान करना, और उत्तर प्रदेश सेध्को आयात/निर्यात की जा रही वस्तुओं के मूल्य का अनुमान, किशोर लड़कियों के लिए योजना (एसएजी), उत्तर प्रदेश में शहरी असंगठित श्रम बाजार में महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली रोजगार सम्बन्धी समस्याएँ, औद्योगिक रक्षा गलियारा परियोजना के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि की स्थिति, उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों का हाशिए पर रहना और उनके बहिष्करण आदि का अध्ययन भी संस्थान द्वारा किया गया है। वर्ष के दौरान, संस्थान ने 16 परियोजनाओं को पूरा किया जबकि अन्य 7 प्रगति पर थी। संस्थान के संकाय द्वारा विभिन्न पत्रिकाओं में 18 पुस्तकें / रिपोर्ट, 20 शोध लेख / पत्र प्रकाशित किए और पुस्तक संस्करणों का संपादन किया गया। इसके अतिरिक्त, संस्थान ने 45 सेमिनार/कार्यशाला/सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए।

गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च (जीआईडीआर), अहमदाबाद में अनुसंधान का केंद्र बिंदु कच्छ जिले के तीन चिन्हित क्षेत्रों के आधारभूत सर्वेक्षण और भेद्यता मूल्यांकन अध्ययन पर रहा है। जेनेरिक एंटीरेट्रोवाइरल दवाओं (एआरवी) की आपूर्ति और पहुंच के मामले, ग्रामीण स्वच्छता, उत्तरी गुजरात में कृषि में बटाईदारी व्यवस्था, मनरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु पहल, प्रकृति कार्यशाला के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों और सामान्य प्रबंधन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन, गुजरात में विधवाओं का अध्ययन, सांख्यिकीय जीवन का मूल्य और गुजरात में विनिर्माण क्षेत्र में मजदूरी के अंतर की भरपाई आदि विषयों पर भी केंद्र द्वारा शोध–कार्य किया गया है। वर्ष के दौरान, संस्थान ने 10 अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा किया और 10 अध्ययन प्रगति पर थे। संस्थान के फैकल्टी ने विभिन्न जर्नलों में 24 शोध पत्र/लेख प्रकाशित किए, इसके अलावा तीन वर्किंग पेपर/ सामयिक पत्र भी प्रकाशित किए। संस्थान ने 45 संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशालाएं आयोजित कीं और दो शोधार्थी पीएच.डी. कार्य कर रहे थे।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (आईआईई), पुणे का शोध कार्यक्रम, महाराष्ट्र में अम्बेडकरवादी आंदोलन में कर्मकांड और तर्कसंगतता, भारत में स्कूली शिक्षा पर कोविड–19 का प्रभाव और मध्य प्रदेश में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के उल्लंघन, आदि पर केंद्रित था। वर्ष के दौरान, तीन परियोजनाएं पूरी की गईं और तीन प्रगति पर थीं। चार शोध–अध्यताओं को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया। संकाय ने विभिन्न पत्रिकाओं में दो पुस्तकें और 29 शोध पत्र/लेख प्रकाशित किए और पुस्तक खंडों का संपादन किया।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज (आईडीएस), जयपुर द्वारा किए गए शोध कार्य, कोविड–19 महामारी के बाद राजस्थान में लड़कियों की माध्यमिक शिक्षा के लिए उत्पन्न बाधाओं, स्थानीय सरकारों में क्रोनिज्म के सन्दर्भ में केरल में ग्राम पंचायत के मामलों का अध्ययन और ग्रामीण आजीविका परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन से संबंधित थे। वर्ष के दौरान, तीन परियोजनाएं पूर्ण की गईं, जबकि दो अन्य प्रगति पर थीं। संस्थान ने 14 सेमिनार/कार्यशाला/व्याख्यान आयोजित किए। संस्थान के संकाय ने सात शोध पत्र प्रकाशित किए। एक शोधार्थी को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गयी और दो शोध–अध्येता अपने पीएच.डी. कार्य में शोधरत थे।

इंस्टिट्यूट ऑफ इकॉनोमिक ग्रोथ (आईईजी), दिल्ली की अनुसंधान गतिविधियां कृषि वस्तुओं के लिए भविष्य के बाजार, सामाजिक–आर्थिक और भौगोलिक कारक, और कोविड–19 से संबंधित स्वास्थ्य परिणाम, बाजार की खामियां और कृषि लाभप्रदता, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन परियोजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन, कोविड लॉकडाउन और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक, देश में फलों और सब्जियों के लिए कोल्ड चेन की आवश्यकता और उपलब्धता, अंतरिक्ष का उपयोग करके कृषि उत्पादन का पूर्वानुमान, कृषि–मौसम विज्ञान और भूमि आधारित अवलोकन, भू–सूचना विज्ञान का उपयोग कर बागवानी मूल्यांकन और प्रबंधन, उपग्रह रिमोट सेंसिंग के साथ फसल उपज मॉडलिंग, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में मातृ और नवजात देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता, प्रसव देखभाल और बाल मृत्यु दर, आशा कार्यकर्ताओं की गतिविधियाँ, प्रोत्साहन और समय आवंटन स्वरुप, राष्ट्रीय पोषण सर्वेक्षण, लघु उद्योग और उसके समूहों पर नरेगा का प्रभाव, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, माध्यमिक शिक्षा के लिए लड़कियों को प्रोत्साहन, गैर–संक्रामक रोगों के बोझ को कम करने में स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की भूमिका, भारत में स्कूल न जाने वाली किशोरियों में पोषण की स्थिति और एनीमिया की व्यापकता, महिलाओं में एनीमिया के निर्धारक और स्वरुप, भारत में आत्महत्या की दर और 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी)' के लिए इसके निहितार्थ, और स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली का मूल्यांकन, और विकास की अवधारणा से परे सामाजिक नीति विश्लेषण आदि से संबंधित थीं। संस्थान ने 39 शोध परियोजनाएं पूरी कीं और 32 शोध परियोजनाएं प्रगति पर थीं। संस्थान ने 49 कार्यशालाओं/सेमिनारों/प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया। एक शोध–अध्येता को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गयी और 17 शोधार्थी पीएच.डी. कर रहे थे। संस्थान ने विभिन्न पत्रिकाओं और संपादित पुस्तकों की श्रेणी में दो पुस्तकें, 37 वर्किंग पेपर और 88 शोध पत्र/अध्याय प्रकाशित किए।

इंस्टिटच्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज (आईपीई), हैदराबाद ने शेयर बाजारों में मूल्य सृजन, बैंक ऋण, सूक्ष्म और वित्तीय समावेशन पर कॉर्पोरेट प्रशासन का प्रभाव, और भारतीय सूचीबद्ध फर्मों आदि में कॉर्पोरेट प्रशासन तंत्र के रूप में नीतिगत प्रकटीकरण पर अपना काम केंद्रित किया। संस्थान एमबीए (पीई) और पीजीडीसीएस जैसे पाठ्यक्रम प्रदान करता है। संस्थान ने तीन शोध परियोजनाएं पूरी कीं और सात प्रगति पर थीं। वर्ष के दौरान, विभिन्न पत्रिकाओं और संपादित पुस्तकों में आठ पुस्तकें/रिपोर्ट और 35 शोध पत्र/ अध्याय प्रकाशित किए गए। इसके अतिरिक्त, संस्थान ने 40 सेमिनार/सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन किया। वर्ष के दौरान 22 शोधार्थी पीएच.डी. शोध कार्य कर रहे थे। दो शोध–अध्येताओं ने अपनी थीसिस जमा की और पांच शोधार्थी को डिग्री प्रदान की गई।

द इंस्टिटच्यूट ऑफ सोशल एंड इकनोमिक चेंज (आईएसईसी), बेंगलुरु ने कृषि आधारित दृष्टिकोण, वैश्विक खाद्य श्रृंखलाओं के मूल्यांकन, कर्नाटक में स्वच्छ भारत मिशन, फसलों और सीमान्त क्षेत्र के वनस्पति की संरचनात्मक और कार्यात्मक विशेषताओं का आकलन करने के लिए वायु और अंतरिक्ष–जनित स्पेक्ट्रोस्कोपी और लेजर स्कैनिंग को एकीकृत करना, कर्नाटक में स्केलिंग–अप अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम, भारत के बदलते शहर और उनमें हो रहे कार्य, प्रवास और आजीविका, मसाला विपणन, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं और मानव कल्याण, भारतीय शहरी श्रम बाजार में जातिगत भेदभाव को समझना, सरकारी स्कूलों में बच्चों के बीच नेतृत्व कौशल, शहरी विकास का संसाधन क्षरण पर प्रभाव और पर्यावरण पर इसका प्रभाव, भारत में किशोर/बाल विवाह, लॉकडाउन संकट और सरकार की प्रतिक्रिया, कृषि ऋण में ब्याज सबवेंशन, नागरिक समाज आंदोलनों का मानचित्रण, तपेदिक की व्यापकता, बच्चों का प्रवास और भारत में उनके बूढ़े माता–पिता का स्वास्थ्य, भारत में युवा महिलाओं के बीच गर्भनिरोधक का उपयोग, और भारत में महिलाओं में उच्च रक्तचाप और मधुमेह आदि विषयों पर अपने शोध गतिविधियों को केंद्रित किया। वर्ष के दौरान, 25 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी की गईं और 60 पूर्णता के विभिन्न चरणों में थीं। संस्थान ने विभिन्न पत्रिकाओं में 38 पुस्तकें/रिपोर्ट, 69 शोध पत्र/लेख प्रकाशित किए और 42 आधार/सामयिक पत्र प्रकाशित किए। संस्थान के सदस्यों ने 17 संगोष्ठियों/कार्यशालाओं का आयोजन किया। इसके अलावा, 10 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित

किया गया, 15 शोध–छात्रों ने अपने शोध प्रस्तुत किए और 94 शोधार्थी अपने शोध कार्य में लगे हुए थे।

इंस्टिट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट (आईएसआईडी), नई दिल्ली में शोध का प्रमुख क्षेत्र भारत में एमएसएमई के मजबूत विकास के लिए धन के प्रवाह की गंभीरता की आवश्यकता, औद्योगिक व्यापार और निवेश नीतियों, परिवर्तित व्यापार समूह रणनीतियों को समझने का रहा है। इसके अलावा विलय और अधिग्रहण को समझना, और वैश्विक मूल्य श्रृंखला जुड़ाव और औद्योगिक पुनर्गठन के अलावा भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग आदि के अध्ययन भी शोध के प्रमुख क्षेत्र हैं। इस अवधि के दौरान, चार शोध परियोजनाएं पूरी की गईं और चार का कार्य प्रगति पर है। संस्थान ने एक रिपोर्ट और 33 शोध पत्र/लेख विभिन्न पत्रिकाओं एवं संपादित पुस्तकों में प्रकाशित किए, इसके अलावा 63 कार्य/सामयिक पत्र भी प्रकाशित किए गए। संस्थान ने पांच संगोष्ठियों/कार्यशालाओं का आयोजन किया।

एम.पी. इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (एम.पी.आई.एस.एस.आर.), उज्जैन (म.प्र.) ने मध्य प्रदेश राज्य में वंचितों की खाद्य सुरक्षा और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन पर विशेष जोर देते हुए सामाजिक विज्ञान में अंतःविषय अध्ययन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और चाइल्ड लाइन परियोजना आदि के कार्यान्वयन से सम्बंधित अनुसंधान कार्य किया। वर्ष के दौरान, संस्थान ने तीन परियोजनाओं को पूरा किया और अन्य छह पूर्णता के विभिन्न चरणों में थी। संकाय ने विभिन्न पत्रिकाओं में पांच शोध पत्र/लेख प्रकाशित किए। संस्थान ने आठ सेमिनार/व्याख्यान आयोजित किए। पांच शोध–अध्येता को पीएच.डी. उपाधि से सम्मानित किया गया, और एक शोध–छात्र ने अपनी थीसिस जमा की है।

मद्रास इंस्टीटच्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज (एमआईडीएस), चेन्नई ने ग्रामीण आजीविका कार्यक्रमों, संरचनात्मक परिवर्तन, क्षेत्रीय असमानता और कृषि में संस्थागत सुधारों पर अपने शोध अध्ययन को केंद्रित किया। तमिलनाडु कोविड–19 पल्स सर्वे 1, 2 और 3, किफायती आवास नीतियां, तमिलनाडु में भेद्यता और सामाजिक सुरक्षा का मानचित्रण, गरीबी की वास्तविक (अंदर और बाह्य) स्थितियों की जानकारी हेतु एजेंसी के सन्दर्भ में संबंधपरक दृष्टिकोण और शहरी उत्थान के लिए सीमा विस्तार और मध्यस्थता आदि पर भी संस्थान में अनुसंधानात्मक गतिविधियाँ चल रही हैं। वर्ष के दौरान, सात शोध परियोजनाएं पूरी की गईं और 13 प्रगति पर थीं। संस्थान ने चार पुस्तकें/ रिपोर्ट, 36 शोध पत्र / लेख प्रकाशित किए और 21 वर्किंग पेपर प्रकाशित किए। संस्थान ने वर्ष के दौरान चार सेमिनार/ सम्मेलन/ कार्यशालाएं भी आयोजित कीं। दो शोध–अध्येताओं को पीएच.डी. डिग्री प्रदान की गयी, तीन शोधार्थियों ने अपनी पीएच.डी. थीसिस जमा की और 33 शोध–छात्र पीएच.डी. के तहत अपना शोध कार्य कर रहे थे।

नबकृष्ण चौधरी सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज (एनकेसीसीडीएस), भुवनेश्वर के अनुसंधान गतिविधियों का प्रमुख केंद्र, ओडिशा के सूखा प्रभावित जिलों में आजीविका सुरक्षा प्रदान करने और प्रवास के संकट को रोकने के लिए मनरेगा के कार्यान्वयन पर रहा है। साथ ही तकनीकी गुणवत्ता और ओडिशा में मनरेगा के तहत जल संरक्षण और जल निकायों के कायाकल्प को लेकर अध्ययन, ओडिशा राज्य में बीजू कंधमाल ओ 'गजपति योजना (बीकेजीवाई) के मूल्यांकन सम्बन्धी अध्ययन, उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण, ओडिशा के आदिवासी क्षेत्रों में एकीकृत खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम और ओडिशा के आदिवासी क्षेत्रों में बाजरा को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आदिको लेकर भी संस्थान द्वारा अनुसंधान किये गए हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, केंद्र ने आठ अनुसंधान परियोजनाएं पूरी कीं, जबकि अन्य 15 प्रगति पर थीं। संकाय ने विभिन्न पत्रिकाओं में 10 लेख/शोध पत्र, 13 मोनोग्राफ भी प्रकाशित किए और दो सम्मेलनों/सेमिनार/कार्यशालाओं का आयोजन किया। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, 17 पीएच.डी. शोध–छात्र अपना शोध कार्य कर रहे थे।

ओमियो कुमार दास इंस्टीटच्यूट ऑफ सोशल चेंज एंड डेवलपमेंट (ओ.के.डी.आई.एस.सी.डी), गुवाहाटी ने कोविड–19 महामारी की पृष्ठभूमि में असम की अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव, असम के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य और संभावनाएं, भारत के उत्तर पूर्व में जातीय पहचान, क्षेत्रवाद और गठबंधन की राजनीति, पूर्वोत्तर भारत में आजीविका के सन्दर्भ में संसाधनों और विनियम, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रवास के कारण और परिणाम, तथा सीएसआर द्वारा किये गए प्रयासों का मूल्यांकन आदि पर अपने अनुसंधान कार्य को केंद्रित किया। इस समयावधि में संस्थान ने छह शोध परियोजनाएं पूरी कीं और 19 परियोजनाएं प्रगति पर थीं। संकाय ने दस शोध पत्र और तीन पुस्तकें/रिपोर्ट प्रकाशित की। साथ ही, संस्थान ने पांच सेमिनार/ कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, दस पीएच.डी. शोध–अध्येता अपना शोध कार्य कर रहे थे।

वर्ष के दौरान **सरदार पटेल इंस्टिट्यूट ऑफ इकनोमिक एंड सोशल रिसर्च (एस.पी.आई.ई.एस. आर), अहमदाबाद** द्वारा समायोजित किए गए प्रमुख अनुसंधान क्षेत्र रहे हैंः डिजिटल कनेक्टिविटी और ग्रामीण विकास, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की राष्ट्रीय स्तर की निगरानी, ग्रामीण सशक्तिकरण पर स्वयं सहायता समूहों की प्रभावशीलता और भारत के महानगरों में यात्री परिवहन आदि। प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, चार शोध परियोजनाएं पूरी की गईं। संस्थान ने विभिन्न पत्रिकाओं/संपादित पुस्तकों में 13 शोध लेख प्रकाशित किए और एक संगोष्ठी का आयोजन किया। वर्ष के दौरान एक शोध–छात्र को पीएच.डी. डिग्री प्रदान की गयी और दो शोध–छात्र पीएच.डी कर रहे थे।

2020–21 के दौरान उपर्युक्त अनुसंधान संस्थानों की प्रमुख गतिविधियों का विवरण परिशिष्ट–10 में दिया गया है।

तालिका 6.1
भा.सा.वि.अ.प. के अनुसंधान संस्थानों का अनुसंधान आउटपुट
वर्ष 2020–2021 के दौरान

क्र. सं.	शोध संस्थान का नाम	परियोजनाएं पूर्ण	परियोजनाएं जारी	पीएच.डी. डिग्री से सम्मानित	शोध पत्र प्रस्तुत किए	पीएच.डी. शोध पत्र जारी	प्रकाशित पुस्तक/रिपोर्ट	प्रकाशित शोध पत्र/लेख	मोनोग्राफ्स/मीमियोग्राफ्स	वर्किंग/समसामयिक पेपर्स/रिपोर्ट	संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशालाएँ	कर्मचारियों की संख्या	कर्मचारियों की संख्या (गैर संकाय)
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**	**11**	**12**	**13**	**14**
1.	आई.एस.ई.सी, बेंगलुरु	25	60	10	15	94	38	69	–	42	17	17	50
2.	सी.डी.एस, तिरुवनतपुरम	9	7	1	3	39	21	97	44	17	53	20	29
3.	सी.एस.एस.एस, कोलकाता	–	3	6	4	60	1	16	1	–	18	23	28
4.	ए.एन.एस.आई.एस.एस, पटना	25	11	2	2	2	1	15	1	1	4	16	14
5.	आई.पी.ई, हैदराबाद	3	7	5	2	22	8	35	–	1	40	57	50
6.	आई.ई.जी, दिल्ली	39	32	1	–	17	2	88	–	37	49	50	87
7.	सी.एस.डी.एस, दिल्ली	12	16	–	–	–	10	34	–	4	20	17	21
8.	सी.एस.एस, सूरत	2	2	–	–	3	2	8	–	4	2	5	13
9.	एम.आई. डी.एस, चेन्नई	7	13	2	3	33	4	36	–	21	4	15	22
10.	आई.आई.ई, पुणे	3	3	4	6	12	2	29	–	1	1	6	10
11.	जी.आई.डी.एस, लखनऊ	16	7	–	–	3	18	20	–	3	45	11	25
12.	सी.पी.आर, नई दिल्ली	5	16	–	–	–	2	36	–	54	70	30	85
13.	एस.पी.आई.ई.एस.आर., अहमदाबाद	4	–	1	1	2	–	13	–	1	1	8	14
14.	सी.एस.डी, हैदराबाद	4	6	–	–	–	5	21	–	–	15	7	8
